www.epaper.azadsipahi.in
27 दिसंबर, 2024
पौष, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 69

BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

- रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर रघुवर दास के स्वागत के लिए कार्यकर्ताओं का उमड़ा सैलाब
- कम पड़ गयी थी एयरपोर्ट परिसर की जगह, हर तरफ गूंज रहे थे रघुवर दास जिंदाबाद के नारे
- विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली करारी हार के गम में डूबे कार्यकर्ताओं के बीच नयी ऊर्जा का हुआ संचार

### रघुवर दास ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के प्रति जयाता आभार, कहा

## 14 माह बाद अपनी जन्म और कर्म भूमि वापस आने का मौका मिला

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर/रांची।** ओड़िशा के पूर्व राज्यपाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा है कि महाप्रभु जगन्नाथ की इच्छा और हमारी राष्ट्रपति द्रोपदी मूर्म जी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और गृह मंत्री अमित शाह जी के कारण मुझे 14 महीने ओड़िशा की जनता की सेवा करने का मौका मिला। प्रभु जगन्नाथ की कृपा से अपनी जन्म भूमि और कर्म भूमि पर मैं फिर वापस आया हूं। इसके लिए मैं राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और गृह मंत्री का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं। रघुवर दास गुरुवार शाम रांची हवाई अड्डे पर मीडिया से बात कर रहे थे। इससे पहले उन्हें भुवनेश्वर में राजभवन में गार्ड ऑनर के साथ विदायी दी गयी। रघुवर की वापसी ने भाजपा कार्यकर्ताओं में विधानसभा चुनाव की हार के गम को कम किया है। उनके स्वागत के लिए हवाई अड्डे पर कार्यकर्ताओं का हुजूम जुटा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़े, फूल-माला से रघुवर का भव्य स्वागत किया। चर्चा जानकारी के मुताबिक वह नये साल में भाजपा सदस्यता ग्रहण करेंगे। रघुवर दास के सक्रिय राजनीति में लौटने के कयास के बीच भाजपा कार्यकर्ताओं में एक नयी ऊर्जा का संचार हुआ है।

**मेरी भूमिका पार्टी तय करेगी:** भूवनेश्वर से विदा होने से पहले गुरुवार को रधुवर दास ने मीडिया से भी बातचीत की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक महान पार्टी है। इस पार्टी में कोई भी समर्पित कार्यकर्ता सामान्य कार्यकर्ता से पार्टी के शीर्ष तक पहुंच सकता है। इस पार्टी में सभी को जनता की सेवा करने का अवसर मिलता है, ताकि वह शीर्ष तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि मेरी आगे की भूमिका पार्टी तय करेगी। मैं भाजपा का एक सामान्य कार्यकर्ता हूं। पार्टी जो भी जिम्मेदारी देगी, उसका निर्वहन करूंगा। रधुवर ने कहा कि महाप्रभु जगन्नाथ की धरती ओड़िशा में साढ़े 14 महीने तक रहने का मौका मिला। ओड़िशा के लोगों का जो प्यार मुझे मिला, वह मेरे जीवन के अविस्मरणीय क्षण हैं। मेरी प्रभु जगन्नाथ से प्रार्थना है कि ओड़िशा की धरती जब शताब्दी वर्ष मनायें, तब तक यह विकसित राज्य बन जाये। रघुवर दास ने कहा कि राज्यपाल को लाट साहब कहा जाता है। अंग्रेजों के जमाने में लाट साहब की पदवी थी। आजाद भारत में राज्यपाल लाट साहब नहीं होता। वह भी जनता का प्रतिनिधि होता है। जनता के सुख-दुख को सुनना और उनकी समस्याओं का समाधान करना उसकी जिम्मेदारी होती है। इसे मैंने समझा और सभी 30 जिलों में घूमकर लोगों से मिलकर उनकी दिक्कतों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान मुझे जनता का भरपूर प्यार मिला। कहा कि 14 महीने मेरे जीवन में अविस्मरणीय रहेगा।



### रांची हवाई अड्डे पर ढोल-नगाड़ा से स्वागत


ओड़िशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास गुरुवार शाम को रांची पहुंचे। रांची हवाई अड्डे पर भाजपा के बड़े नेताओं और कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। नेताओं और कार्यकताओं ने उन्हें माला पहनाकर और ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया। भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। जमशेदपुर से भी भाजपाइयों की भारी उनके स्वागत को पहुंची थी। वहीं, एचइसी स्थित उनके सरकारी आवास पर भी समर्थकों का तांता लगा हुआ था। देर रात तक समर्थक वहां पहुंच रहे थे। ढोल-नगाड़े बजाकर और पटाखे फोड़ कर समर्थकों ने खुशी जाहिर की। राज्यपाल पद से इस्तीफा देने के बाद वे फिर से भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले हैं। ऐसा कयास लगाया जा रहा है कि उन्हें पार्टी में बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है।

### आदिवासी समुदाय के एक हजार बच्चों को दिखाया ओड़िशा का राजभवन

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। अपनी विदाई से पहले ओड़िशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास ने गुरुवार को आदिवासी समुदाय के एक हजार बच्चों को राजभवन घुमाया और दिखाया। रघुवर दास ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि गुरुवार को केआइआइटी और केआइएसएस के लगभग 1000 बच्चों ने राजभवन का दौरा किया। ये सभी बच्चे झारखंड के आदिवासी समुदाय के हैं। मैंने इन बच्चों से राजभवन दिखाने का वादा किया था, इसी क्रम में ये राजभवन के भ्रमण पर आये।आगे बढ़ने के लिए बड़े सपने देखना जरूरी है। रघुवर दास ने बच्चों से कहा कि आगे बढ़ने के लिए बड़े सपने देखना जरूरी है। आप अपना लक्ष्य निर्धारित करें। उस दिशा में आगे बढ़ने और उसे हासिल करने के लिए प्रयत्न करें। समर्पित प्रयास ही सफलता की एकमात्र कुंजी है। मैं आप सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं।

## पूर्व पीएम मनमोहन सिंह का निधन

- 92 साल की उम्र में दिल्ली के एम्स में आखिरी सांस ली
- राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे कर्नाटक से दिल्ली पहुंचे



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह का 92 साल की उम्र में गुरुवार रात निधन हो गया। उन्हें बेहोश होने के बाद शाम 8:06 बजे दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया था। रात 9:51 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। मनमोहन सिंह दो बार देश के प्रधानमंत्री रहे। वे लंबे समय से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना कर रहे थे। इससे पहले भी उन्हें कई बार स्वास्थ्य कारणों से अस्पताल में भर्ती कराया जा चुका था। डॉ मनमोहन सिंह के निधन की खबर सामने आने के बाद पूरे देश में शोक की लहर फैल गयी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह समेत तमाम नेताओं ने शोक व्यक्त किया है।

उधर, एम्स के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सेमत अन्य नेता एम्स पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मनमोहन सिंह के परिवार से बात की। इस बीच, कर्नाटक के बेलगावी में चल रही कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक रद्द कर दी गयी है। राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे बेलगावी से दिल्ली पहुंच गये हैं।

डॉ मनमोहन सिंह अविभाजित भारत के पंजाब के गाह गांव में पैदा हुए थे। उनको भारत की अर्थव्यवस्था में उदारीकरण लाने का श्रेय दिया जाता है। वे पीवी नरसिम्हा राव सरकार (1991-96) में वित्त मंत्री रहे थे। पूर्व पीएम राजीव गांधी की सरकार में वह 1985 से 1987 तक भारतीय योजना आयोग के प्रमुख के पद पर भी रहे। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के साथ भी काम किया। इसके अलावा वह 1982 से 1985 तक भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) के गवर्नर भी रहे। इस दौरान उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र में कई सुधार किये, जिसके लिए उन्हें आज भी याद किया जाता है।

### हमारी आर्थिक नीति पर एक मजबूत छाप छोड़ी : नरेंद्र मोदी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि भारत अपने सबसे प्रतिष्ठित नेताओं में से एक डॉ. मनमोहन सिंह जी के निधन पर शोक मनाता है। साधारण परिवार से उठकर वह एक प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री बने। उन्होंने वित्त मंत्री सहित विभिन्न सरकारी पदों पर कार्य किया और वर्षों तक हमारी आर्थिक नीति पर एक मजबूत छाप छोड़ी। संसद में उनका हस्तक्षेप भी व्यावहारिक था। हमारे प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए व्यापक प्रयास किये। मनमोहन सिंह जी और मैं उस समय नियमित रूप से बातचीत करते थे जब वे प्रधानमंत्री थे और मैं गुजरात का मुख्यमंत्री था, हम शासन से संबंधित विभिन्न विषयों पर गहन विचार-विमर्श करते थे। उनकी बुद्धिमत्ता और विनम्रता हमेशा देखने को मिलती थी। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं डॉ. मनमोहन सिंह जी के परिवार, उनके मित्रों और असंख्य प्रशंसकों के साथ हैं। ओम शांति.।

### आदर्श और विचार हमें हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे: हेमंत सोरेन



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री और विश्वविख्यात अर्थशास्त्री आदरणीय श्री मनमोहन सिंह जी के निधन का समाचार अत्यंत दुखदायी है। विकासशील राजनीति और गवर्नेंस के पुरोधा आदरणीय मनमोहन सिंह जी ने निःस्वार्थ भाव के साथ देश और देशवासियों की सेवा में अपना पूरा जीवन लगा दिया था। आज मनमोहन सिंह जी हमारे बीच नहीं हैं, मगर उनके आदर्श और विचार हमें हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे। मरांग बुरु दिवगंत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार समेत देशवासियों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति और साहस दे।

## अंतिम इच्छा यही है कि मेरी अस्थि भी अगर जाये, तो भाजपा के झंडे में लिपटी जाये: रघुवर दास

रांची। 26 दिसंबर को जैसे ही रघुवर दास ने झारखंड की धरती पर कदम रखा, एक अलग किस्म की ऊर्जा भाजपा के लोगों में दिखी। एयरपोर्ट पर जिस प्रकार से मीडिया और भाजपा के कार्यकर्ताओं का जमावड़ा उमड़ा था, ऐसा लग रहा था कि झारखंड में किसी जमीनी नेता की एंट्री हो चुकी है। रघुवर दास की भी ऊर्जा देखने लायक थी। यह ऊर्जा वही महसूस कर सकता है, जिसे अपनी माटी का महत्व पता है। आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और ओड़िशा के निवर्तमान राज्यपाल रघुवर दास से खास बातचीत की। राकेश सिंह ने जानना चाहा कि आगे की उनकी राजनीति किस दिशा में जानेवाली है। इसका खुल कर जवाब दिया रघुवर दास ने। प्रस्तुत है बातचीत के अंश।

**सवाल: आपकी वापसी फिर से सक्रिय राजनीति में होनेवाली है। झारखंड मंच रहेगा या केंद्र?**

**जवाब:** देखिए महाप्रभु जगन्नाथ की कृपा थी कि मुझे करीब 14 महीने ओड़िशा की पावन धरती में जनता की सेवा करने का मौका मिला। फिर महाप्रभु जगन्नाथ का आदेश हुआ कि आप जाइये, तो मैं आ गया। देखिये मेरी भूमिका मैं खुद तय नहीं करूंगा, मेरी भूमिका पार्टी तय करेगी। भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है, जहां एक-एक कार्यकर्ता की भूमिका पार्टी तय करती है और जो भी भूमिका तय होगी, पार्टी के कार्यकर्ता उस दिशा में काम करते हैं। लेकिन इतना तो सत्य है कि मैं कार्यकर्ता बनूंगा बीजेपी का और कल ही हम लोगों ने श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती मनायी। सुशासन दिवस शताब्दी वर्ष। उन्होंने एक बार कहा था कि कार्यकर्ता का पद एक ऐसा पद है, जो कोई छीन नहीं सकता। तो मेरी भूमिका पार्टी तय करेगी। एक कार्यकर्ता की भूमिका में ही रह कर मैं जनता की और पार्टी की सेवा करता रहूंगा।

### आजाद सिपाही के साथ खास बातचीत



**सवाल: आपने कहा कि मेरी वापसी मेरी जन्मभूमि मेरी कर्म भूमि में हो रही है तो क्या यह समझा जाये कि आप झारखंड की कमान फिर से संभालने वाले हैं?**

**जवाब:** नहीं देखिये, कुछ दिन मैंने मेरी कर्म भूमि ओड़िशा थी। मुझे खुशी है कि मैं अपनी जन्म भूमि और कर्मभूमि में फिर वापस आया हूं। मेरी राजनीति में कभी कोई महत्वाकांक्षा नहीं रही। 1980 में मैंने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की और 6 अप्रैल 1980 को भाजपा का अधिवेशन हुआ। उस अधिवेशन में हमारे संस्थापक अध्यक्ष श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी और उस समय विशेष अतिथि के रूप में पूर्व शिक्षा मंत्री एमसी छागला जी उपस्थित थे। वे उस समय देश की चोटी के नेताओं में भी थे। उस पहला अधिवेशन में हमने भी भाग लिया था। एक बूथ अध्यक्ष का सफर तय करते-करते दो दो बार मंडल अध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष, जिला महामंत्री और 1995 के बाद जनप्रतिनिधि का दायित्व निभाते हुए मंत्री संत्री मुख्यमंत्री बना। इसमें सबसे खास बात यह रही कि हमने कभी पार्टी से पद नहीं मांगा। पार्टी ने महसूस की, तो पार्टी ने जिम्मेदारी दी, इसलिए मैं आज की डेट में बता रहा हूं चाहे कल की डेट में भी मेरी कोई महत्वकांक्षा नहीं है। पार्टी ने मुझे बहुत कुछ दिया। मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि एक गरीब, मजदूर परिवार में जन्मे मजदूर एमएलए बनेगा। मैं तो महामहिम जैसे संवैधानिक पद तक पहुंच गया।

(शेष पेज 04 पर)

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

### मुख्यमंत्री ने राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर अधिकारियों के साथ की उच्च स्तरीय बैठक

## रांची के री-डेवलपमेंट प्लान और यातायात व्यवस्था को लेकर दिये निर्देश

- राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल तथा जिला अस्पतालों का हेल्थ सर्किट बनाने का निर्देश
- जिला अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवा और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के बेहतर संचालन की दिशा में ठोस कदम उठायें
- अस्पतालों के बेहतर प्रबंधन के लिए प्रोफेशनल्स की सेवा लेने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग आगे बढ़े
- राज्य में ही लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध
- रांची शहर को सुंदर और स्मार्ट बनायेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल तथा जिला अस्पतालों का हेल्थ सर्किट बनाया जाये, ताकि जरूरत के हिसाब से मरीजों को एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल में शिफ्ट किया जा सके। इससे किसी एक अस्पताल पर मरीजों का ज्यादा दबाव नहीं पड़ेगा। इसके लिए जरूरी है कि सभी अस्पतालों में इलाज की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। मुख्यमंत्री गुरुवार को स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोगों को राज्य में ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने राजधानी रांची के री-डेवलपमेंट प्लान तथा यातायात व्यवस्था को लेकर भी संबंधित अधिकारियों के साथ अहम बैठक की।

(शेष पेज 04 पर)




अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

### सभी अस्पताल 24 घंटे फंक्शनल होने चाहिए

मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य के सभी सरकारी अस्पताल 24 घंटे फंक्शनल होने चाहिए। इस दिशा में चिकित्सक और पैरामेडिकल कर्मी अस्पतालों में हमेशा उपलब्ध होने चाहिए, ताकि मरीज कभी भी आयें तो उनका इलाज सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और जिला अस्पतालों को और बेहतर तथा अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में पहल करने का भी निर्देश दिया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 71,900 रु./10 ग्राम
चांदी 91,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 27 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in


# 2024 में झारखंड: सियासत की पिच पर हेमंत की धमाकेदार बल्लेबाजी

## ■ विपक्ष के किसी भी बाउंसर को डक नहीं किया, हर गेंद को बाउंड्री पार पहुंचाया

## ■ गठबंधन के कप्तान के रूप में किया शानदार प्रदर्शन, विपक्ष को कर दिया क्लीन बोल्ड

## ■ कल्पना सोरेन के रूप में मजबूत जोड़ीदार के साथ दे दिया हर रणनीति का मुंहतोड़ जवाब

**आजाद सिपाही विशेष**

**झारखंड की राजनीति के लिए साल 2024 बेहद उथल-पुथल वाला रहा। जनवरी से लेकर दिसंबर तक कोई भी महीना ऐसा नहीं रहा, जब झारखंड की सियासत में नया रंग नहीं आया। लेकिन इन तमाम सियासी घटनाओं और उथल-पुथल के केंद्र में केवल एक ही व्यक्ति रहा और उसका नाम है हेमंत सोरेन। इस साल हेमंत सोरेन ने झारखंड की सियासी पिच पर ऐसी धुआंधार बैटिंग की कि विपक्षी टीम पूरी ताकत लगाने के बावजूद उनसे पार नहीं पा सकी। हेमंत सोरेन की इस बैटिंग की सबसे खास बात यह रही कि उन्होंने किसी भी बाउंसर को डक नहीं किया, बल्कि हुक कर बाउंड्री के पार पहुंचाया। इतना ही नहीं, हेमंत सोरेन ने अकेले दम पर अपनी टीम को न केवल शानदार जीत दिलायी, बल्कि विपक्षी टीम को मुकाबले के हर क्षेत्र में जबरदस्त ढंग से पराजित किया। हेमंत सोरेन को कल्पना सोरेन के रूप में ऐसा जोड़ीदार मिला, जिसने न केवल सियासत के पथरीले रास्ते पर बेधड़क अपनी पारी जारी रखी, बल्कि हेमंत के रिटायर्ड हर्ट होने के दौरान दोनों छोर से अकेले मोर्चा को संभाला। घोटाले का आरोप, गिरफ्तारी, जेल में बिताये पांच महीने, परिवार और पार्टी को तोड़े जाने के बावजूद हेमंत सोरेन ने कभी झुकना स्वीकार नहीं किया। लोग डायलाग भी मारने लगे थे कि हेमंत झुकेगा नहीं। हेमंत सोरेन ने अकेले दम पर पूरी टीम को अपराजेय बना कर दिखा दिया कि झारखंड की राजनीति के वह सबसे चतुर और काबिल खिलाड़ी हैं। ममता बनर्जी के बाद हेमंत सोरेन विपक्ष के दूसरे ऐसे नेता हैं, जिन्होंने लगातार दूसरी बार सत्ता संभाली है। कैसा रहा झारखंड की सियासत के लिए साल 2024 और कैसे हेमंत सोरेन ने इस साल को अपने नाम किया, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

साल 2024 **झारखंड की राजनीति** के लिए काफी उथल-पुथल वाला रहा। इस साल तीन बार मुख्यमंत्री पद के लिए शपथ ग्रहण हुआ, वहीं 31 जनवरी का दिन भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए यादगार बन गया। पहली बार किसी केंद्रीय जांच एजेंसी ने किसी मुख्यमंत्री को पद पर रहते हुए गिरफ्तार करने का फैसला लिया। आनन-फानन में हेमंत सोरेन को अपने पद से त्यागपत्र देना पड़ा। वहीं 2024 का साल बीजेपी के लिए निराशाजनक रहा। बीजेपी को लोकसभा चुनाव में अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी, जबकि विधानसभा चुनाव में भी उसे पराजय का सामना करना पड़ा।

इस पूरे साल झारखंड की राजनीति में यदि किसी एक शख्सियत का चौतरफा असर रहा, तो वह हैं हेमंत सोरेन, जिन्होंने झारखंड की सियासी पिच पर ऐसी धुआंधार बैटिंग की कि उन पर किया जाने वाला हर प्रहार उनके लिए वरदान बनता चला गया।

### जनवरी: आरोपों में घिरते गये हेमंत

साल की शुरूआत से ही हेमंत सोरेन आरोपों में घिरते गये। 2023 में पत्थर खदान लीज के मामले में आरोपों से बाहर निकलने के बाद उनके खिलाफ जमीन घोटाले के आरोप लगने लगे। साल 2024 के पहले महीने के आखिरी दिन, यानी 31 जनवरी की रात को हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी वाले दिन सुबह से ही राजधानी रांची में चहल-पहल थी। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह और 27 जनवरी को राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद हेमंत सोरेन दिल्ली चले गये। लेकिन 28-29 जनवरी को कथित तौर पर लापता रहने वाले हेमंत सोरेन को इडी, दिल्ली पुलिस और अन्य जांच एजेंसियां ढूंढ़ती रही। लेकिन वह 30 जनवरी को रांची में इंडी गठबंधन के विधायकों के साथ बैठक में सार्वजनिक मंच पर दिखे। इससे पहले 29 जनवरी को इडी ने दिल्ली के शांति निकेतन स्थित उनके आवास, झारखंड भवन और सांसद शिबू सोरेन के आवास पर छापेमारी की, लेकिन हेमंत सोरेन नहीं मिले। इडी की ओर से छापेमारी के दौरान शांति निकेतन से बड़ी संख्या में दस्तावेज और डिजिटल डिवाइस जब्त किये जाने और एक बीएमडब्ल्यू कार मिलने की खबर फैली। हालांकि बाद में ये सारी सूचनाएं गलत साबित हुईं। इस दौरान यह भी बताया गया था कि 29 जनवरी को ही हेमंत सोरेन के दोपहर में रांची लौटने का कार्यक्रम था। उनका चार्टर्ड प्लेन दिल्ली एयरपोर्ट पर मौजूद भी था। लेकिन हेमंत सोरेन को इडी की टीम खोज नहीं पायी। 29 जनवरी को इडी की टीम हेमंत सोरेन को खोजती रही, लेकिन 30 जनवरी को सूचना मिली कि हेमंत सोरेन रांची पहुंच गये हैं। उसी दिन हेमंत सोरेन ने रांची में इंडी गठबंधन के विधायकों के साथ बैठक की। अपनी संभावित गिरफ्तारी को देखते हुए हेमंत सोरेन ने बैठक में उपस्थित सभी विधायकों से समर्थन पत्र पर हस्ताक्षर करा कर रख लिया। उस दिन दोपहर में हेमंत सोरेन जनता के सामने भी आये। हेमंत सोरेन ने गठबंधन के विधायकों के साथ उस दिन दो महत्वपूर्ण बैठक की। पहली बैठक में पत्नी कल्पना सोरेन भी साथ थीं। सत्तापक्ष के सभी विधायकों ने अंतिम निर्णय लेने के लिए हेमंत सोरेन को अधिकृत कर दिया। वहीं एक अन्य समर्थन पत्र पर भी सभी विधायकों ने हस्ताक्षर कर दिया। लेकिन उस समर्थन पत्र में नेता पद के स्थान को खाली रखा गया था।




### 31 जनवरी को हेमंत सोरेन गिरफ्तार हुए

31 जनवरी को रांची स्थित सीएम आवास में सुबह से ही गहमागहमी का माहौल था। हेमंत सोरेन ने सुबह में सत्तापक्ष के सभी विधायकों के साथ बैठक की। इस बैठक में सभी मंत्री और गठबंधन में शामिल दलों के वरिष्ठ नेता भी पहुंचे। वहीं दोपहर एक बजकर 18 मिनट पर इडी के अधिकारियों की टीम सीएम आवास पहुंची। करीब सात घंटे से अधिक समय तक इडी के अधिकारी हेमंत सोरेन से पूछताछ करते रहे। रात साढ़े आठ बजे हेमंत सोरेन अपने आवास से राजभवन के लिए निकले। पांच मिनट बाद हेमंत सोरेन राजभवन पहुंचे और अपना त्यागपत्र राज्यपाल को सौंप दिया। इसके बाद चंपाई सोरेन के नेतृत्व में गठबंधन के नेता राजभवन पहुंचे और नयी सरकार बनाने का दावा पेश किया। इडी के अधिकारी राजभवन से ही हेमंत सोरेन को साथ लेकर एयरपोर्ट रोड स्थित जोनल ऑफिस पहुंचे, जहां मेडिकल टीम ने हेमंत सोरेन के स्वास्थ्य की जांच की। इसके साथ ही हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी का औपचारिक एलान कर दिया गया। रात 10.05 बजे हेमंत सोरेन से मिलने कल्पना सोरेन इडी ऑफिस पहुंचीं। कुछ देर मुलाकात के बाद कल्पना सोरेन वापस लौट गयीं। हेमंत सोरेन को रिमांड पर लेकर 14 दिनों तक इडी अधिकारियों ने जमीन घोटाले मामले में पूछताछ की। फिर उन्हें बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल भेज दिया गया।

### मार्च की शुरुआत में कल्पना सोरेन आयीं मैदान में

हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद कल्पना सोरेन के सामने बड़ी चुनौती थी। उन्हें एक तरफ अपने परिवार को देखना था, तो दूसरी तरफ पार्टी को भी संबल देना था। ऐसे में चार मार्च को कल्पना सोरेन ने राजनीति के मैदान में उतरने का फैसला किया और गिरिडीह में पहली बार किसी राजनीतिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मंच पर बहे उनके आंसुओं के सैलाब ने झारखंड में सियासी तूफान खड़ा कर दिया, जिसका असर दो महीने बाद हुए लोकसभा चुनाव और फिर नवंबर में विधानसभा चुनाव में देखने को मिला। शिबू सोरेन का परिवार बिखर रहा था, क्योंकि उनकी बड़ी बहू सीता सोरेन बगावत पर उतर गयी थीं। बाद में उन्होंने झामुमो छोड़ कर भाजपा का दामन थाम लिया। लोकसभा चुनाव सिर पर था, तो पार्टी हेमंत सोरेन की अनुपस्थिति में हताश दिख रही थी। कल्पना सोरेन ने अकेले दम पर पार्टी को संभाला और परिवार को भी। उन्होंने हेमंत सोरेन की अनुपस्थिति में पार्टी का नेतृत्व किया और रांची में इंडी गठबंधन की रैली तक आयोजित कर अपनी नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया।

### जून के अंत में हेमंत सोरेन को मिली जमानत

हेमंत सोरेन करीब पांच महीने तक जेल में रहे। लोकसभा चुनाव बीत जाने के बाद हेमंत सोरेन को 28 जून को झारखंड हाइकोर्ट से जमीन घोटाले से जुड़े मामले में जमानत मिल गयी। सुबह 11.35 बजे हाइकोर्ट से जमानत मिलने के बाद तुरंत आनन-फानन में सारी प्रक्रिया पूरी की गयी। इसके बाद दोपहर सवा तीन बजे इडी कोर्ट से उन्हें जमानत पर रिहा करने का आदेश जारी किया गया। शाम 4.01 बजे हेमंत सोरेन जेल से बाहर आ गये। हेमंत सोरेन जब जेल से बाहर निकले, तो वह नये रूप में नजर आये। वह अब अपने पिता शिबू सोरेन की तरह बढ़े हुए बाल और दाढ़ी के साथ नये लुक में दिख रहे थे। जेल से रिहाई के वक्त उनकी पत्नी कल्पना सोरेन भी मौजूद थीं, लेकिन सीएम चंपाई सोरेन वहां नजर नहीं आये।

### जुलाई में हेमंत सोरेन ने तीसरी बार सीएम के रूप में शपथ ली

28 जून को जेल से बाहर आने के साथ ही मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन पर कुर्सी छोड़ने का दबाव बढ़ने लगा। चंपाई सोरेन के सारे सरकारी कार्यक्रमों को पार्टी नेतृत्व की ओर से स्थगित करने की घोषणा कर दी गयी। तीन जुलाई को जेएमएम-कांग्रेस-आरजेडी विधायकों की बैठक हुई। इसके बाद चार जुलाई को हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गठबंधन दल के नेताओं ने राजभवन जाकर राज्यपाल से मुलाकात की। चार जुलाई को दोपहर 12.30 बजे हेमंत सोरेन राज्यपाल से मिलने पहुंचे। उनसे पूछा गया कि वह कब शपथ लेंगे। इसके बाद दोपहर दो बजे सूचना दी गयी कि हेमंत सोरेन उसी दिन शाम 4.45 बजे शपथ लेंगे और हेमंत सोरेन ने तीसरी बार सीएम के रूप में शपथ ली।

### चंपाई-लोबिन के साथ छोड़ने से भी नहीं झुके हेमंत

अपनी तीसरी पारी में हेमंत सोरेन को कई झटके लगे। सबसे पहले पार्टी के कद्दावर नेता चंपाई सोरेन ने साथ छोड़ दिया। फिर लोबिन हेंब्रम ने भी अलग राह पकड़ ली। हेमंत सोरेन इसके बावजूद नहीं झुके। उन्होंने मंईयां सम्मान योजना का ब्रह्मास्त्र चला, जिसने उन्हें अपराजेय बना दिया। राज्य की 43 लाख महिलाओं के खाते में एक-एक हजार रुपये भेजे जाने लगे। चंपाई सोरेन और लोबिन हेंब्रम के इस्तीफे का शोर इस योजना की आंधी में खो गया।

### विधानसभा चुनाव में गठबंधन को मिली बड़ी जीत, हेमंत फिर सीएम बने

फिर आया विधानसभा चुनाव। हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन ने कमान संभाली और धुआंधार प्रचार किया। विपक्ष की तरफ से बड़े-बड़े योद्धा झारखंड में उतारे गये, लेकिन हेमंत सोरेन ने अपनी जोड़ीदार कल्पना के साथ मिल कर उन सभी का पूरी हिम्मत से सामना किया और अंत में सभी को पराजित भी किया। विधानसभा चुनाव में एक बार फिर से हेमंत सोरेन के नेतृत्व में जेएमएम-कांग्रेस-आरजेडी और सीपीआइ-एमएल को बड़ी जीत मिली। इंडी गठबंधन के 56 विधायक चुनाव में विजयी रहे। इसके बाद हेमंत सोरेन ने 28

---

## नेतरहाट आवासीय विद्यालय के प्रशासनिक पदाधिकारी ₹50 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

**नेतरहाट:** नेतरहाट आवासीय विद्यालय के प्रशासनिक पदाधिकारी रोशन कुमार बख्शी को एसीबी की टीम ने गुरुवार को सुबह उनके घर से 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया।

जानकारी के अनुसार 15 नवंबर विद्यालय स्थापना दिवस के अवसर पर विद्यालय में अतिथियों के भोजन की व्यवस्था को लेकर नेतरहाट के होटल संचालक रविंद्र यादव को कांट्रैक्ट दिया गया। पहली बार कॉन्ट्रैक्ट मिलने पर अनुमान नहीं होने की वजह से भोजन सुविधा उपलब्ध कराने में देर हुई, जिसके बाद भी 850 प्लेट भोजन का बिल विद्यालय प्रबंधन को दिया गया, जिसे प्रशासनिक पदाधिकारी के द्वारा अस्वीकृत कर दिया गया। इसके बाद किसी भी प्रकार अपना बिल पास कराने को लेकर रिश्वत की पेशकश की गयी। साथ ही पदाधिकारी को फंसाने की रणनीति बनायी और एसीबी को रिश्वत मांगने की सूचना देते हुए शिकायत कर दी। इसकी शिकायत पर एसीबी की टीम ने शिकायतकर्ता को 50 हजार रुपये देकर आरोपी पदाधिकारी के पास भेजा, जहां पैसा लेते ही पहले से घात लगा कर बैठे एसीबी टीम ने पहुंच कर आरोपी को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। इससे स्कूल में हड़कंप मच गया है।




## जेपीएससी और जेएसएससी की परीक्षा ऑनलाइन होगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड लोक सेवा आयोग और झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग द्वारा ली जाने वाली परीक्षा को ऑनलाइन मोड में लेने की कवायद शुरू कर दी है। यह निर्णय परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए लिया गया है। इसके लिए झारखंड लोक सेवा आयोग और झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग को भी इसकी तैयारी करने का निर्देश दिया गया है।

**क्या कहा है सीएम ने :** मुख्यमंत्री ने कहा है कि राज्य में बड़े पैमाने पर नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है। ऐसे में नियुक्तियों को लेकर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता परीक्षाओं में गड़बड़ियों की गुंजाइश न हो, इस दिशा में ऑनलाइन मोड में परीक्षा आयोजित करने की दिशा में आगे बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (सीबीटी) माध्यम से परीक्षा लेने पर काफी हद तक पेपर लीक जैसे मामलों को नियंत्रित किया जा सकता है। वहीं ऑफलाइन परीक्षा आयोजन करने को लेकर होने वाली परेशानियों के साथ समय की भी बचत होगी।



## नशे में धुत बाइक सवार ने सड़क पर खड़े लोगों को मारी टक्कर, 4 की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा के बोलबा थाना क्षेत्र के मालसाडा वनदुर्गा के पास देर रात एक सड़क हादसे में 4 लोगों की मौत हो गयी। बताया गया कि कर्रामुंडा बिरंगा टोली निवासी गुलशन कुल्लू और कोमल डुंगडुंग सड़क के किनारे खड़े थे। इसी क्रम में ओड़िशा टांगर गांव निवासी प्रिंस लकड़ा एवं विशाल डुंगडुंग नशे में धुत अपनी बाइक से घर लौटने के दौरान सड़क किनारे खड़े गुलशन और कोमल को बाइक से धक्का मारते हुए गिर गये। घटना में चारों गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने चारों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस सभी मृतकों के शव को कब्जे में लेकर अग्रतर कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना की सूचना के बाद कोलेबिरा विधायक विक्सल कोंगाड़ी, विधायक प्रतिनिधि शमी आलम, जिला मीडिया प्रभारी तनवीर खान, सदर थाना प्रभारी दिनेश प्रजापति सदर अस्पताल पहुंचे।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 27.2 °c | 12.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.10 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.28 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 27 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in





मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में लेफ्टिनेंट जनरल वाइएस अहलावत, एवीएसएम, वाइएसएम, एसएम, जीओसी- 17 कोर एवं मेजर जनरल परमवीर सिंह डागर, वीएसएम, जीओसी - 23 इन्फैंट्री डिवीजन ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री के साथ उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में सेंट्रल कोल फील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक निलेंदु कुमार सिंह ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अजीत कुमार सिन्हा ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को उन्होंने रांची विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों से अवगत कराया।

# पेट्रोल-डीजल पर टैक्स लगाने का कोई भी प्रस्ताव नहीं : वित्त मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पेट्रोल-डीजल पर टैक्स लगाने की संभावना से साफ इंकार कर दिया है। इस मसले पर कहा कि ऐसा कोई प्रस्ताव ही नहीं है। केंद्र खुद विमान के इंधन (एविएशन टरबाइन ईंधन) पर टैक्स वसूलना चाहता है। राजस्थान में हुए जीएसटी काउंसिल की बैठक में झारखंड सरकार ने इसका विरोध भी किया। उन्होंने कहा कि झारखंड को जीएसटी से कंप्सेंशन भी नहीं मिल पा रहा है। हवाई जहाज के इंधन से मिलने वाला वैट राज्य का राजस्व बढ़ाने का एक स्त्रोत भी है। इसका नुकसान झारखंड को मंजूर नहीं है।

### रातू में पल्सर बाइक सवार दो अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम

# रिलायंस पेट्रोल पंपकर्मी से 13.66 लाख की लूट

- एसबीआइ बैंक में रुपये जमा करने पहुंचे थे कर्मचारी
- लूट के बाद तिलता की तरफ फरार हो गये अपराधी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रातु।** थाना क्षेत्र के काठीटांड़ स्थित एसबीआइ बैंक के सामने से अपराधियों ने एक व्यक्ति का रुपयों से भरा बैग छीन कर फरार हो गये। बैग में करीब 13.66 लाख रुपये थे। घटना गुरुवार की दोपहर 12:30 बजे की है। अपराधियों की संख्या 2 बतायी जा रही है, जो एक काले रंग की पल्सर बाइक में आये थे। बैग छीनने के बाद दोनों अपराधी तिलता की ओर फरार हो गये। उक्त रुपये कमड़े स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के थे। मामले को लेकर पेट्रोल पंप के कैशियर फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी विमल कुमार मिश्र ने रातू थाने में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है।

जानकारी के मुताबिक गुरुवार को दिन के 12 बजे बिमल मिश्र पंप के कार जेएच01बीपी-7516 में सवार होकर चालक अनीश कुमार सिंह के साथ 13 लाख 66 हजार रुपये जमा करने रातू काठीटांड़ स्थित एसबीआइ बैंक पहुंचे थे। जैसे ही बिमल मिश्रा रुपये से भरा बैग लेकर कार से बैंक घुसने के लिए नीचे उतरे, वहां पहले से मौजूद पल्सर बाइक पर सवार दो युवकों ने रुपये से भरा बैग छीन कर तिलता ब्रिज की ओर भाग निकले। बिमल और चालक ने हल्ला भी किया, लेकिन तब तक अपराधी बहुत दूर निकल चुके थे। जानकारी देने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर आसपास के मकानों और दुकानों में लगे सीसीटीवी फुटेज के जरिये अपराधियों की पहचान में जुटी है। घटना की सूचना पर डीएसपी अरविंद कुमार भी घटना स्थल एवं रिलायंस पेट्रोल पंप पहुंचे और कर्मचारियों से पूछताछ की।

### पेट्रोल पंप से पीछा करने की आशंका

आशंका है कि अपराधियों ने पेट्रोल पंप से ही कर्मचारियों का पीछा किया। बैंक पहुंचने के बाद कार रुकने उपरांत घटना को अंजाम दिया गया। अपराधियों को इसकी सूचना थी कि पंप से रुपये जमा करने पंप के कर्मचारी बैंक जायेंगे। दिनदहाड़े एवं भीड़भाड़ वाले इलाके में इस तरह की घटना से लोग अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

# मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का राज्यस्तरीय कार्यक्रम कल

### कार्यक्रम स्थल की तैयारियों का उपायुक्त ने जायजा लिया

- संबंधित पदाधिकारियों को ससमय पूरी तैयारी सुनिश्चित करने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने गुरुवार को ट्रेनिंग ग्राउंड, खोजाटोली, नामकुम रांची में 28 दिसंबर को होनेवाले मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम को लेकर स्थल में हो रही सभी आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित सभी अधिकारियों/पदाधिकारियों को ससमय पूरी तैयारी सुनिश्चित करने का आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। कार्यक्रम कि तैयारी अंतिम चरण में है। उपायुक्त ने लाभुकों के आवागमन, उनके बैठने, खाने-पीने, शौचालय, पार्किंग आदि व्यवस्था की जानकारी लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए तैयारी सुनिश्चित करें, ताकि कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। कार्यक्रम संचालन में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो और विधि व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रहे, इसके लिए व्यापक पैमाने पर फोर्स और मजिस्ट्रेट की तैनाती की गयी है। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि आयोजन में बड़ी संख्या में लाभुकगण आयेंगे, वे जिन बसों से कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे, उनका पार्किंग स्थल पूर्ण रूप से सुनिश्चित रहें, जिससे कि ट्रैफिक व्यवस्था सुगम बनी रहे।

**लाभुकों को लेकर आनेवाले वाहनों के लिए रूट चार्ट निर्धारित :** कार्यक्रम में लाखों लाभुक शामिल होंगे। विभिन्न जिलों से लाभुकों को लेकर आनेवाले वाहनों के रूट चार्ट निर्धारित किया गया है। जो रिंग रोड़ से वाया खरसीदाग कुटीयातू मोड़ से होते हुए कार्यक्रम स्थल पर रहेगा एवं वीवीआइपी एवं वीवीआइपी सदाबहार चौक नामकुम से होते हुए कार्यक्रम स्थल में पहुंचेंगे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक शहर राजकुमार मेहता, सदर अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी राजेश्वर नाथ आलोक, जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर रविशंकर मिश्रा, जिला नजारत उपसमाहर्ता सुदेश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय, नामकुम थाना प्रभारी, नगर निगम के पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी/ पदाधिकारी उपस्थित थे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | रोजी-रोजगार में लाभकारी वातावरण रहेगा,भागीदारों में व्याप्त मनमुटाव का निराकरण होगा। |
| वृष | कारोबार में उन्नति होने की संभावना, नवीन कार्य की योजना सफल होगी, विद्यार्थियों को अध्ययन-अध्यवसाय में रूचि बढ़ेगी। |
| मिथुन | कहीं से शुभ फल प्राप्त होगा, आर्थिक पक्ष सुदृढ़ बनेगा, मित्रों से सहायता मिलेगी व किसी विशेष इच्छा पूरी होगी। |
| कर्क | शत्रु प्रबल होकर हावी होंगे,खर्च पर नियंत्रण रखें अन्यथा कर्ज लेने की नौबत आ सकती है। |
| सिंह | राजकीय कार्यों में सफलता मिलेगी, पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी, यात्रा में धन लाभ का योग बन रहा है। |
| कन्या | प्रयास व उत्साह से सभी कार्य पूरे होंगे,मेहमानों का आगमन होगा व आप उनकी आवभगत में व्यस्त रहेंगे। |
| तुला | सम्पति सम्बन्धी मामलों का निपटारा आपके पक्ष में होगा,कहीं से शुभ समाचार मिलेगा। |
| वृश्चिक | नये-नये लोगों से सम्पर्क बनेगा,यश,कीर्ति व मान-सम्मान में बढ़ोत्तरी होगी। |
| धनु | आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे,नौकर-चाकर,वाहन व भौतिक ऐश्वर्य के साधनों में वृद्धि होगी। |
| मकर | अकस्मात धन लाभ होने की संभावना,आशानुसार कार्यों में सफलता मिलेगी। |
| कुंभ | सरकारी नौकरी करने वालों के पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी,गृह-भूमि-वाहन का सुख। |
| मीन | लम्बित कार्य निपटाने में व्यस्तता रहेगी,नौकरी में पदोन्नति के अवसर भी मिल सकता है। |

# हजारीबाग सदर एसडीओ की पत्नी झुलसी हालत में अस्पताल में भर्ती

- सदर एसडीओ के दोनों हाथ झुलसे, हजारीबाग से बोकारो फिर मेदांता रेफर

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** शहर में गुरुवार को चौकाने वाली घटना सामने आयी है। सदर एसडीओ अशोक कुमार की पत्नी अनीता कुमारी 40 वर्ष गुरुवार को झुलसने के सुबह साढ़े सात बजे आरोग्यं अस्पताल पहुंची। अनिता कुमारी की गंभीर स्थिति को देखते हुए बोकारो जनरल हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया है। एसडीओ अशोक कुमार की पत्नी 80 प्रतिशत अधिक जल गयीं बतायी गयी हैं। एसडीओ के दोनों हाथ झुलस जाने की बात सामने आ रही है। आग कैसे लगी, यह स्पष्ट नहीं हुआ है। एसडीओ अशोक कुमार चतरा सिमरिया के रहने वाले हैं। पत्नी के जान बचाने के दौरान एसडीओ के दोनों हाथ जल गये हैं।

शहर के लोहसिंघना पुलिस के अनुसार ठंड के कारण सुबह बोरसी जलाने के दौरान आग लगने की बात सामने आ रही है, लेकिन इस संबंध में उन्हें कोई भी लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

बताया जाता है कि झील रोड स्थित एसडीओ आवास में गुरुवार को सुबह सात बजे आग लगने की घटना सामने आयी। बताया जाता है कि एसडीओ की पत्नी सुनीता देवी अचानक जलने लगी। जान बचाने के लिए इधर-उधर भाग रही थीं। इस नजारा को देख एसडीओ आवास के कर्मी और सुरक्षा गार्ड के होश उड़ गये। आवास में उपस्थित कर्मी और गार्ड ने फोन कर एंबुलेंस मंगाया और पति-पत्नी को एंबुलेंस से आरोग्यं अस्पताल पहुंचाया। वहां से तुरंत आनन-फानन में उन्हें बोकारो ले जाया गया है। एसडीओ के फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

## झारखंड राज्य स्क्वैश टीम का चयन 30 दिसंबर को

**रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड स्क्वैश रैकेट एसोसिएशन (जेएसआरए) 38 वीं राष्ट्रीय खेल चैंपियनशिप में राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए 30 दिसंबर को स्क्वैश खिलाड़ियों का चयन ट्रायल आयोजित करेगा। रांची डिस्ट्रिक्ट स्क्वैश एसोसिएशन के सचिव आशीष कुमार बनर्जी ने जानकारी दी कि तय कार्यक्रम के अनुसार अगले साल 28 जनवरी से 14 फरवरी तक उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेल चैंपियनशिप का आयोजन किया जायेगा। एकदिवसीय चयन ट्रायल रांची के फिरायालाल क्रॉस कोर्ट में 30 दिसंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जायेगा। चयन प्रक्रिया पुरुष और महिला वर्ग के लिए ओपन और सीनियर इवेंट में नॉकआउट आधार पर होगी। इसके बाद झारखंड स्क्वैश टीम की घोषणा की जायेगी, जिसमें पुरुष और महिला वर्ग में चार-चार खिलाड़ी शामिल होंगे।**

# भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी 100 साल की हुई सड़क से लेकर सदन तक किया संघर्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी गुरूवार को 100 साल का हो गया। इसका स्थापना दिवस नए संकल्प के साथ मनाया गया। स्थापना दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सचिव अजय कुमार सिंह ने की। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने 100 साल का लंबा सफर अंग्रेजों की लड़ाई से लेकर सामंती अवशेष आजादी के बाद भी देश को बनाने संवारने किसान मजदूर छात्र नौजवान के हक और अधिकार के लिए लगातार संघर्ष करती रही है। संघर्ष के क्रम में हजारों हजार की संख्या में पार्टी के सदस्यों ने अपनी शहादत देकर लाल झंडे के रंग को और लाल गहरा कर दिया। वर्ष 2025 संगठन और संघर्ष का वर्ष रहेगा आने वाले दिन के लिए पार्टी पूरी तैयारी कर रही है।

**ये रहे मौजूद :** कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक जिला सचिव अजय कुमार सिंह किसान सभा के महासचिव पुष्कर महतो, वरीय उपाध्यक्ष भंते जैनेंद्र, तथागत अब्दुल कलाम रसीदी, आरपी चौधरी, इप्टा के श्यामल मलिक, पुरंदर महतो, लक्ष्मी देवी, अमित कुमार, मनोज ठाकुर शहीद के अलावा कई लोग मौजूद थे।

## देश के निर्माण में कम्युनिस्टों की है अहम भूमिका



आरपी चौधरी ने कहा कि देश के निर्माण में कम्युनिस्टों की अहम भूमिका रही है। उन्होंने 100 साल संघर्ष की गाथा को विस्तृत रूप से लोगों बताया, भंते जैनेंद्र तथागत ने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का एक इतिहास रहा है, आज तक कभी भी हालात से समझौता नहीं किया। एटक के महासचिव अशोक यादव ने कहा कि हमारा संघर्ष का एक लंबा इतिहास रहा है, देश में सबसे ज्यादा शहादत देने वाली पार्टी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी है। देश के मजदूर की लड़ाई लड़ते हुए अंग्रेजों से भी कई अधिकार प्राप्त किया, लेकिन आज मोदी सरकार मजदूरों की अधिकार को छीन रही है, 8 घंटा काम 8 घंटा आराम एवं 8 घंटे मनोरंजन की बातें मनवाई थी। लेकिन मोदी सरकार 8 घंटे की जगह 12 घंटे काम करवा रही है।

# बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक समाज के लोगों को सदस्य बनायें : कर्मवीर सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा की प्रदेश पदाधिकारी और सभी जिला अध्यक्षों की बैठक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष तारिक इमरान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश के महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में ज्यादा से ज्यादा सदस्य बना कर पार्टी से जोड़ा जाये, इसी संकल्प के साथ कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गयी है।

बैठक में प्रदेश संगठन मंत्री ने कहा कि मोर्चा के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक समाज के लोगों को सदस्य बनायें, भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक में भाजपा प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह, भाजपा के प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, मोर्चा के प्रदेश प्रभारी सोना खान मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष तारिक इमरान ने की। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री ने कहा कि पार्टी का सदस्यता महापर्व अभियान चल रहा है। इसमें सभी समाज की भागीदारी होनी चाहिए। इसलिए अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ता अपने समाज में जाकर बड़ी संख्या मे नये लोगों को सदस्य बना कर पार्टी से जोड़ कर इस अभियान को सफल बनायें। कर्मवीर सिंह ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है।

कार्यकताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री अदित्य साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास के मंत्र पर आगे बढ़ रही है और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजना का लाभ सबसे ज्यादा अल्पसंख्यक समाज के लोगों को मिल रहा है और नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद अल्पसंख्यक समाज के लोगों की दशा और दिशा में बहुत बदलाव आया है।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए तारिक इमरान ने कहा कि हमारे लिए बड़े गर्व की बात है कि हम सभी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के कार्यकर्ता हैं और भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है, जो देश और देशवासियों के हित में कार्य करती है। उन्होंने कहा कि सदस्ता अभियान मे सभी लोग बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें। मोर्चा के प्रभारी सोना खान ने कहा कि सभी जिला अध्यक्ष अपने जिला के मंडल और प्रखंड में जाकर मोर्चा की ओर से सदस्य बनाने का प्रयास करें और समय से पूर्व ही लोगों को सदस्य बनायें।

कार्यक्रम का संचालन मोर्चा के महामंत्री ताजदार आलम ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री आरिफ नासीर भट्ट ने किया। बैठक में शमीम रजा, रिंकू शेख, जावेद सलीम, नजीर खान, नइयर आजम, यासीन भारती, अलमगीर अंसारी, मो इमरान, तनवीर हुसैन, सैयद किरमानी, मो समीर, उज्ज्वल तिर्की आदि मोर्चा के पदाधिकारी और जिला के अध्यक्ष उपस्थित थे।

## प्रमंडलीय सदस्यता अभियान को लेकर बैठक



**रांची (आजाद सिपाही)। प्रदेश कार्यालय में अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किशुन कुमार दास के नेतृत्व में सदस्यता अभियान को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इसमें अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किशुन कुमार दास ने कहा कि झारखंड के सभी विधानसभा क्षेत्र में पार्टी को सशक्त और मजबूत करने के लिए सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। पार्टी कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान के निमित्त एक महत्वपूर्ण दायित्व भी सौंपा गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि संगठन को घर-घर एवं गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए सदस्यता अभियान अत्यंत आवश्यक है। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री रंजन पासवान ने कहा कि सदस्यता अभियान का लक्ष्य है कि झारखंड के सभी अनुसूचित जाति बहुल 41 विधानसभा क्षेत्र में पार्टी को सशक्त और मजबूत करना। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यालय प्रभारी जोगेंद्र लाल ने कहा कि सदस्यता अभियान में सभी कार्यकर्ता की जिम्मेदारी को दायित्व के साथ निर्माण करना अति आवश्यक है। कार्यक्रम में कमलेश राम, खुदा राम, राजीव राज लाल, राकेश राम, धर्मेंद्र कुमार,संदीप कुमार, कमलेश किशोर, गोविंदा, किशोर राम, अशोक राज, सागर पासवान, विनोद कुमार आदि उपस्थित हुए।**

# मंत्री ने किया फूलो झानो की प्रतिमा का अनावरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**मधुपुर।** शहर के मीना बाजार में संथाल हुल की अमर नायिका फूलो-झानो की प्रतिमा का गुरुवार को झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण एवं जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन ने अनावरण किया गया। मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि संथाल हूल की अमर नायिका फूलो-झानो की आकर्षक प्रतिमा का अनावरण किया गया। मंत्री हफीजुल हसन अंसारी का आदिवासी पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर महिलाओं ने स्वागत किया। मंत्री ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध सिदो, कान्हू, चांद, भैरव और फूलो झानो ने भोगनाडीह से संथाल आंदोलन शुरू किया। इन्हीं का आंदोलन आगे बढ़ते बढ़ते देश आजादी का आंदोलन का रूप लिया। उन्होंने कहा कि महिला होकर दोनों बहनों ने ठाना कि अंग्रेजों से लड़ना है और उसे भारत से भागना है। कहा कि इनका बलिदान भुलाया नहीं जा सकता है। इस अवसर पर संजय शर्मा, अल्ताफ हुसैन उर्फ बीके, दिनेश्वर किस्कू, जेई दिलीप यादव समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



पेज 01 का शेष

## रांची के री-डेवलपमेंट प्लान और यातायात व्यवस्था को लेकर दिये निर्देश...

### सदर अस्पतालों को भी विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवा मिले

मुख्यमंत्री ने सभी जिला अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवा उपलब्ध कराने का निर्देश अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी ऐसी व्यवस्था हो, इस दिशा में भी कदम उठाये जायें। उन्होंने कहा कि जिला अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सक होने से मरीज को बेवजह मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में रेफर करने से भी काफी हद तक निजात मिलेगी।

### हॉस्पिटल मैनेजमेंट की होनी चाहिए व्यवस्था

मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पतालों में अक्सर अव्यवस्था की शिकायतें विभिन्न माध्यमों से मिलती रहती है। अस्पतालों में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अस्पतालों में किसी मरीज को बेड नहीं मिल पाता है, तो किसी को जांच करने में असुविधा होती है। ओपीडी में मरीजों की भीड़ लगी रहती है। अस्पताल में ऐसी अव्यवस्था नहीं दिखे, इसके लिए हॉस्पिटल मैनेजमेंट को मजबूत और दुरुस्त करें, ताकि मरीजों को इलाज से संबंधित सारी जानकारियां सहूलियत से मिल सके। अस्पतालों के बेहतर प्रबंधन के लिए प्रोफेशनल्स की सेवा लें।

### किडनी मरीजों के पेरीटोनियल डायलिसिस की दिशा में आगे बढ़ें

मुख्यमंत्री ने कहा कि किडनी के मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। ऐसे में अस्पतालों में डायलिसिस के लिए मरीजों को लंबा इंतजार भी करना पड़ता है। इस कारण चिकित्सकों और पैरामेडिकल कर्मियों की व्यस्तता भी काफी बढ़ जाती है। ऐसे में किडनी मरीजों को पेरीटोनियल डायलिसिस के लिए सभी जरूरी दवाई और उपकरण उपलब्ध कराने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग आगे बढ़ें, ताकि वे अपने घर पर खुद डायलिसिस कर सकें।

### कैंसर के मरीजों का डेटा तैयार करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कैंसर के मरीज बड़ी संख्या में बढ़ रहे हैं। यह बीमारी लोगों को तेजी से अपनी गिरफ्त में लेता जा रहा है। ज्यादातर कैंसर के मरीज इलाज के लिए राज्य के बाहर के बड़े अस्पतालों में जाते हैं। ऐसे में अपने राज्य में कैंसर मरीजों का पूरा डेटा तैयार करें, ताकि उनके बेहतर इलाज की दिशा में राज्य सरकार आगे बढ़ सके।

**पांच नये मेडिकल कॉलेजों को पूरी तरह फंक्शनल बनायें :** मुख्यमंत्री ने राज्य में पांच नये मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के निर्माण कार्य के प्रगति की जानकारी अधिकारियों से ली। उन्होंने कहा कि इन सभी अस्पतालों को जल्द से जल्द पूरी तरह फंक्शनल बनायें, ताकि मरीजों को रिम्स अथवा अन्य बड़े अस्पतालों में रेफर करने की व्यवस्था नियंत्रण में रहे। उन्होंने सुदूर और दुरस्थ ग्रामीण इलाकों में अवस्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के बेहतर संचालन के लिए ठोस कदम उठाने का निर्देश दिया, ताकि ग्रामीण मरीजों को सामान्य बीमारियों के इलाजों के लिए इधर-उधर नहीं जाना पड़े।

**रांची का री-डेवलपमेंट प्लान और यातायात व्यवस्था :** मुख्यमंत्री ने राजधानी रांची के री-डेवलपमेंट प्लान और बढ़ रहे ट्रैफिक प्रेशर और उससे निजात के लिए उठाये जा रहे हैं। कदमों को लेकर पथ निर्माण विभाग और रांची नगर निगम के अधिकारियों के साथ अहम बैठक की। मुख्यमंत्री ने सुंदर और स्मार्ट रांची बनाने की दिशा में अधिकारियों को कई अहम निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि क्लीन एंड ग्रीन रांची के लिए हम सभी को मिलजुल प्रयास करना होगा। इसमें आम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में भी पहल की जानी चाहिए। इस मौके पर पथ निर्माण विभाग के ओर से पावर प्वांइंट प्रेजेंटेशन के जरिए रांची में नये फ्लाईओवर तथा सड़कों के निर्माण के साथ इनर और आउटर रिंग रोड की योजना की जानकारी दी। रांची नगर निगम के आयुक्त को शहर का नियमित भ्रमण करने का निर्देश दिया, ताकि साफ-सफाई और अतिक्रमण की हकीकत की जानकारी मिल सके और उसके निदान की लिए ठोस कदम उठाये जा सकें।

### रिम्स की व्यवस्था को बेहतर बनाने का निर्देश

- रिम्स परिसर में निर्माणाधीन क्षेत्रीय नेत्र संस्थान हर हाल में अगले वर्ष फरवरी तक शुरू हो जाना चाहिए।
- सभी विभागों के ओपीडी और जांच की सुविधा एक ही बिल्डिंग में उपलब्ध करायी जाये।
- अस्पताल में नये और अत्याधुनिक चिकित्सीय जांच उपकरण लगाये जायें। पुराने और आउटडेटेड उपकरणों को स्क्रैप करें।
- जरूरत के अनुरूप विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी हो।
- रिम्स में जिन मरीजों का सफल इलाज हो चुका है और सिर्फ उचित नर्सिंग तथा देखभाल की जरूरत है, उन्हें सदर अस्पताल में शिफ्ट करें। इससे अस्पताल में मरीजों के लिए बेड और अन्य समस्याओं से काफी हद तक निजात मिलेगी।
- रिम्स में जिन विभागों पर मरीजों का बोझ बहुत ज्यादा है। उन्हें सदर अस्पताल में शिफ्ट किया जाये। इसके लिए सदर अस्पताल में इलाज के लिए सारी सुविधाएं और व्यवस्था होनी चाहिए।
- रिम्स में एंक्रोचमेंट को हटाने की दिशा में समुचित कदम उठाये जायें।
- रिम्स परिसर में अवांछित तत्वों के प्रवेश पर रोक लगनी चाहिए। यहां की सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करें।

### सीएम ने दिया निर्देश

राजधानी रांची की सड़कों की मरम्मत, मजबूतीकरण और चौड़ीकरण का कार्य शीघ्रता के साथ पूरा किया जाये। राजधानी रांची में अभियान चलाकर अतिक्रमण को हटाया जाये। सड़कों और गली मोहल्ले में स्ट्रीट लाइट की पुख्ता व्यवस्था हो। नगर निगम रांची वासियों को बेहतर से बेहतर सेवा दे। रांची शहर की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें सड़कों के किनारे कचरा और गंदगी का अंबार नहीं होना चाहिए। सड़कों के डिवाइडरों पर पौधारोपण करें। डिवाइडरों को कंक्रीट की दीवार नहीं बनायें। उपयोगिताओं का आकलन करते हुए भी किसी भी व्यवस्था को इंप्लीमेंट करें। ठंड को देखते हुए चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था तथा गरीबों के बीच कंबल का वितरण सुनिश्चित करें।

### बैठक में ये मौजूद थे

उच्चस्तरीय बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, सचिव के श्रीनिवास, मिशन डायरेक्टर, एनएचएम अबु इमरान, मनरेगा आयुक्त मृत्युंजय कुमार, रांची नगर निगम के नगर आयुक्त संदीप सिंह, निदेशक- नगरीय प्रशासन सत्येंद्र कुमार, रिम्स के निदेशक डॉ राजकुमार, निदेशक प्रमुख-स्वास्थ्य सेवाएं डॉ सीके शाही तथा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# खादी मेला में चित्रकारों को किया जा रहा प्रोत्साहित

- सरस मेले में कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुति
- मेला घूमने के लिए बुजुर्गों के लिए निःशुल्क ई-रिक्शा की व्यवस्था

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मोरहाबादी मैदान में चल रहे राष्ट्रीय खादी एवं सरस मेले में सातवें दिन लगभग 10 हजार लोगों ने मेले का आनंद लिया। लोग मेले में दिल खोलकर खरीदारी कर रहे हैं, इसे दुकानदारों में खुशी की लहर देखी जा रही है। जमशेदपुर के आमाडुबी गांव से आये चित्रकार किशोर ने बताया कि वह पैटकर पेंटिंग से जुड़े हैं। यहां लोग उनकी चित्रकारी की सराहना कर रहे हैं और अच्छी कीमत भी दे रहे हैं। इनकी पेंटिंग 150 से लेकर 2200 रुपए में मिल रही है। वहीं मधुबनी पेंटिंग भी लोगों को बहुत पसंद आ रही है।

उद्योग विभाग द्वारा चित्रकारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उन्हें मेले में हस्तकरघा रेशम एवं हस्तशिल्प निदेशालय की तरफ से स्टॉल दिया गया है। मेले के अर्जुन हैंगर में खादी के वस्त्र खरीदे जा सकते हैं, असना हैंगर के कश्मीरी स्टॉल में कश्मीरी शॉल, सूट, पसमीना शॉल, सूट, पसमीना स्टोल, जैकेट एवं फिरेन इत्यादि प्राप्त किया जा सकता है। मेला परिसर में बुजुर्गों के लिए मेला घूमने हेतु निशुल्क ई -रिक्शा की व्यवस्था की गयी है।

गुरुवार को कला एवं संस्कृति विभाग के द्वारा दिव्यांग गायक मो. मकसूद अंसारी के मनमोहक प्रस्तुति दी गयी। महोत्सव में आये संगीत प्रेमियों ने इन्हें खूब सराहा। सुमन पाठक, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा मो. मकसूद अंसारी को सम्मानित किया गया। वहीं धनंजय नारायण खवाड़े एवं दल द्वारा हिंदी गायन की प्रस्तुति की गयी। साथ ही, चंदिल समूह द्वारा नृत्य प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया।

बच्चों के लिए पांच से नौ आयु वर्ग तथा दस से चौदह आयु वर्ग में महात्मा गांधी पर कविता या भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गयी। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संध्या शानवी, द्वितीय स्थान अनन्या तुलस्यान एवं तृतीय स्थान दामिनी तिर्की ने प्राप्त किया। सभी सफल प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।



### खादी मेला में कविताओं की गूंज



रांची (आजाद सिपाही)। मोरहाबादी मैदान में लगे राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2024-25 में कवि सम्मेलन में कविताओं की गूंज सुन झूम उठे श्रोतागण। लोकगीत गायक सदानंद यादव के गीत 'जन्म दे दो विधाता झारखंड पुष्पा सहाय की कविता रसाइकिल से जाना है गाँव रे और मनीषा सहाय 'सुमन'की इस आँखों में बचपन की कुछ याद पुरानी रहने दो ने सभी के मन को छू लिया। सूरज श्रीवास्तव डफली वाले कवि ने अभी उम्मीद कायम है और 'ये माटी झारखंड की' पर श्रोता झूम उठे। करूणा सिंह 'कल्पना' ने स्पग पग साथ, चली थी और खुशबू बरनवाल 'सीपी' ने कुहासा अब नहीं है तो, खिला है धूप अंदाजन, सुन सभी भाव विभोर हो उठे। सभी को मेला अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। दर्शकों का उत्साह देखते बन रहा था।

### आज होनेवाले कार्यक्रम

शुक्रवार को मेले में कला एवं संस्कृति विभाग के द्वारा मुकेश तिवारी एवं दल द्वारा हिंदी गायन एवं कुलदीप खेरवार एवं दल द्वारा खेरवार लोक नृत्य की प्रस्तुति की जायेगी। साथ ही पंकज कुमार मिश्रा, वाराणसी द्वारा शास्त्रीय संगीत बनारस घराना की प्रस्तुति की जायेगी। बच्चों के लिए पांच से नौ आयु वर्ग तथा दस से चौदह आयु वर्ग के लिए गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। जिन बच्चों को प्रतियोगिता में भाग लेना है। महोत्सव परिसर में आकर ये पूर्वाह्न 11 बजे तक अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

### 21 होमगार्ड जवानों को इलाज के लिए मिले 38.86 लाख

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड होमगार्ड जवानों को भी पुलिस जवानों की ही तरह कल्याण कोष से इलाज के लिए राशि दी गयी है। इस दौरान राज्य के होमगार्ड के 21 जवानों को इलाज के लिए कल्याण कोष से 38.86 लाख रुपये मिले हैं। बता दें कि ऐसे होमगार्ड जवान, जिन्हें ये राशि दी गयी है, उनमें दिवाकर कुमार मिश्रा, संजय कुमार बैठा, बैजनाथ महतो, रामकुमार राय, विद्याभूषण राय, मुदिका साह, मनोज कुमार यादव, राजेश्वर उपाध्याय, असीम अंसारी, घनश्याम सिंह, बृजलेश कुमार, कन्हैया प्रसाद के बेटे रोहित कुमार, विपिन बिहारी तिवारी, मो रशीद, वीरेंद्र पांडे, बबीता कुमारी, शाहनवाज आलम की बेटी नफीसा रानी, इंद्रनाथ साहू,अनिल किस्कू, विकास मुंडा और सुधीर प्रजापति शामिल हैं।

# महाप्रबंधक ने किया पटना-किऊल गया रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण

- यात्री सुविधा एवं संरक्षा से जुड़े पहलुओं का किया गहन मुआयना

आजाद सिपाही संवाददाता

**हाजीपुर।** महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा आज पटना-किऊल-गया एवं गया-पटना रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया । इस दौरान उन्होंने इन रेल मार्गों में पड़नेवाले स्टेशनों, रेल पुलों, रेलवे ट्रैक, ओएचई, सिगनलिंग सिस्टम सहित यात्री सुविधा एवं संरक्षा से जुड़े पहलुओं का गहन मुआयना किया। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक ने संरक्षा पर विशेष बल देते हुए इसके प्रति अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्देश दिया।



निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक द्वारा अशोकधाम स्टेशन का निरीक्षण किया गया। उन्होंने शेखपुरा, नवादा स्टेशन पर प्लेटफार्म, सकुर्लेटिंग एरिया, स्टेशनों की साफ सफाई सहित यात्री सुविधा एवं रेल संरक्षा से जुड़े पहलुओं का गहन मुआयना किया। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक गया स्टेशन पहुंचे, जहां उन्होंने गया स्टेशन के पुनर्विकास हेतु जारी निर्माण कार्य का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चौधरी, गया में पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक राजेश गुप्ता एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# पीड़ित मानवता की सेवा सबसे बड़ा मानव धर्म : भावना सिन्हा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** यूको बैंक का 83वां स्थापना दिवस समारोह आगामी 6 जनवरी को मनाया जा/एगा। इस दौरान सप्ताह भर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा/एंगे। इस क्रम में गुरुवार को रामकृष्ण मिशन सेनेटोरियम तुपुदाना (हटिया) में यूको बैंक आंचलिक कार्यालय की ओर से पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि यूको बैंक आंचलिक कार्यालय की जोनल मैनेजर भावना सिन्हा के नेतृत्व में परिसर में विभिन्न प्रकार के फलदार, छायादार व औषधीय पौधे लगाये गये। मौके पर रामकृष्ण मिशन सेनेटोरियम एवं हॉस्पिटल के मरीजों के बीच कंबल, मिठाइयां व फल आदि बांटे गये। अंचल प्रबंधक भावना सिन्हा ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा सबसे बड़ा मानव धर्म है। जरूरतमंदों की सेवा के प्रति समर्पण से मानव जीवन सफल होता है। इस अवसर पर रामकृष्ण मिशन सेनेटोरियम के स्वामी शशांकनंद, यूको बैंक मुख्य शाखा, रांची के ब्रांच हेड श्रीकांत सिंह, यूको बैंक अंचल कार्यालय के मयंक शर्मा, मनोज कुमार, यूको बैंक के सम्मानित ग्राहक नरेंद्र मिश्रा सहित अन्य उपस्थित थे।



# श्री श्याम मंदिर में सफला एकादशी उत्सव मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में बुधवार को सफला एकादशी उत्सव अत्यंत श्रद्धा भाव वातावरण में आयोजित किया गया। प्रातः से ही भक्तों की भारी भीड़ इस पावन दिवस पर श्री श्याम प्रभु का दर्शन करने के लिए उमड़ पड़ी। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को सुंदर नवीन वस्त्र (बागा) पहना कर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर जूही, बेला, रजनीगंधा, गुलाब एवं तुलसी दल की मालाओं से अत्यंत मनमोहक श्रृंगार किया गया। साथ ही मंदिर में विराजमान बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया। रात्रि 9 बजे से श्री श्याम प्रभु के जयकारों की बीच पावन ज्योत प्रज्वलित कर श्री श्याम मंडल के सदस्यों द्वारा भावपूर्ण संकीर्तन प्रारंभ किया गया। तुझको झिझियेंगे भजन तेरा सुनायेंगे... खूब सज्यों श्रृंगार खाटू वाले को... छोड़ेंगे ना हम तेरा द्वार ओ बाबा सात जन्म तक... हमें तो जी भी दिया श्याम बाबा ने दिया... इत्यादि भजनों की लय पर भक्तगण झूमते रहे। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार के मेवा - फल - खीर चूरमा व केसरिया दूध का भोग अर्पित किया गया। रात्रि 12 बजे महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ओम जोशी, रमेश सारस्वत, चंद्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, मनोज ढांढनियां, गौरव परसरामपुरिया, नितेश केजरीवाल, नितेश लाखोटिया, विकास पाड़िया, प्रियांश पोद्दार का सहयोग रहा।



# अहिंसक तरीकों की वकालत करनेवाले अद्वितीय व्यक्ति थे महात्मा गांधी: राधा कृष्ण किशोर

- महात्मा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के 100 वर्ष पूरे होने पर रांची के कांग्रेस भवन में लगायी प्रदर्शनी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के 100 वर्ष पूरे होने पर आयोजित शताब्दी समारोह के दौरान गुरुवार को रांची के कांग्रेस भवन में प्रदर्शनी लगायी। प्रदर्शनी में महात्मा गांधी के स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर उनके कांग्रेस अध्यक्ष बनने तक की यात्रा को चित्रित किया गया। कांग्रेस के नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं आमजनता ने काफी तादाद में गांधी से जुड़े इन चित्रों का अवलोकन कर गांधी की प्रासंगिकता को जाना। इसके बाद कांग्रेस मुख्यालय में गांधी के विचारों और आदर्शों पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि महात्मा गांधी इस आधुनिक दुनिया में सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और धार्मिक समस्याओं को हल करने के लिए, अहिंसक तरीकों की वकालत करने वाले अद्वितीय व्यक्ति थे। महात्मा गांधी का मानना था कि हिंसा सैद्धांतिक रूप से गलत है और इसका विरोध करना हर किसी का कर्तव्य भी है। एक गलत को दूसरे गलत से ठीक नहीं किया जा सकता। किशोर ने कहा कि गांधी विश्व इतिहास में सत्याग्रह के पैगम्बर के रूप में प्रसिद्ध हैं, लेकिन गांधीवादी सत्याग्रह केवल सद्भावना से ओत-प्रोत लोगों के जरिये ही चलाया जा सकता है, जो जनकल्याण का प्रभाव करते हैं। उन्होंने कहा कि दुख इस बात का है केंद्र की सत्ता के जरिये आज जिस प्रकार गांधी के विचारों को, संविधान को बदलने की बात की जा रही है यह उचित नहीं है। यह देश गांधी का है और यह देश तभी विकसित होगा, जब हम गांधीजी की प्रासंगिकता को बनाये रखने में कामयाब होंगे और कांग्रेस इसके लिए सदैव तत्पर है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि इस शताब्दी समारोह का आयोजन राज्य के तमाम जिलों में किया गया।



संगोष्ठी सभा में कांग्रेस के वरीय नेता, अग्रणी संगठन विभाग के अध्यक्ष, पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। संगोष्ठी की अध्यक्षता रमा खलखो ने की और संचालन रांची ग्रामीण के जिलाध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने किया। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय प्रभारी अभिलाष साहू और सह प्रभारी राजन वर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम में डॉ जयप्रकाश गुप्ता, कुमार गौरव, गुंजन सिंह, आलोक दुबे, विनय सिन्हा दीपू, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, केके गिरी, शशिभूषण राय, गजेंद्र सिंह, आभा सिन्हा, रियाज अंसारी, चंचल चटर्जी, नेली नाथन, सुरेन राम, जगदीश साहू, मनोज सहाय पिंकू, सत्यनारायण सिंह, राजू राम सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

पेज 01 का शेष

## अंतिम इच्छा यही है कि मेरी अस्थि भी अगर जाये, तो भाजपा के झंडे में लिपटी जाये: रघुवर दास...

**सवाल: आपने कहा कि मैं फिर से एक भाजपा कार्यकर्ता के रूप में ज्वाइन करूंगा। 1980 में आपने पहली बार ज्वाइन किया था और अभी फिर आप एक कार्यकर्ता के रूप में ज्वाइन कर रहे हैं, दोनों समय की स्थिति में क्या कुछ अंतर महसूस कर रहे हैं?**

**जवाब:** देखिए मेरा शुरू से संगठन का स्वभाव रहा है। बीच में कुछ पल जिम्मेदारी मिल गयी, लेकिन मुझे संगठन से ज्यादा लगाव रहता है और मेरी अंतिम इच्छा भी है कि इस महान पार्टी भारतीय जनता पार्टी में एक सामान्य कार्यकर्ता इस मुकाम तक पहुंचा है, तो मेरी अस्थि अगर जाये तो बीजेपी के झंडे पर जाये यह मेरी अंतिम इच्छा है। इसलिए संगठन ही मेरे लिए सर्वोपरि है। संगठन के साथ-साथ देश भी सर्वोपरि है और राज्य भी सर्वोपरि है।

**सवाल: पिछले दिनों झारखंड में विधानसभा चुनाव हुआ, लोकसभा चुनाव हुआ। दोनों ही चुनाव के समय आप ओड़िशा में थे। आपने कितना मिस किया झारखंड को?**

**जवाब:** देखिये, किसी एक व्यक्ति के नहीं रहने से पार्टी को कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

**सवाल: आप सिर्फ एक व्यक्ति नहीं न हैं।**

**जवाब:** नहीं, नहीं देखिये, चुनाव में तो हार जीत होती है। खेल में भी आइए तो दो टीमें होती हैं। आप देखिए कोई टीम जीतती है तो कोई हारती है। यह कोई इश्यू नहीं है। आपको भी याद होगा 1984 में श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी चुनाव हार गये थे। उस समय दो ही हमारे सांसद थे। लेकिन हमारे लाखों कार्यकर्ताओं ने अपनी पार्टी की विचारधारा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा को अपनाते हुए लगातार जनता के साथ मिल कर संघर्ष करता रहा। और आज देखिए दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी है। देश में आदरणीय मोदी जी के नेतृत्व में तीसरी बार एनडीए एनडीए की मजबूत सरकार, अनेक राज्यों में भाजपा और एनडीए की सरकार चल रही है। तो देखिये, जब जीवन में उतार-चढ़ाव होता है तो राजनीति में भी उतार चढ़ाव होते रहता है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता न जीत में बहुत ज्यादा उत्साहित होते हैं और ना हार से बहुत ज्यादा हतोत्साहित होते हैं।

**सवाल: आपने हार की बात कही, तो एक अंतिम सवाल पूछूंगा कि झारखंड विधानसभा चुनाव में एनडीए की जो स्थिति रही, वह कहां पिछड़ गयी, उसमें कहां कमी रह गयी?**

**जवाब:** देखिए यह एक राजनीतिक प्रश्न है। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद मैं आपके एक-एक राजनीतिक प्रश्न का आप को उत्तर दूंगा।

### अजय राय ने प्रोविंशियल फादर अजीत खेस को क्रिसमस की बधाई दी



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने प्रोविंशियल फादर अजीत खेस से मिलकर उन्हें क्रिसमस की बधाई दी। इस अवसर पर अजय राय ने फादर अजीत खेस को झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन की ओर से क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं और उनके साथ चर्चा की। अजय राय ने कहा, क्रिसमस का त्योहार प्रेम, करुणा और एकता का प्रतीक है। यह त्योहार हमें एक दूसरे के प्रति प्रेम और सहानुभूति की भावना को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करता है। फादर अजीत खेस ने भी अजय राय और झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के सदस्यों को क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं और उनके साथ चर्चा की। उन्होंने कहा, क्रिसमस का त्योहार हमें ईश्वर के प्रेम और करुणा की याद दिलाता है। यह त्योहार हमें एक दूसरे के प्रति प्रेम और सहानुभूति की भावना को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करता है।

### जयंती पर नहीं दिखे बीजेपी के नेता : चंदन



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड अलग करने में कई महतो झारखंड आंदोलनकारी नेता का हाथ रहा है, जिनमें से बिनोद बिहारी महतो तथा निर्मल महतो प्रमुख हैं। पिछले 18 दिसंबर को बिनोद बिहारी महतो की पुण्यतिथि और 25 दिसंबर को निर्मल महतो की जयंती पर झारखंड बीजेपी के किसी भी शीर्षस्थ नेता ने इनकी मूर्ति पर माल्यार्पण तथा इनको याद करने का मुनासिब नहीं समझा। झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में समीक्षा बैठक में सारे नेताओं ने खुल कर आरोप लगाया कि महतो ( कुरमी ) समाज ने बीजेपी के पक्ष में वोट नहीं दिया। जब गृह मंत्री अमित शाह रांची में रोड शो करते हैं और चुटिया इलाका से मात्र 2 किलोमीटर की दूरी पर शहीद रघुनाथ महतो की मूर्ति पर माल्यार्पण करना मुनासिब नहीं समझते हैं। यही हाल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी जब रातू रोड तक रोड शो करते हैं लेकिन जेल चौक स्थित शहीद निर्मल महतो चौक जिसकी दूरी मात्र 1 किलोमीटर पर है। वहां जाकर एक माला तक नहीं चढ़ाते हैं।






# राज्यपाल ने नितिन कुलकर्णी को प्रोन्नति पर दी बधाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल के प्रधान सचिव नितिन मदन कुलकर्णी ने गुरुवार को राजभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की। राज्यपाल ने नितिन कुलकर्णी को राज्य के अपर मुख्य सचिव के पद पर पदोन्नति होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही कहा कि नितिन मदन कुलकर्णी के प्रशासनिक अनुभव और कार्यकुशलता का लाभ राज्यवासियों को अवश्य मिलेगा।

# राजधानी टुसू महोत्सव 11 जनवरी को आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वर्तमान समय में टुसू परब का लहर सम्पूर्ण झारखंड में शुरू हो गया है। बाजार में रंग बिरंग चौड़ल आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, सामूहिक टुसू गीत मांदर, ढोल, नगाड़ा, के साथ सामूहिक टुसू नृत्य का उत्साह सम्पूर्ण झारखंड में दिखाई देने लगा है। 31 दिसम्बर 2024 को धनबाद में 5 जनवरी 2025 को जमशेदपुर में तथा 11 जनवरी 2025 को राजधानी रांची के लोग सड़क पर निकलकर टुसू परब का जश्न मनाएंगे। झारखंड के राजधानी रांची में आगामी 11 जनवरी 2025 को आयोजित राजधानी टुसू महोत्सव - 2025 को एतिहासिक सफल बनाने के लिए आज दिनांक 26/12/24 को ऑक्सीजन पार्क मोराबादी मैदान रांची में आंदोलनकारी देवेन्द्र नाथ महतो के नेतृत्व में तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। मौके पर देवेन्द्र नाथ महतो ने कहा कि 11 जनवरी 2025 को प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी झारखंडी भाषा खतियान संस्कृति समिति के बैनर तले अल्बर्ट एक्का चौक में पारम्परिक रीति रिवाज अनुसार ₹राजधानी टुसू महोत्सव - 2025 का आयोजन किया जायेगा। जिसमें 24 जिला से सभी जाति , धर्म, समाज के लाखों लोग शामिल होंगे । आयोजन को सफल बनाने हेतु सेवानिवृत अधिकारी सह क्षेत्रीय भाषा लेखक अनंत कुमार महतो को संरक्षक तथा आमंत्रण पत्र वितरण टीम में पप्पू कुमार, चंदन रजक, रविन्द्र कुमार दीपक, अजहर, मोशीन, परशुराम मानकी, नवसाद को सर्व सम्मति से नियुक्त किया गया। कोष एकत्रित टीम में बंटी, विक्की, बिमल, महावीर साहू और मोनू को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया। गुड़पीठा व्यवस्था में पार्वती देवी और रम्भा देवी को नियुक्त किया गया।

## रात दो बजे जयराम महतो का दिखा रौद्र रूप

# विधायक पर सरकारी काम में बाधा डालने का मामला दर्ज

- सीसीएल के सुरक्षा पदीधिकारी की शिकायत पर दर्ज हुआ एफआइआर
- जयराम की पार्टी जेएलकेएम के कार्यकर्ताओं ने सीसीएल क्वार्टर पर जबरन किया कब्जा
- डुमरी विधायक जयराम महतो देर शाम सीसीएल क्वार्टर खाली कर दिया : थाना प्रभारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/बेरमो।** डुमरी विधायक जयराम महतो का शुक्रवार रात दो बजे रौद्र रूप दिखा। वह अपने कार्यकर्ताओं के पक्ष में पुलिस पर बरसते हुए नजर आये। उनके खिलाफ थाना में एफआइआर दर्ज कराया गया है। सीसीएल के सुरक्षाकर्मी ने सरकारी काम में बाधा पहुंचाने समेत अन्य मामलों की शिकायत बोकारो के चंद्रपुरा थाना में की। शिकायत में जयराम समेत सात लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। उन पर बोकारो के चंद्रपुरा थाना में मामला दर्ज हुआ है। देर शाम बेरमो थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने बताया कि जयराम महतो ने आवास खाली कर दिया है।

**क्या है मामला :** दरअसल बेरमो अनुमंडल के ढोरी कोल एरिया में जयराम महतो सीसीएल प्रबंधन से एक डी टाइप क्वार्टर की मांग कर रहे थे। इसके लिए कुछ दिनों पहले उन्होंने प्रबंधन को आवेदन दिया था। प्रबंधन अभी इस मामले पर सोच-विचार ही कर रहा था कि जेएलकेएम के कुछ कार्यकताओं ने क्षेत्र के एक डी टाइप को बिना अनुमति के अपने कब्जे में ले लिया। जिसकी शिकायत प्रबंधन को मिलने पर क्वार्टर खाली कराने बेरमो थाना, मकोली ओपी और चंद्रपुरा थाना की पुलिस के साथ सीसीएल के अधिकारी और सीआइएसएफ के जवान पहुंचे। क्वार्टर में पहले से ही जेएलकेएम के कार्यकर्ता मौजूद थे। उन्होंने पुलिस बल का विरोध किया और जयराम को इस बात की सूचना दी। विधायक जयराम कुछ देर में करीब दो बजे मौके पर पहुंचे। जहां उनकी पुलिस के साथ बहस हुई।

**घटना की वीडियो हुआ वायरल :** इस पूरे प्रकरण का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। वीडियो में साफ तौर से देखा जा सकता है कि कैसे जयराम महतो और पुलिस के बीच बहस हो रही है। विधायक जयराम महतो गाड़ी की बोनट पर बैठे हुए हैं और पुलिस से चिखते-चिल्लाते हुए बात कर रहे हैं। वो प्रशासन और सीसीएल प्रबंधन पर कई तरह के संगीन आरोप लगा रहे हैं। पुलिस और प्रबंधन को जयराम की तरफ से कोयला चोर तक कहा गया। बहस के बीच कार्यकर्ता हंगामा कर रहे थे। जानकारी के मुताबिक जयराम करीब साढ़े तीन बजे वहां से निकलते हैं। पुलिस को बेरंग लौटना पड़ा।

### इन्हें बनाया गया है नामजद अभियुक्त

सीसीएल ढोली के सुरक्षा पदाधिकारी सुरेश कुमार सिंह की शिकायत पर जयराम महतो समेत सात नामदाज पर एफआइआर दर्ज हुआ है। इनमें जयराम महतो, संदीप महतो, तिलक महतो, नितेश, संजीत कुमार, राहुल पासवान और बिनोद चौहान सहित 40 अज्ञात लोगों पर रंगदारी, अवैध कब्जा, चोरी सहित सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप लगा है।

# झारखंड भाजपा को चाहिए 'अपना' नेता : सरयू राय

सुमन के श्रीवास्तव



**रांची (आजाद सिपाही)।** जदयू विधायक सरयू राय ने झारखंड भाजपा के लिए 'अपना' नेता की जरूरत बतायी है। हाल में संपन्न विधानसभा चुनाव में करारी हार झेलने के कारणों के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी को अतीत की अपनी चुनावी रणनीतियों पर फिर से विचार करने की जरूरत है। राय खुद कभी भाजपा में रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी को विशेष रूप से 1995, 1998 और 1999 के लोकसभा चुनावों और 2000 के विधानसभा चुनावों के दौरान झारखंड (तब बिहार का हिस्सा) में जीत हासिल करने की रणनीतियों को याद करना चाहिए। राय के अनुसार इससे भाजपा को यह समझने में मदद मिलेगी कि राज्य में उसका जनाधार क्यों सिकुड़ रहा है। बता दें कि उन चुनावी सफलताओं के समय राय भाजपा की वनांचल इकाई के प्रभारी थे।

**अतीत से सबक लेना होगा :** राय ने कहा कि जब बाबूलाल मरांडी को वनांचल इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था, तो भाजपा को आंतरिक असंतोष का सामना करना पड़ा था। कड़िया मुंडा और देवदास आप्टे जैसे नेताओं ने उनकी नियुक्ति का कड़ा विरोध किया था। उस समय पार्टी संगठन अच्छी स्थिति में नहीं था। फिर भी भाजपा अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रही। राय ने बताया कि उस दौरान जेएमएम खरीद-फरोख्त विवाद में उलझा हुआ था, जिससे लोगों को अलग झारखंड राज्य के वादे को पूरा करने की उसकी क्षमता पर संदेह हुआ। इस बीच मरांडी के नेतृत्व में भाजपा ने अपनी रणनीति बदल दी और अलग राज्य का मुद्दा उठाना शुरू कर दिया। इससे मतदाताओं का विश्वास हासिल हुआ, जिनका मानना था कि केवल भाजपा ही अलग राज्य का लक्ष्य हासिल कर सकती है। इसका नतीजा सबके सामने है।

**भाजपा की हार के कारण :** राय के अनुसार भाजपा की हालिया हार अचानक नहीं हुई, बल्कि समय के साथ कई कारकों का परिणाम है। इसमें हेमंत सोरेन के खिलाफ लाभ के पद की शिकायत का तार्किक निष्कर्ष पर नहीं पहुंचना, खनन घोटाले की इडी जांच, जिसमें भाजपा खुद फंसती नजर आयी, इडी द्वारा हेमंत सोरेन और उनके सहयोगियों के खिलाफ बिना पर्याप्त सबूत के कार्रवाई करना समेत अन्य कारण शामिल हैं। राय ने कहा कि झारखंड के मतदाता ऐसे नेता चाहते हैं, जो उनकी पहचान और हितों का प्रतिनिधित्व करे। भाजपा ने अपने अभियान की अगुआई के लिए शिवराज सिंह चौहान (चुनाव प्रभारी) और हिमंता बिस्वा सरमा (सह-प्रभारी) जैसे बाहरी लोगों पर भरोसा किया। झारखंड में अभियान का नेतृत्व करने के लिए कोई स्थानीय चेहरा नहीं था। इससे यह धारणा बनी कि भाजपा बाहरी लोगों की पार्टी है। विडंबना यह है कि भाजपा बाबूलाल मरांडी की जगह रघुबर दास को लाने की योजना बनाकर अपनी गलतियों को दोहराती दिख रही है।

# दामोदर नदी को प्रदूषण से बचाने के लिए लगेगा सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दामोदर नदी को प्रदूषण मुक्त करने और पर्यावरण की संरक्षा के लिए धनबाद में सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगेगा। इसके लिए नई दिल्ली में गुरूवार को नमामि गंगे कार्यालय में त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किया गया। इस परियोजना पर 518.06 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। 192-192 एमएलडी के पांच सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना की जायेगी। समझौते पर स्वच्छ गंगा राष्ट्रीय मिशन, जुडको और धनबाद वेस्ट वाटर मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से हस्ताक्षर किया गया।

**पांच सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट होंगे स्थापित :** इस परियोजना का उद्देश्य मुख्य रूप से दामोदर नदी में गंदे पानी को गिरने से बचाकर प्रदूषण मुक्त करना है। इसके तहत 192 एमएलडी क्षमता के पांच सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट विभिन्न स्थानों पर स्थापित किये जायेंगे। इसके अलावा हाईब्रिड एनुइटी मॉडल पर आधारित पंपिंग स्टेशन का भी निर्माण किया जायेगा।

हाईब्रिड एनुइटी मॉडल इस परियोजना के प्रभावी रूप से दीर्घावधि तक कार्यरत रहने के लिए निजी लोकभागेदारी का एक सुगम माध्यम है। जल की उच्च गुणवत्ता बढ़ाने, प्रदूषण कम करने और क्षेत्र में इकोलॉजिकल गतिविधियों को बढ़ाने के तहत यह स्वच्छ गंगा राष्ट्रीय मिशन का सार्थक प्रयास है।

**ये रहे मौजूद :** समझौते पर हस्ताक्षर के दौरान एनएमसीजी के डीजी राजीव कुमार मित्तल, डीडीजी नलीन कुमार श्रीवास्तव, इडी ब्रिजेंद्र स्वरूप, सुडा डायरेक्टर अमित कुमार, जुडको के पीडीटी गोपालजी, डीजीएम आलोक कुमार और प्रोजेक्ट मैनेजर राधाकांत सिंह उपस्थित रहे।

# स्व. श्रीराम नरेश सिंह की पुण्यतिथि पर गुलमोहर अस्पताल में स्वास्थ्य मेला आज




**रांची (आजाद सिपाही)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुलमोहर अस्पताल द्वारा अपने सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के तहत स्व. श्रीराम नरेश सिंह की पुण्यतिथि पर 27 दिसंबर, दिन शुक्रवार को 'स्वास्थ्य मेला 2024 सह स्वास्थ्य जागरूकता अभियान' का आयोजन किया जायेगा। स्वास्थ्य मेला 2024 सुबह नौ बजे से दिन के एक बजे तक गुलमोहर अस्पताल परिसर में लगेगा। स्वास्थ्य मेला 2024 में हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ अंचल कुमार, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ रचना ए. कुमार, नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ डॉ बीएमके सिन्हा, स्पाइन रोग विशेषज्ञ डॉ मनोज सिंह रखीया (मुंबई, नागपुर), क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ सोनल सिंह रखीया (मुंबई, नागपुर), कंधा रोग विशेषज्ञ डॉ नितीन मोदी (लंदन), क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ अदिति मोदी, फिजिशियन डॉ सोनू कुमार और क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ संजय कुमार अपनी सेवा देंगे। इसके अलावा स्वास्थ्य मेला में ब्लड शुगर, यूरिक एसिड, बीएचडी, एक्स-रे, फिजियोथेरेपी और इसीजी की निःशुल्क जांच की जायेगी। साथ ही जरूरतमंद लोगों को दवाएं भी निःशुल्क दी जायेंगी। इसके अलावा निःशुल्क दवा के साथ बेल्ट और बैसाखी भी निःशुल्क दी जायेगी। इसके लिए 9835131321 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। मेला में चिह्नित मरीजों का इलाज निःशुल्क किया जायेगा।

# गरीबों के बीच कंबल का वितरण




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड तंजीम के संस्थापक अध्यक्ष शमशेर आलम के जन्म दिवस पर झारखंड तंजीम के तत्वावधान में प्रदेश उपाध्यक्ष सरफे आलम एवं सचिव शहबाज आलम के नेतृत्व में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नाला रोड, हिंदपीढ़ी स्थित आवास आलम हाउस में गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया गया। तंजीम के प्रदेश उपाध्यक्ष सरफे आलम ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ठंड को देखते हुए गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया जा रहा है और गुरुवार को वितरण की शुरुआत की गयी है। इसके बाद भी हम कई गरीब मुहल्लों में कंबल का वितरण करेंगे। तंजीम के प्रदेश सचिव सह संयोजक शहबाज आलम ने कहा कि गरीबों के बीच इस तरह का कार्य करने से हमें खुशी मिलती है और गरीब लोगों की दुआएं भी मिलती हैं। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष शमशेर आलम के जन्म दिवस पर सैकड़ों गरीब लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से तनवीर गद्दी साहब, हिफर्जुरहमान साहब, अरबाज आलम साहब, सुफयान, जावेद साहब, फिरोज अहमद साहब, अनीसुर रहमान एवं कोल्हा गद्दी सहित कई अन्य उपस्थित थे।

# झारखंड के कई मंत्रियों के आप्त सचिवों की नियुक्ति का आदेश जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य सरकार के मंत्रियों के आप्त सचिवों की नियुक्ति का आदेश मंत्रिमंडल, सचिवालय व निगरानी विभाग ने जारी किया है। झारखंड प्रशासनिक सेवा के मनोरंजन कुमार जो वर्तमान में मांडर के बीडीओ हैं, उन्हें कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की का आप्त सचिव (सरकारी कोटा) बनाया गया है। सिमडेगा के अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग लकड़ा को मंत्री चमरा लिंडा का आप्त सचिव बनाया गया है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री रामदास सोरेन का आप्त सचिव अजय कुमार सिन्हा को बनाया गया है, वह बाह्य कोटे से आप्त सचिव बनाए गए हैं। नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के आप्त सचिव विनय प्रकाश तिग्गा होंगे। मंत्री दीपिका पांडेय सिंह के आप्त सचिव संदीप दुबे होंगे, उन्हें सरकारी कोटे से आप्त सचिव बनाया गया है। पेयजल व स्वच्छता विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद के आप्त सचिव उमेश कुमार होंगे, उन्हें बाह्य कोटे से आप्त सचिव बनाया गया है। योगेंद्र प्रसाद ने सरकारी कोटे से कपिल कुमार को आप्त सचिव बनाया है। कपिल वर्तमान में राजमहल में अनुमंडल पदाधिकारी हैं। राज्य सरकार की अधिसूचना के मुताबिक सभी आप्त सचिवों की नियुक्ति अस्थायी व को टर्मिनस है। इस नियुक्ति को बिना किसी पूर्व सूचना के भी समाप्त किया जा सकता है।

# शहीद उधम सिंह की जयंती पर किया नमन

**रांची (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने देश के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले महान क्रांतिकारी और अमर शहीद सरदार उधम सिंह की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन किया है। मरांडी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर अमर शहीद सरदार उधम सिंह की जयंती पर उन्हें सादर नमन किया है।

# उर्दू विद्यालयों को एकीकृत वार्षिक अवकाश तालिका में नजरअंदाज करना बर्दाश्त नहीं : उर्दू शिक्षक संघ

- एकीकृत अवकाश तालिका में जल्द किया जाये सुधार, अन्यथा राज्यव्यापी आंदोलन
- राज्य के प्रारंभिक उर्दू एवं सामान्य विद्यालयों के लिए पृथक अवकाश तालिका जारी कर अपना निर्णय पूरा करे विभाग : अमीन अहमद




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ केंद्रीय कमेटी की एक आपात बैठक केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संघ के सभी राज्य प्रतिनिधि द्वारा एकीकृत वार्षिक अवकाश तालिका का जोरदार विरोध किया गया। कहा गया कि अगर इसमें जल्द विभाग सुधार नहीं करती है, तो इसे नहीं माना जायेगा। बैठक के बाद एक मेमोरंडम राज्य परियोजना निदेशक सह निदेशक जेसीइआरटी रांची को सौंपा गया, जिसमें कहा गया कि एकीकृत वार्षिक अवकाश तालिका 2025 में व्याप्त त्रुटियों में सुधार सहित उर्दू तथा सामान्य विद्यालयों के लिए पृथक अवकाश तालिका जारी किया जाये। ऐसा नहीं होने पर वर्तमान अवकाश तालिका को नहीं माना जायेगा।

संघ के केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद ने कहा कि जेसीइआरटी के पत्रांक 1247, दिनांक 30-08-2024 द्वारा वर्ष 2025 से राज्य के उर्दू विद्यालयों एवं सामान्य विद्यालयों के लिए पृथक अवकाश तालिका प्रकाशित किये जाने की स्वीकृति दी गयी थी, लेकिन शैक्षणिक वर्ष 2025 के लिए जारी एकीकृत वार्षिक अवकाश तालिका के संधारण में इसका ख्याल नहीं रखा गया, जिससे राज्य के उर्दू विद्यालयों में विगत वार्षिक अवकाश तालिका से उत्पन्न समस्याएं यथावत रह गये हैं। इसके मद्देनजर सभी कोटि के विद्यालयों के लिए वर्ष 2025 के एक समान वार्षिक अवकाश तालिका के निर्धारण में संघ की ओर से सुझाव भी दिये गये थे, परंतु वर्ष 2024 के एक समान अवकाश तालिका में उत्पन्न समस्याओं को विभाग द्वारा वर्ष 2025 के लिए जारी किये गये एकीकृत वार्षिक अवकाश तालिका में किसी भी प्रकार का सकारात्मक सुधार नहीं किया गया, बल्कि पुरानी गलतियों को पुनः दोहरा दिया गया। इसके साथ ही राज्य के उर्दू तथा सामान्य विद्यालयों के लिए पृथक अवकाश तालिका जारी नहीं किया गया। यह विभाग का वादा खिलाफी है।

संघ के केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद एवं प्रवक्ता शहजाद अनवर ने जानकारी देते हुए बताया कि अगर शिक्षा विभाग इस मामले पर जल्द निर्णय नहीं लेता है, तो विभागीय मंत्री से मिलकर इसकी पूरी जानकारी दी जायेगी। बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष अब्दुल माजिद, महासचिव अमीन अहमद, उपाध्यक्ष साबिर अहमद, नाजिम अशरफ, शहजाद अनवर, मकसूद जफर हादी, एनामुल हक, डॉ वकील अहमद रिजवी, मो फखरूद्दीन, गुलाम अहमद, शाहिद अनवर, अब्दुल गफ्फार, तौहीद आलम, सरवर आलम, असरार अहमद आदि शामिल थे।

# वनवासी कल्याण केंद्र ने मनाया कल्याण आश्रम का स्थापना दिवस

**रांची (आजाद सिपाही)।** वनवासी कल्याण केंद्र ने अपने मुख्यालय में गुरुवार को कल्याण आश्रम का स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ एच पी नारायण, झारखंड सरकार, पंचायती राज निदेशक निशा उरांव, आरएसएस के क्षेत्र सामाजिक सद्भाव प्रमुख राकेश लाल और महामंत्री रिझु कच्छप ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में देवनंदन सिंह, मेघा उरांव, बिमल पाहन, सोमा उरांव, सुनील सिंह, तुलसी गुप्ता, बालेश्वर पाहन, साईं नाथ बेदिया, मनोज भगत, प्रदीप लकड़ा, नकुल तिर्की, राजू उरांव, विजय केसरी, रणधीर सिन्हा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# दो वाहनों में जोरदार टक्कर दो लोग घायल

**रांची (आजाद सिपाही)।** राजधानी रांची में देर रात करीब ढाई बजे दो वाहनों की जोरदार टक्कर हुई है। जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। यह टक्कर अरगोड़ा-कटहलमोड़ रोड में दीपाटोली के पास हुई है। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो गाड़ी ने ट्रैक्टर में मारी जोरदार टक्कर मारी है। स्कॉर्पियो में 2 लोग सवार थे जो गंभीर रूप से घायल हैं। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुंदाग पुलिस ने दोनों वाहन को जब्त किया और वहीं घायलों का इलाज चल रहा है।

# मूलवासी सदान मोर्चा ने रघुवर दास का किया स्वागत






आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ओड़िशा के राज्यपाल पद से इस्तीफा देने के बाद रघुवर दास गुरुवार को रांची पहुंचे। रांची एयरपोर्ट पर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र के नेतृत्व में मोर्चा के लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। स्वागत करने वालों में मूलवासी सदान की महिला सदस्य भी भारी संख्या में शामिल थीं। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि रघुवर दास का छवि भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त रहा है। कहा रघुवर दास कुशल संगठनकर्ता हैं, इनके सक्रिय राजनीति में आने से कार्यकताओं में उत्साह का संचार होगा और इसका फायदा भाजपा को मिलेगा। स्वागत करने वालों केंद्रीय प्रवक्ता डॉ सुदेश कुमार, मीडिया प्रभारी विशाल सिंह, रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष मुरारी गुप्ता, बेड़ों अध्यक्ष धनंजय कुमार राय, विशाल कुमार साहू, महिला मोर्चा की आरती देवी, किरण देवी, बसंती देवी, उमेरा खातुन, मुमताज खान, सुशील साहू, विश्वनाथ गोप, धनी राम साहू, अमित साहू विकास कुमार, अरविंद सेठ, अतुल कुमार, शिवानी, विश्वकर्मा, रीता गुप्ता, शीतल गुप्ता, मुकेश साहू शांति देवी, मंजू पूजा देवी, रेणु देवी, काजल देवी रोशनी कुमारी अनीता देवी, सोनी देवी, केसरी देवी, सुनीता देवी, चंदन प्रसाद, पूनम देवी, संगीता देवी आरती देवी हो गया रेशमी देवी, रविंद्र साहू, जितेंद्र साहू, रेखा देवी, सहदेव साहू, आदि शामिल थे।

# हम साथ-साथ हैं

जब अमेरिका में बाइडन सरकार की विदाई और नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के वाइट हाउस में स्वागत की तैयारियां चल रही हैं, भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर की छह दिनों की अमेरिका यात्रा ने स्वाभाविक ही ध्यान खींचा है। यात्रा का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि बदलते वैश्विक माहौल और अमेरिका में हो रहे सत्ता परिवर्तन से द्विपक्षीय रिश्तों की सहजता प्रभावित न हो। अगर इस यात्रा की पृष्ठभूमि देखी जाये तो साफ है कि पिछले महीने अमेरिका में हुए राष्ट्रपति चुनाव अस्वाभाविक रूप से पोलराइज्ड माहौल में हुए। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर जिस तरह के आरोप लगाये और नीतियों की जैसी तीखी आलोचना की, उससे उपजी कड़वाहट चुनावों तक सीमित रह पायेगी, ऐसा विश्वासपूर्वक नहीं कहा जा सकता। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप अपनी मुखरता के लिए जाने जाते रहे हैं, लेकिन राष्ट्रपति चुने जाने के बाद शपथ ग्रहण से पहले अपनी सरकार के लिए नियुक्तियों और कई बयानों के जरिये यह संकेत दे दिया कि अहम वैश्विक मसलों पर उनकी सोच क्या है। नतीजे के तौर पर बाइडन प्रशासन के आखिरी दिनों के कुछ फैसलों को आगामी सरकार की राह मुश्किल बनाने वाला माना गया। इस वजह से यह संदेह बढ़ा कि कहीं अमेरिका में सत्ता परिवर्तन के बाद की नीतियों पर इस कड़वाहट का बेजा असर न पड़े। ऐसे में विदेश मंत्री जयशंकर की इस यात्रा को संभावित अनिश्चितताएं खत्म करने की एक प्रो-एक्टिव कोशिश के रूप में देखा जा सकता है। इस दौरान जयशंकर न सिर्फ बाइडन प्रशासन के लोगों से मिलेंगे बल्कि ट्रंप की टीम के अहम लोगों से भी उनकी मुलाकात और बातचीत होगी। विदेश मंत्री की इस यात्रा की तैयारी के क्रम में विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री और अमेरिका में भारतीय राजदूत विनय क्वात्रा की अमेरिकी थिंकटैंक के लोगों के साथ ही बाइडन प्रशासन और ट्रंप की टीम के सदस्यों से संयुक्त बैठकों से भी इस बात की पुष्टि होती है। पिछले दो-ढाई दशकों में अमेरिका और भारत के रिश्तों में हुई प्रगति को ध्यान में रखें तो यह कोशिश अस्वाभाविक नहीं लगती। साल 2000 में जो द्विपक्षीय व्यापार महज 20 बिलियन डॉलर था, वह 2023 में बढ़ कर 195 बिलियन डॉलर हो गया। इसी अवधि में द्विपक्षीय रक्षा व्यापार शून्य से बढ़कर 24 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया। इस साल के अंत तक द्विपक्षीय व्यापार 200 बिलियन डॉलर पार करने की अपेक्षा है। यही नहीं, 2023 में अमेरिका भारत में रेमिटेंस के सबसे बड़े स्रोत के रूप में उभरा। इनके साथ ही मौजूदा वैश्विक समीकरणों में दोनों देशों के बीच तालमेल की अहमियत को देखें तो स्पष्ट हो जाता है कि दोनों देशों के संबंधों की सहजता सुनिश्चित करने का प्रयास स्वाभाविक ही नहीं आवश्यक है।

**साल 2000 में जो द्विपक्षीय व्यापार महज 20 बिलियन डॉलर था, वह 2023 में बढ़ कर 195 बिलियन डॉलर हो गया। इसी अवधि में द्विपक्षीय रक्षा व्यापार शून्य से बढ़कर 24 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**भूमि अधिकांश आर्थिक गतिविधियों के लिए आधारशिला के रूप में कार्य करती है। यह विकास और समृद्धि का आधार भी बनती है। ग्रामीण भारत के बसावट वाले क्षेत्र (आबादी वाली भूमि) लंबे समय से महत्वपूर्ण सुधारों से अछूते रहे हैं। सीमित सर्वेक्षण किए जाने और सटीक मानचित्र उपलब्ध न होने के कारण, इन क्षेत्रों में संभावित संपत्ति स्वामित्व, अनसुलझे विवाद और संस्थागत ऋण तक पहुंच की कमी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ा है।**

# स्वामित्व संपत्ति कार्ड : ग्रामीण संपदाओं के आर्थिक लाभ का माध्यम



**डॉ बिजय कुमार बेहरा**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर 24 अप्रैल 2020 को स्वामित्व योजना शुरू की गयी। यह योजना ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने की एक ऐतिहासिक पहल है। इसका उद्देश्य देश के सभी बसावट वालेक्षेत्रों में प्रत्येक ग्रामीण घर के मालिक को अधिकार पत्र प्रदान करना था। यह परिवर्तनकारी योजना ग्रामीण संपदाओं से आर्थिक लाभ प्राप्ति के द्वार खोल रही है और व्यापक तौर पर ग्राम-स्तरीय योजना को बढ़ावा दे रही है। अपने चरणबद्ध कार्यान्वयनद्वारा यह योजनाभूमि प्रशासन में क्रांति ला रही है और ग्रामीण समुदायों में आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दे रही है।

भूमि अधिकांश आर्थिक गतिविधियों के लिए आधारशिला के रूप में कार्य करती है।यह विकास और समृद्धि का आधार भी बनती है। ग्रामीण भारत के बसावट वाले क्षेत्र (आबादी वाली भूमि) लंबे समय से महत्वपूर्ण सुधारों से अछूते रहे हैं। सीमित सर्वेक्षण किए जाने और सटीक मानचित्र उपलब्ध न होने के कारण, इन क्षेत्रों में संभावित संपत्ति स्वामित्व, अनसुलझे विवाद और संस्थागत ऋण तक पहुंच की कमी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ा है।

भूमि प्रशासन में इस कमीके कारण ग्रामीण लोग गैर-संस्थागत ऋणदाताओं पर निर्भर होते थे। ऐसे ऋणदाता अत्यधिक ब्याज दर पर वसूली करते थे। इससे गरीबी और वित्तीय असुरक्षा बढ़ती गयी। इन चुनौतियों को पहचानते हुए, राज्य राजस्व या पंचायती राज अधिनियमों द्वारा समर्थित संपत्ति कार्ड जारी करने के लिए स्वामित्व योजना की अवधारणा बनायी गयी थी। ये कार्ड स्वामित्व का औपचारिक दस्तावेजीकरण प्रदान करते हैं। इसके द्वारा वित्तीय समावेशन और सतत ग्रामीण विकास का मार्ग प्रशस्त होता है।

**स्वामित्व योजना को पहले छह राज्यों-महाराष्ट्र, कर्नाटक, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश में पायलट चरण में शुरू किया गया था।**

स्वामित्व योजना को पहले छह राज्यों-महाराष्ट्र, कर्नाटक, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश में पायलट चरण में शुरू किया गया था। प्रधानमंत्री ने 11 अक्टूबर 2020 को 763 गांवों में लगभग एक लाख संपत्ति मालिकों को स्वामित्व कार्ड वितरित किये। शुरुआती सफलता के बादइस योजना को 24 अप्रैल,2021 को पूरे देश में लागू किया गया। आज तक 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने ग्रामीण आबादी वाले क्षेत्रों के सर्वेक्षण में समन्वित प्रयास सुनिश्चित करने के लिए भारतीय सर्वेक्षण विभाग के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं।

उन्नत ड्रोन तकनीक को अपनाना इस योजना की सफलता का आधार है। आबादी क्षेत्रों के हाई-रिजॉल्यूशन वाले नक्शे तैयार किए जाते हैं, जिससे संपत्ति का सटीक चित्रण संभव होता है। यह तकनीकी क्रियाकलाप ग्रामीण संपत्तियों के दस्तावेजीकरण में सटीकता, पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करता है। संपत्ति कार्ड जारी करने से ग्रामीण क्षेत्रों में अप्रयुक्त आर्थिक क्षमता का लाभ मिल रहा है।

संपत्ति के मालिक अब व्यवसाय का विस्तार करने, बेहतर आवास में निवेश करने या कृषि उत्पादकता में सुधार करने के लिए बैंक ऋण प्राप्त करके अपनी संपत्ति का आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। यह बदलाव अनौपचारिक ऋणदाताओं पर निर्भरता को कम करने के साथ ही वित्तीय स्वतंत्रता की संस्कृति को बढ़ावा भी दे रहा है। इसके अलावा, सटीक भूमि रिकॉर्ड की उपलब्धता संपत्ति विवादों को कम कर रही है।ऐसे विवादों ने ग्रामीण समुदायों पर अत्यधिक बोझ डाला है और न्यायिक प्रणालियों को अवरुद्ध किया है। स्वामित्व योजना संघर्ष को कम करकेसामाजिक सद्भाव को बढ़ावा दे रही है और सामुदायिक संबंधों को सुचारू बना रही है।

वित्तीय सशक्तिकरण के अलावा,स्वामित्व योजना एक सुव्यवस्थित ग्राम विकास को आगे बढ़ा रही है। विस्तृत मानचित्रों का निर्माण संभव होने से स्थानिक नियोजन और पंचायतों में विकास नियंत्रण विनियमन (डीसीआर) की शुरुआत को बल मिला है। ये उपाय असंगठित विकास को औपचारिक बनाते हैं और भूमि का मनोनुकूल इस्तेमाल सुनिश्चित करते हैं। बिल्डिंग परमिशन सिस्टम कायम होने से सुरक्षा मानक और भी अधिक बढ़े हैं और सौंदर्य तथा संरचनात्मक रूप से सशक्त निर्माण को बढ़ावा भी मिला है।

योजना से मिलने वाला योगदान सतत विकास लक्ष्य 11 के अनुकूल है। यह स्थायी शहरों और समुदायों पर जोर देता है। नियोजित विकास और टिकाऊ प्रणालियों को प्रोत्साहित करके, स्वामित्व योजना ग्रामीण क्षेत्रों को आर्थिक गतिविधि के केंद्र बनाने के साथ-साथ उन्हें बेहतर जीवन स्तर के रूप में विकसित कर रही है। स्वामित्व योजना ग्रामीण विकास में पंचायती राज संस्थाओं की भूमिका को मजबूत करती है।

सटीक भूमि रिकॉर्ड बेहतर शासन के लिए आधार के रूप में काम करते हैं। इससे डेटा-संचालित निर्णय लेने और सरकारी योजनाओं के कुशल कार्यान्वयन को सक्षम बनाने में मदद मिलती है। इसके अतिरिक्त, बिल्डिंग परमिशन सिस्टम और अन्य पहलों के माध्यम से उत्पन्न राजस्व पंचायतों के स्वयं के स्रोत राजस्व (ओएसआर) में योगदान मिलता है और उनकी वित्तीय स्वायत्तता बढ़ती है।

अब तक देश भर में लाखों स्वामित्व कार्ड वितरित किये जा चुके हैं। यह इस योजना के व्यापक प्रभाव को दर्शाता है। ये प्रयास आर्थिक विकेंद्रीकरण और जमीनी स्तर पर सशक्तिकरण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को चिह्नित करते हैं। माननीय प्रधानमंत्री 27 दिसंबर, 2024 को एक ही दिन में 12 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 50,000 से अधिक गांवों में 58 लाख स्वामित्व कार्डों के ई-वितरण का शुभारंभ करके इतिहास रचेंगे और इस योजना के तहत 2 करोड़ से अधिक संपत्ति कार्डों के निर्माण और वितरण का एक और मील का पत्थर हासिल होगा। यह प्रधानमंत्री के विजन को साकार करता है, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करता है और वित्तीय समावेशन, आत्मनिर्भरता और ग्रामीण भारत में उद्यमिता, रोजगार और व्यवसाय की स्थापना के अवसरों के निर्माण के लिए भारत की प्रतिबद्धता (संकल्प) को प्रदर्शित करता है।

स्वामित्व योजनाग्रामीण संपत्तियों का आर्थिक लाभ प्राप्त करने केतकनीकी क्रियाकलापों की परिवर्तनकारी शक्ति का प्रमाण है। यह योजना ग्रामीण परिवारों को सशक्त बनाती है और विकसित भारत में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को भी मजबूत करती है।

स्वामित्व एक योजना से कहीं अधिक है।यह एक आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत के लिए एक विजन है। ग्रामीणों को उनकी संपत्तियों को भुनाने के लिए उपकरण प्रदान करके, यह उद्यमशीलता और नवाचार को बढ़ावा देता है। जैसे-जैसे ग्रामीण क्षेत्र आर्थिक रूप से अधिक जीवंत होते जाते हैं, वे राष्ट्र के समग्र विकास पथ में योगदान करते हैं।

स्वामित्व योजना की सफलता इसके निरंतर विकास की मांग करती है। जागरूकता अभियानों का विस्तार यह सुनिश्चित करेगा कि प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार संपत्ति कार्ड से लाभान्वित हो। वित्तीय संस्थानों के साथ सहयोग द्वारा ऋण तक पहुंचना और सरल बन सकता है। वहीं, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) और मशीन लर्निंग (एमएल) जैसी नयी तकनीकों को आपस में जोड़ कर ग्रामीण नियोजन के लिए डेटा विश्लेषण को बढ़ाया जा सकता है। इसके अलावा, योजना की संरचना समान भूमि प्रशासन संबंधी चुनौतियों से जूझ रहे अन्य देशों के लिए एक मॉडल हो सकती है। इस क्षेत्र में भारत का नेतृत्व इसे ग्रामीण विकास के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने में वैश्विक अग्रणी के रूप में स्थापित करता है।

स्वामित्व संपत्ति कार्ड पहल सिर्फ एक दस्तावेजीकरण अभियान से कहीं ज्यादा है। यह ग्रामीण संपत्तियों का आर्थिक लाभ प्राप्त करने, वित्तीय स्वतंत्रता को बढ़ावा देने और समग्र ग्राम विकास को सक्षम करने का एक सशक्त माध्यम है। भूमि प्रशासन में लंबे समय से चली आ रही चुनौतियों का समाधान करके यह ग्रामीण समुदायों को गरीबी के चक्र से मुक्त होने और विकास के अवसरों को अपनाने के लिए सशक्त बना रहा है। यह योजना तेजी से आगे बढ़ रही है। यह अभिनव नीति निर्माण और तकनीकी क्रियाकलाप की परिवर्तनकारी शक्ति का प्रमाण बन रही है। स्वामित्व के जरिए, एक समृद्ध, आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत का सपना निरंतर साकार हो रहा है।

वित्तीय समावेशन और उद्यमिता को बढ़ावा स्वामित्व संपत्ति कार्ड जारी होने से लाखों ग्रामीण परिवारों के पास अब एक मान्यता प्राप्त वित्तीय संपत्ति उपलब्ध है। इसने ग्रामीण भारत में छोटे और मध्यम उद्यमों (एसएमइ) का फलना-फूलना, ग्रामीण परिवारों को शिक्षा, आवास या व्यवसाय शुरू करने के लिए बैंक ऋण सुरक्षित करना, और बेहतर घरेलू आय और आर्थिक स्वतंत्रता निम्नलिखित के लिए रास्ते खोले हैं। मध्य प्रदेश और राजस्थान मेंसंपत्ति मालिकों ने बैंक ऋण प्राप्त करने, आवास सुविधा में निवेश करने और परिवार द्वारा संचालित व्यवसायों का समर्थन करने के लिए स्वामित्व कार्ड का सफलतापूर्वक उपयोग किया है।

**ग्रामीण संपदाओं की आर्थिक संभावनाओं के द्वार खुले :** स्वामित्व संपत्ति कार्ड केवल एक दस्तावेज नहीं है। यह वित्तीय स्वतंत्रता, आत्मनिर्भरता और सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण की कुंजी है। प्रौद्योगिकी-संचालित समाधानों और सहभागी शासन का लाभ उठाकर, इस योजना ने ग्रामीण संपदाओं की आर्थिक संभावनाओंके द्वार खोले हैं। इससे उद्यमिता, रोजगार और बेहतर आजीविका के अवसर पैदा हुए हैं। जैसे-जैसे यह पहल विकसित होती जा रही है, यह एक मजबूत, सशक्त और आर्थिक रूप से जीवंत ग्रामीण भारत के निर्माण के लिए भारत के संकल्प (संकल्प) का प्रतीक बनती जा रही है।

**(लेखक : आर्थिक सलाहकार, पंचायती राज मंत्रालय हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

# अजय माकन पर 24 घंटे में कार्रवाई करे कांग्रेस, वरना इंडिया गठबंधन से बाहर करने की मांग करेंगे : आतिशी

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**नयी दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच बयानों को लेकर टकराव शुरू हो गया है। दिल्ली की सीएम आतिशी और सांसद संजय सिंह ने गुरुवार को कहा, 'कांग्रेस नेता अजय माकन हमारे नेता अरविंद केजरीवाल को एंटी-नेशनल कहते हैं। क्या उन्होंने भाजपा के किसी नेता के खिलाफ ऐसा आरोप लगाया।'

आतिशी ने कहा कि हम कांग्रेस पार्टी से मांग करते हैं कि वह माकन के खिलाफ 24 घंटे के अंदर कार्रवाई करें। वर्ना हम इंडिया ब्लॉक से कांग्रेस पार्टी को अलग करने के लिए अन्य विपक्षी दलों से बात करेंगे।

संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली के अंदर कांग्रेस पार्टी भाजपा के पक्ष में खड़ी हो गयी है। कांग्रेस हर वो काम कर रही है, जिससे भाजपा को चुनाव में फायदा हो। दिल्ली के अंदर कांग्रेस के नेता हैं अजय माकन वो भाजपा की स्क्रिप्ट पढ़ते हैं। वो भाजपा के कहने पर आम आदमी पार्टी के नेताओं को टारगेट करते हैं।

**माकन ने केजरीवाल को फर्जीवाल कहा था**

कांग्रेस नेता अजय माकन ने 25 दिसंबर को दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को देश का फ्रॉड किंग यानी सबसे बड़ा धोखेबाज बताया। माकन ने कहा कि अगर केजरीवाल को एक शब्द में परिभाषित करना हो, तो वो शब्द फर्जीवाल होगा।


माकन ने यह भी कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए आप के साथ गठबंधन में आना कांग्रेस की भूल थी, जिसे अब सुधारा जाना चाहिए। केजरीवाल जैसे व्यक्ति पर भरोसा नहीं किया जा सकता। उनकी कोई विचारधारा और कोई सोच नहीं है। वे अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। केजरीवाल समान नागरिक संहिता, अनुच्छेद 370 और नागरिकता कानून पर भाजपा के साथ खड़े रहे। केजरीवाल एंटी नेशनल हैं। हालांकि माकन ने यह भी साफ किया कि यह उनकी निजी राय है।

# अन्ना यूनिवर्सिटी में इंजीनियरिंग स्टूडेंट से रेप

**चेन्नई (आजाद सिपाही)।** तमिलनाडु में चेन्नई की अन्ना यूनिवर्सिटी में इंजीनियरिंग की सेकेंड ईयर स्टूडेंट के साथ रेप का मामला सामने आया है। घटना यूनिवर्सिटी कैंपस में 23 दिसंबर रात 8 बजे की बतायी जा रही है। यूनिवर्सिटी कैंपस के पास ही राजभवन और आइआइटी मद्रास है, जो हाई-सिक्योरिटी जोन में आता है। पीड़ित युवती ने डायल 100 पर शिकायत की, जिसके बाद पुलिस ने बयान दर्ज किया और आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस ने कैंपस में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की और आरोपी ज्ञानशेखरन की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी पर 12 साल पहले भी रेप के आरोप लगे थे।

# महाराष्ट्र में कांट्रेक्ट कर्मचारी ने 21 करोड़ का घोटाला किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मुंबई।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में एक कांट्रैक्ट कर्मचारी ने 21 करोड़ रुपये का घोटाला किया है। इस रकम से उसने अपनी गर्लफ्रेंड के लिए एयरपोर्ट रोड में लग्जरी फ्लैट खरीदकर गिफ्ट कर दिया। खुद के लिए उसने इटह की कार और बाइक खरीदी।

पुलिस ने बताया कि 23 साल का हर्षल कुमार क्षीरसागर संभाजीनगर खेल परिसर में कंप्यूटर ऑपरेटर है। उसकी सैलरी 13 हजार रुपये है। उसने इसी साल 1 जुलाई से 7 दिसंबर के बीच विभाग के 21 करोड़ 59 लाख 38 हजार रुपये इंटरनेट बैंकिंग के जरिए 13 खातों में ट्रांसफर किये। उसने साथी कर्मचारी यशोदा शेट्टी और उसके पति बीके जीवन के साथ मिलकर यह घोटाला किया।

**बैंक खाते से 59 करोड़ का हेरफेर**

राज्य सरकार ने संभाजीनगर में खेल परिसर के निर्माण के लिए पैसे भेजे थे। खेल परिसर के नाम से इंडियन बैंक में खाता खोला गया था। इस खाते में लेनदेन डिप्टी स्पोर्ट्स डायरेक्टर द्वारा साइन किए गए चेक से होता था।

आरोपी हर्षल, यशोदा शेट्टी और उसके पति बीके जीवन ने फर्जी दस्तावेज तैयार करके बैंक को दिए और इंटरनेट बैंकिंग एक्टिव करने के बाद रकम को अपने खाते में ट्रांसफर कर लिया। डिप्टी डायरेक्टर को 6 महीने बाद इस घटना का पता चला। हर्षल फरार है, जबकि यशोदा और उसके पति को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी हर्षल ने 1.20 करोड़ की बीएमडब्ल्यू कार, 1.30 करोड़ रुपये की एसयूवी और 32 लाख रुपए की बीएमडब्ल्यू बाइक खरीदी।

# 70 घंटे से बोरवेल में फंसी बच्ची, खुदाई जारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**राजस्थान।** राजस्थान में बोरवेल बच्चों के लिए समस्या बनता जा रहा है। हाल में ही आर्यन नाम के पांच साल के बच्चे की मौत बोरवेल में गिरने से हो गयी थी। अब एक बार फिर राजस्थान के कोटपूतली में 3 साल की बच्ची चेतना बोरवेल में गिर गयी है। चेतना को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। 70 घंटे से ज्यादा वक्त बीतने के बाद भी उसे बाहर नहीं निकाला जा सका है। चेतना को बोरवेल से निकालने के लिए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम मौके लगातार काम कर रही है। बचाने के लिए पहले प्लान अ और अब प्लान इ के तहत प्रयास किया जा रहा है। इसके अलावा नन्ही बच्ची चेतना को बचाने के लिए उत्तराखंड से स्पेशल रैट माइनर्स टीम को बुलाया गया है। तीन साल की बच्ची चेतना को बोरवेल से सकुशल निकालने के लिए भारी कवायत जारी है। राहत और बचाव टीम लगातार काम कर रही है।

# यूक्रेन को हथियारों की सप्लाई बढ़ायेगा अमेरिका

**बाइडेन बोले : यूक्रेनी लोगों को शांति से जीने का हक**

**क्रिसमस पर रूस ने दागीं 78 मिसाइलें**

**एजेंसी**



**कीव।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने बुधवार को यूक्रेन पर हुए रूसी मिसाइल और ड्रोन हमले की निंदा की है। बाइडेन ने आरोप लगाया कि रूस ने मिसाइल और ड्रोन हमले के जरिये यूक्रेन की एनर्जी ग्रिड को निशाना बनाया है। इसके जरिए रूस सर्दी में यूक्रेनी लोगों की बिजली सप्लाई काटना चाहता है। बाइडेन ने यूक्रेन को मदद देने की बात भी दोहरायी। बाइडेन के मुताबिक अमेरिका ने पिछले कुछ महीनों में यूक्रेन को सैकड़ों मिसाइलें दी हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका यूक्रेन को हथियारों की सप्लाइ बढ़ायेगा। यूक्रेन को जल्द ही मिसाइलों की नयी खेप दी जायेगी। इसके लिए अमेरिकी रक्षा विभाग को मिसाइलों की सप्लाइ तेज करने के निर्देश दिये गये हैं।

उन्होंने दुनिया के दूसरे देशों से भी यूक्रेन की मदद करने के लिए कहा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि यूक्रेन के लोगों शांति और सुरक्षा के साथ जीने का अधिकार है। बाइडेन ने कहा कि हम यूक्रेन का तब तक समर्थन करते रहेंगे, जब तक वह रूस के खिलाफ जीत हासिल न कर ले।

**रूसी हमले में 1 की मौत, 21 घायल**

रूस ने अपने हमले में यूक्रेन के कई शहरों को निशाना बनाया। यूक्रेनी एयरफोर्स के मुताबिक रूस हमले के लिए 78 मिसाइलों और 106 ड्रोन्स का इस्तमाल किया। इस हमले में 1 शख्स की मौत हुई, जबकि 21 घायल हुए हैं। यूक्रेनी मीडिया के मुताबिक सबसे बड़ा हमला खार्किव शहर पर किया गया।

# बांग्लादेश के सचिवालय की बिल्डिंग में लगी आग

**एजेंसी**

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका के सेगुनबागीचा इलाके में बुधवार देर रात करीब 2 बजे सचिवालय में आग लग गयी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आग सचिवालय की बिल्डिंग नंबर 7 में 6वीं मंजिल पर लगी थी, जो बाद में 7वीं और 8वीं मंजिल पर फैल गई। इस बिल्डिंग में ट्रांसपोर्ट समेत 7 मंत्रालयों के ऑफिस हैं। आग की खबर मिलते ही दमकल विभाग ने मौके पर 8 यूनिट भेज दी थीं। हालांकि, आग को काबू में करने के लिए बाद में दमकल की 10 और यूनिट मौके पर भेजी गयी। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत से 6 घंटे बाद आग पर काबू पा लिया। दमकल की मीडिया सेल के अधिकारी शाहजहां शिकदर के मुताबिक दमकल विभाग को रात 1:52 बजे आग लगने की जानकारी मिली थी, जिसके बाद 1:54 पर दमकल कर्मी मौके पर पहुंच गये थे। आग पर सुबह 8:05 बजे काबू पा लिया गया।

## बीडीओ ने कंबल आवंटित किया

बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। बीडीओ रौशन कुमार ने जिला से प्राप्त कंबल को पंचायत के लिए आवंटित कर दिया है। जानकारी के मुताबिक बीडीओ ने कुंबाखुर्द को 170, बिलासपुर को 130, हलिवंता कला को 160, पीपरडीह को 140, चितविश्राम को 180, नरही को 150, कुशडंड को 160, हुलहुला खुर्द को 130, गरबांध को 160, भोजपुर को 140, कधवन को 110 और कोलझिकी को 120 कंबल आवंटित किया है। उन्होंने सभी पंचायत सचिव को 24 घंटे के भीतर प्रखंड कार्यालय से कंबल का उठाव कर सुयोग्य लाभुकों के बीच वितरित करने और रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है।

## साउथ प्वाइंट और निकेतन रेहला सेमीफाइनल में

गढ़वा (आजाद सिपाही)। 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के 11वें दिन खेले गये क्वार्टर फाइनल मैच में साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल की टीम ने रोमांचक मुकाबले में साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल की टीम ने बीएसकेडी को दो विकेट से हराया, वहीं दूसरे मैच में ज्ञान निकेतन स्कूल रेहला की टीम ने बीपी डीएवी को एक तरफा मुकाबले में पांच विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

# अंतरराज्यीय ट्रक-ट्रेलर लुटेरों का भंडाफोड़, नौ अपराधी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



गढ़वा। गढ़वा पुलिस ने अंतराज्यीय ट्रक लुटेरों के एक बड़े गिरोह का पदार्फाश करते हुए 9 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से लूटी गयी अशोक लीलैंड ट्रक के दो इंजन एक ट्रेलर और 8 मोबाइल फोन बरामद किये गये हैं। इस संबंध में गढ़वा पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे ने प्रेस वार्ता कर बताया कि यह घटना 20 - 21 दिसंबर की रात करीब 8:00 बजे गढ़वा रंग का मार्ग पर ओबरा गांव के पास हुई। लुटेरे ने एक बोलेरो कार और अशोक लीलैंड ट्रक से ओवरटेक कर ट्रक ट्रेलर ड्राइवर को मारपीट कर नीचे उतार दिया और ट्रक लूट लिया। लेकिन तकनीकी समस्या के कारण अपराधी 18 चक्का ट्रेलर को अलग नहीं कर सके, जिससे वे रंका की ओर बढ़े। ट्रेलर अलग करने में असमर्थ लुटेरों ने जीपीएस लाइन होटल के पास ट्रक छोड़कर भागने का प्रयास किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इधर गढ़वा पुलिस उपाधीक्षक नीरज कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए ट्रक ट्रेलर को बरामद किया। इसके बाद लरकोरिया गांव से इंतियाज होटल के पास से लूटा गया इंजन भी बरामद कर लिया गया। एसपी ने लुटेरों के संदर्भ में बताते हुए कहा कि गिरफ्तार लुटेरों में तौकीर आलम टंडवा, रामना, गढ़वा, पंकज कुमार यादव महुआमा, शेरघाटी, गया, बिहार निसार अंसारी उर्फ छोटू, सीरिया टोंगर, रमना, गढ़वा, इमाम अंसारी, सीरिया टोंगर, रमना, फिरदौस अंसारी पासवान, रामना, गढ़वा सदरे आलम नगर उत्तरी, गढ़वा, अल्ताफ अंसारी, पतिहारी बिशनपुर, गढ़वा, बुद्धू यादव, बेलदार, बीघा, शेरघाटी, गया बिहार और शत्रुघ्न चौरसिया लोकया, चैनपुर ,पलामू के रहने वाले हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरोह का मुख्य उद्देश्य महंगे ट्रक ट्रेलरों को लूटकर उन्हें चांडिल ले जाकर पेंट करना और पांच लाख रुपये में बेचना था। इस ग्रुप ने 26 -27 अगस्त की रात बेलचंपा से 18 चक्का ट्रेलर लूटा था और उसे चांडिल में बेच दिया था। पुलिस ने लुटेरों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली स्विफ्ट कार और बलेनो कार भी बरामद की है। बेलचंपा से लूटे गये ट्रक ट्रेलर की तलाश जारी है। और उसे भी जल्द बरामद के लिया जायेगा।

# सेल प्रबंधन मजदूरों के साथ कर रहा है नाइंसाफीः दीपक प्रताप देव

आजाद सिपाही संवददाता



बंशीधर नगर। भोजपुर गढ़ के प्रमुख सह झामुमो नेता दीपक प्रताप देव ने भवनाथपुर में आंदोलनरत विस्थापितों और मजदूरों के साथ खड़े होने व उनकी लड़ाई में साथ देने का एलान किया है। उन्होंने कहा कि जब तक मजदूरों का बकाया भुगतान और विस्थापितों को मुआवजा नहीं मिल जाता है, तब तक किसी भी कीमत पर क्रशर प्लांट को कटने नहीं देंगे। वे गुरुवार को यहां सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि इसे लेकर शुक्रवार को वे सेल ऑफिस जाकर क्रशर प्लांट की कटाई का काम रुकवा देंगे। श्री देव ने कहा कि सेल प्रबंधन मजदूरों के साथ नाइंसाफी कर रहा है। हमलोग मजदूरों और विस्थापितों के साथ हो रहे शोषण के खिलाफ हैं। मजदूरों और विस्थापितों के साथ मिलकर इस लड़ाई को लड़ेंगे और क्रशर कटिंग करने वालों को खदेड़कर दम लेंगे।

उन्होंने पूर्व विधायक भानू प्रताप शाही पर हमला बोलते हुये कहा कि भानू प्रताप ने विधायक रहते हुये दस करोड़ रुपये में क्रशर प्लांट का सौदा किया है। दस करोड़ रुपये लेकर क्रशर प्लांट का टेंडर कर के कटिंग शुरू कराया गया है। श्री देव ने कहा कि अब क्रशर प्लांट किसी सूरत में नहीं कटेगा। यहां से क्रशर प्लांट किसी भी हालत में नहीं जायेगा। उन्होंने कहा कि यदि क्रशर प्लांट से लोहे का एक टुकड़ा भी बाहर जायेगा, तो मेरी लाश पर जायेगा।

उन्होंने कहा कि यहां के मजदूरों को मजदूरी मिले और यहां पर जो विस्थापित परिवार हैं जिनको जमीन का मुआवजा नहीं मिला है, उनकी जमीन वापस हो। श्री देव ने कहा कि विधायक अनंत प्रताप देव मजदूरों और विस्थापितों के साथ हैं। इसे लेकर वे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को मिले हैं। सकारात्मक जवाब मिला है। उन्होंने कहा कि जल्द ही समाधान हो जायेगा।

इस मौके पर संतोष कुमार दूबे, मनोज कुमार गुप्ता, दीपू कुमार गुप्ता, बसंत यादव, आशीष यादव, मेवा गुप्ता, बिकु कुमार मौजूद थे।

## दो दर्जन मुसहर परिवारों के बीच खाद्य सामग्री और कंबल का वितरण



मेराल (आजाद सिपाही)। कड़ाके की ठंड को देखते हुए सीओ यशवंत नायक अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ अंचल क्षेत्र में भ्रमण कर करीब दो दर्जन मुसहर परिवारों के बीच खाद्य सामग्री व कंबल का वितरण किया। इस संबंध में सीओ यशवंत नायक ने बताया कि कड़ाके की ठंड को देखते हुए अहले सुबह अंचल मुख्यालय के साथ बाना, दुनूखाड़ गांव में जाकर ठंड से ठिठुर रहे जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल तथा खाद्य सामग्री चावल, दाल, आलू सहित अन्य राशन सामग्री का वितरण किया। उन्होंने बताया कि अपने निजी मद से मुशहर परिवारों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया। आगे भी इस तरह का अभियान जारी रहेगा। इस मौके पर अंचल के प्रधान सहायक मुरारी मिश्रा, रियासत अली, चालक सुरकेश आदि मौजूद थे।

## भाजपा नेताओं ने थाना प्रभारी से गर्ल्स स्कूल के लिए पुलिस गस्ती की मांग



रंका (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी रंका उतरी मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश दास के नेतृत्व में भाजपा नेताओं ने रंका थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी से एक शिष्टाचार मुलाकात की और गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर नेताओं ने आरके प्लस टू उच्च विद्यालय एवं परियोजना कन्या उच्च विद्यालय खुलने के 10 मिनट पहले और छुट्टी होने के 10 मिनट बाद की अवधि में पुलिस गस्ती करने की मांग की, जिस पर थाना प्रभारी ने आश्वासन देते हुए कहा कि इस बात को गंभीरता से लेते हुए तत्काल इस दिशा में पहल की जायेगी। इस मौके पर भाजपा महामंत्री दिनेश प्रसाद चंद्रवंशी, युवा मोर्चा महामंत्री रविंद्र प्रसाद गुप्ता, भाजपा नेता रवि उर्फ चप्पू चंद्रवंशी, चंदन प्रजापति, सत्यनारायण यादव, कंचनपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि शेखर कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बेटे की साजिश के तहत की गयी हत्या : पिता



डंडई (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के रारो गांव के भोकचाही टोला में 5 दिन पूर्व कुएं से मिले शव की घटना को लेकर मृतक रंजीत गुप्ता के पिता नंदू साव ने गुरुवार को अपने आवास पर बताया कि घटना के एक दिन पूर्व 21 दिसंबर दिन शनिवार को देर शाम को गांव के ही राजेंद्र गुप्ता पिता जवाहीर साव, अनीस अंसारी पिता इशहाक अंसारी ने बाइक पर सवार होकर मेरे पास पहुंचे और राजेंद्र गुप्ता के द्वारा हमें तरह-तरह की धमकियां दिया गया और कहा कि आप अपने बेटे रंजीत गुप्ता को समझा दो नहीं तो इसका अंजाम बहुत बुरा होगा तभी से हमलोग काफी भयभीत था। अगले दिन सुबह ही मेरे बेटे की शव को कुआं से बरामद हुआ। वहीं घटना को लेकर नंदू साव ने बताया कि मेरा लड़का का संपर्क राजेंद्र गुप्ता की लड़की से था। परिजनों ने बताया कि रंजीत की साजिश के तहत की गई हत्या को लेकर थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाते हुए दोषी पर कड़ी से कड़ी सजा की मांग किया है। मामले में थाना प्रभारी अवधेश कुमार यादव ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। आवेदन के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान की जा रही है।

## रंका-रमकंडा सड़क चौडीकरण का विवाद गहराया

# ग्रामीणों ने खंभा लगा कर सड़क का किया अतिक्रमण, प्रशासन ने हटवाया

आजाद सिपाही संवाददाता



रमकंडा। पथ निर्माण विभाग की ओर से करीब 66 करोड़ की लागत से बन रहे रंका रमकंडा सड़क चौड़ीकरण मामले में रमकंडा के तेहाड़ा में जमीन विवाद का मामला गुरुवार को गहरा गया। रैयती जमीन की बजाय सर्वे के रास्ता में सड़क बनाने की मांग को लेकर गुरुवार को तेहाड़ा के ग्रामीणों ने उक्त सड़क में विवादित स्थल में खंभे लगाकर सड़क का अतिक्रमण कर लिया। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी होने लगी। सूचना पर ग्रामीणों को समझाने पहुंचे पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार को भी ग्रामीणों का विरोध झेलना पड़ा। इसके बाद उपायुक्त के निर्देश पर पहुंचे पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता पंकज कुमार, भू अर्जन विभाग के सहायक प्रमोद पांडेय, अंचल अधिकारी अनिल रविदास, थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह कुंटीया ने ग्रामीणों को समझाया। वहीं सड़क पर लगाये गये खंभों और अतिक्रमण को खाली कराया गया। इसके बावजूद स्थानीय ग्रामीण सर्वे के रास्ता में सड़क बनाने की मांग पर अड़े हैं। वहीं मामले में हस्तक्षेप करने पहुंची रमकंडा पुलिस को भी विरोध का सामना करना पड़ा। इसके बाद निर्माण कार्य बंद हो गया। वहीं उनकी मांगों पर कोई सार्थक पहल नही होता देख गुरुवार को उक्त सड़क को अतिक्रमण कर बाधित कर दिया गया। सड़क का अतिक्रमण की सूचना पर पहले पहुंचे पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार को ग्रामीणों का विरोध झेलना पड़ा। वहीं इससे गुस्साये ईई, ग्रामीणों को धमकाने लगे, वहीं उन्हें देख लेने की धमकी दी। हालांकि ग्रामीण उनकी बातों को सुनने से इनकार कर दिया, जिसके बाद उन्हें वापस लौटना पड़ा।

## एसडीओ की अपील पर व्यवसायियों की नेक पहल

# जिले के अन्य स्वैच्छिक संगठन भी नेक मुहिम से जुड़ें : एसडीओ

सक्षम लोगों की मदद से इस सर्दी में जरूरतमंदों के बीच बांटे जायेंगे गर्म कपड़े

आजाद सिपाही संवाददाता



गढ़वा। हाल ही में 'कॉफी विद एसडीएम' कार्यक्रम में आये व्यवसायियों से अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने चर्चा करते हुए कहा था कि हर वर्ष सर्दियों में जिले के कई संगठन अपने-अपने स्तर से जरूरतमंदों के बीच गर्म कपड़े बांटते आ रहे हैं। ऐसे सकारात्मक प्रयासों से समाज की संवेदनशील और सौहार्दपूर्ण छवि बनती है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए तथा इसे व्यापक रूप प्रदान करने के लिए उन्होंने प्रशासनिक-सामाजिक सहभागिता से एक सामूहिक पहल करने की अपील की थी। इस पर बैठक में मौजूद सभी व्यवसायियों की एक स्वर में सहमति पर सामूहिक अंशदान से ऐसा अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। अगले सप्ताह से प्रस्तावित इस मुहिम को ज्यादा समावेशी और प्रभावी बनाने के लिए एसडीओ ने अनुमंडल क्षेत्र के सक्षम व्यवसायियों के अलावा इच्छुक पदाधिकारियों, समाजसेवियों और सभी स्वैच्छिक गैर सरकारी संगठनों से भी अपील कर उन्हें एक मंच पर आकर जरूरतमंदों (विशेषकर एकाकी महिला-पुरुषों, अत्यंत निर्धन, खानाबदोश, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों के बुजुर्गों और बच्चों आदि) के बीच गर्म कपड़े तथा गर्म टोपी, स्वेटर, मोजा आदि पहुंचाने के लिए सामूहिक अभियान चलाया जाए।

संजय कुमार ने जानकारी दी कि जिले में सक्रिय संगठनों जैसे लायंस क्लब, रोटरी क्लब, चेंबर ऑफ कॉमर्स, व्यापारिक संघों व मारवाड़ी युवा मंच जैसे तमाम सामाजिक संगठनों से अनुरोध किया जा रहा है कि वे स्वैच्छिक रूप से इस नेक मुहिम का हिस्सा बनें।

# सरस्वती विद्या मंदिर में वीर बाल दिवस मना

आजाद सिपाही संवाददाता



बंशीधर नगर। सरस्वती विद्या मंदिर में गुरुवार को वीर बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक और आचार्य रूपेश कुमार ने संयुक्त रूप से भारत माता, ॐ, मां शारदा एवं फतेह सिंह जोरावर सिंह के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन कर किया।

प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने कहा कि वीर बाल दिवस दसवें गुरु गोविंद सिंह और माता गुजरी देवी के आंखों के तारे फतेह सिंह व जोरावर सिंह के बलिदान का आज स्मृति दिवस है। उन्होंने कहा कि इन दोनों बालकों द्वारा मुगलों के सामने धर्म परिवर्तन के लिये अपने घुटने नहीं टेकने पर इन्हें दीवाल में चुनवा दिया गया।

आचार्य रूपेश कुमार ने कहा कि प्रतिवर्ष 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाया जाता है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 26 दिसंबर 2022 को यह दिन वीर बाल दिवस के रूप में मनाने के लिए घोषित किया गया। वे दोंनो मृत्यु को गले लगाना स्वीकार किये परन्तु धर्म परिवर्तन नहीं। इन वीर बालकों से हमें सीखने की जरूरत है। हम सभी साहसी व वीर बने।

कार्यक्रम में कौशलेंद्र झा, कृष्ण कुमार पांडेय, सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, सत्येंद्र प्रजापति, अविनाश कुमार, नीरज कुमार सिंह, प्रसून कुमार, सुजीत कुमार दुबे, रूपेश कुमार, अशोक कुमार, अंकित जैन, प्रदीप गुप्ता, दिनेश, कृष्ण मुरारी, उमेश, नीति कुमारी, नेहा कुमारी द्वय, तन्वी जोशी और सभी भैया-बहन उपस्थित थे।

## विस्थापित संघर्ष समिति का चौथे दिन भी धरना-प्रदर्शन जारी




भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड में कड़ाके की ठंड के बाद भी भवनाथपुर विस्थापित संघर्ष समिति के बैनर तले मजदूरों व रैयतों के साथ पूर्व में किये गये वादों पूरा होने तक ऑक्शन रद्द करते हुए प्लांट कटिंग पर तत्काल रोक लगाने संबंधी अपनी आठ सूत्री मांगों को लेकर विस्थापित संघर्ष समिति चौथे दिन भी सेल के एडीएम कार्यालय के पास अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी है। इस दौरान धरना स्थल पर बीती रात समाज सेवी दीपक प्रताप देव नें धरना स्थल पर पहुंचकर धरना दे रहे विस्थापित लोगों से बातचीत की। कहा कि आपकी मांगे जायज है किसी भी कीमत पर सेल द्वारा किये जा रहे कटिंग का सामान बाहर नहीं जायेगा।

## पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह की पुण्यतिथि मनायी गयी



गढ़वा (आजाद सिपाही)। झारखंड विश्वकर्मा समाज गढ़वा जिला इकाई द्वारा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र विश्वकर्मा के आवास पर पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह की पुण्यतिथि मनायी गयी। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 1916 में बहुत ही गरीब परिवार में उनका जन्म हुआ था। बहुत कठिनाई से उन्होंने शिक्षा प्राप्त की और सामाजिक कार्यों में बहुत ही बढ़-चढ़कर के हिस्सा लेते थे। इनका जन्म एक गरीब विश्वकर्मा परिवार सीख धर्म में हुआ था। उनकी मृत्यु 25 दिसंबर 1994 को हुई। इस कार्यक्रम में उपस्थित गढ़वा के जिला अध्यक्ष आनंद विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष अशोक, संजय, संयुक्त सचिव विकास, रंजीत, नीरज उर्फ बाबू लोहार की डॉ सुचित, रमेश विश्वकर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## जंगली हाथियों ने कई घरों को ध्वस्त किया



भंडरिया (आजाद सिपाही)। भंडरिया वन क्षेत्र के परो गांव में बीती रात्रि जंगली हाथी ने घर को ध्वस्त करते हुए घर में रखें अनाज को बनाया निवाला, घर में सो रहे लोगों ने पिछला दरवाजा से भाग कर बचायी अपनी जान। बुधवार के रात्रि मे पैरों गांव निवासी विनोद सिंह घनश्याम सिंह व मेउरा सिंह के घर को जंगली हाथी ने ध्वस्त कर दिया वहीं घनश्याम सिंह के घर को ध्वस्त करते हुए घर में रखें 16 बोरी धान को जंगली हाथियों ने अपना निवाला बनाया। वन विभाग को सूचना मिलने के बाद सायरन वाला गाड़ी लेकर गांव में पहुंचते है। ऐसे संबंध में वन विभाग के गार्डन आनंद कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि तीन व्यक्तियों का घर बीती रात्रि हाथियों के द्वारा तोड़ दिया गया है, उनको कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उचित मुआवजा दिया जायेगा।

## रंका में ओम मेडिकल हॉल का उद्घाटन



रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित ओम मेडिकल हॉल का उद्घाटन डॉक्टर कुलदेव चौधरी ने बुधवार को फीता काट एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर ओम मेडिकल हॉल के संचालक ओम प्रकाश ठाकुर फामेर्सी ने बताया की ओम मेडिकल हॉल के द्वारा गरीबों, असहायों के लिए महीने में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन भी किया जायेगा। जिसमें न्यूनतम फी पर गढ़वा और अन्य जगहों से चिकित्सक भाग लेंगे। इस अवसर पर डॉक्टर कुलदेव चौधरी ने 20 - 25 मरीजों का इलाज भी किया। इस मौके पर राजेंद्र ठाकुर, सुरेश सिंह सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

# अनियमितता का आरोप : ग्रामीणों ने सड़क और पुलिया निर्माण कार्य रोका

इइ ने कहा कि पुलिया निर्माण के बेस में नहीं है ढलाई का प्रावधान, ग्रामीणों में रोष

बलराम शर्मा



मेराल (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण के कार्य में भारी अनियमितता का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने कार्य को रोक दिया है। कार्य में अनियमितता तथा संवेदक के कर्मचारियों के उदंड व्यवहार तथा कार्य स्थल पर कोई विभागीय इंजीनियर के नहीं पहुंचने से ग्रामीणों ने रोष व्यक्त करते हुए कार्य को रोक दिया है। बताते हैं चलें कि मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के तहत पेसका ऑफिस से बगेसर स्कूल तक पथ निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसमें अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने विरोध करते हुए सड़क निर्माण कार्य में पुलिया के निर्माण कार्य को चार दिनों से बंद किया है। जबकि संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता, जेई अभी तक कार्य के प्रति सुध नहीं लिए हैं और मौन साधे हुए हैं। पेंदली गांव के दर्जनों ग्रामीणों के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्र पेंदली के पास बन रहे नाला पर पुलिया निर्माण कार्य में डायवर्सन नहीं होने से 4 माह से लोग काफी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि संवेदक द्वारा चार माह पूर्व पुल निर्माण के लिए मेन रोड में गढ़ा खोदा गया था, जिससे आवागमन बाधित है। वैकल्पिक डायवर्सन अभी तक नहीं बनाया गया है, जिसके चलते स्कूल जाने वाले बच्चों तथा अस्पताल जाने वाली गर्भवती महिलाओं को 5 किलोमीटर घुमकर कर जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया निर्माण के बेस में बगैर ढलाई किये बोल्डर से एक तरफ के दीवार का जोड़ाई कर दिया गया है।

इस संबंध में कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार से पूछे जाने पर बताया कि पुलिया किस जगह बन रहा है मुझे इसकी जानकारी नहीं है और बन रहा है तो नीचे आरसीसी या पीसीसी का प्रावधान नहीं है, फिर भी हम प्राक्कलन दिखवाते हैं। इसमें डायवर्सन का कोई प्रावधान नहीं है।

**Directorate of Tourism**
**Govt. of Jharkhand**
**Department of Tourism, Art Culture, Sports and Youth Affairs (Tourism Division)**
**MDI Building, 2nd Floor, Dhurwa, Ranchi-834004**
**Phone:(0651)2400493, email:dirjharkhandtourism@gmail.com, Web:**https://tourism.jharkhand.gov.in

RFP No :- 1156 / — **Notice Inviting Tender for** — Dated :-26/12/2024

***Selection of an Agency for Design, Supply, Installation, Operation and Maintenance, Support for Interactive Digital Touch Screen Smart Kiosk At Designated Locations For Jharkhand Tourism Branding & Promotion (Call-2)***

*The Directorate of Tourism (DoT), Govt. of Jharkhand intends to Selection of An Agency for Design, Supply, Installation, Operation And Maintenance, Support For Interactive Digital Touch Screen Smart Kiosk At Designated Locations For Jharkhand Tourism Branding & Promotion therefore, invites interested agencies to submit their Bids.*

*Interested agencies may download the document from **27.12.2024, 17:00 Hours** onwards from the Department of Tourism website:–www.tourism.jharkhand.gov.in/ and submit their Applications. The Bid Due Date is **20.01.2025 at 11:00 hours**. A Bid opening Conference will be held on **20.01.2025 at 11:30 hours** at the office of Directorate of Tourism (DoT), Govt. of Jharkhand*

*A pre-application conference will be held on **06.01.2025** by 12:00 Hours at MDI Building, 2nd floor, HEC Campus, Dhurwa, Ranchi–04, Tel Phone: 0651-2400493, e-mail: dirjharkhandtourism@gmail.com.*

*All subsequent notifications, changes and amendments will be posted only on the website www.tourism.jharkhand.gov.in*

*DoT reserves the right to cancel this invitation and/or invite fresh Bid with or without amendments to this invitation, without liability or any obligation for such invitation and without assigning any reason.*

**Sd/-**
**Director,**
Tourism

PR 342891 (Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs) 24-25 (D)

## संगठित होकर जनजाति समाज को सशक्त करने की आवश्यकता है : मुसाफिर विश्वकर्मा



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** वनवासी कल्याण केंद्र के तत्वावधान में संघ भवन में गुरुवार को कल्याण आश्रम का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता की तस्वीर पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रांत के श्रद्धा जागरण प्रमुख मुसाफिर विश्वकर्मा ने कहा कि विश्व का सबसे बड़ा जनजाति संगठन वनवासी कल्याण आश्रम है, जो जनजातियों के बीच में कार्यरत है। कल्याण आश्रम के 14 आयाम के कार्यकर्ता इस कार्यक्रम को राष्ट्रहित में कार्यरत है। इस कार्यक्रम को जनजातियों में परंपरा रूढ़िवादिता को सुरक्षित और संरक्षण करते हुए राष्ट्र को परम वैभव तक पहुंचाने में लगे है। आज प्रखर और संगठित होकर जनजाति समाज को सशक्त करने की आवश्यकता है। तभी उनकी संसकृति और सभ्यता बचेगी। मौके पर जिला अध्यक्ष नौरी पूर्ति, नगर अध्यक्ष गौरा कुमारी देवी, जिला महामंत्री योगेश मिश्र, नगर अध्यक्ष जयप्रकाश भगत, प्रदीप कुमार गुप्ता, संच प्रमुख लक्ष्मी नारायण नाग आदि उपस्थित थे।

## भाजपा ने मनाया वीर बाल दिवस बच्चों के बीच बांटी गयी मिठाइयां



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** भाजपा तोरपा मंडल द्वारा एनएचपीसी मैदान में शिव मंदिर के सामने गुरुवार को वीर बाल दिवस मनाया गया। मौके पर वीर बालक बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह को को श्रद्धांजलि दी गयी और उन्हें याद किया गया। साथ ही बच्चों को उनकी जीवनी के बारे में बताया गया। मौके पर उपस्थित बच्चों के बीच मिठाइयां बांटी गयी। कार्यक्रम की अगुवाई मंडल अध्यक्ष पुरेंद्र मांझी ने की। मौके पर युवा मोर्चा के जिला महामंत्री दीपक तिग्गा, मंडल महामंत्री सुबोध कुमार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## चतरा सांसद और विधायक कल करेंगे पिपरवार के बेंती पंचायत का दौरा



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती पंचायत के इमली ग्राउंड में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता धनराज भोक्ता और संचालन अर्जुन गुंझु ने किया। बैठक मे शनिवार 28 दिसंबर को चतरा सांसद कालीचरण सिंह, चतरा विधायक जनार्दन पासवान और सिमरिया विधायक उज्जवल कुमार दास के पिपरवार के बेंती पंचायत मे आगमन को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान बैठक में सांसद और विधायक का जोरदार स्वागत करने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि चुनाव के बाद पहली बार सांसद और विधायक का बेंती पंचायत में दौरा होने वाला है। इसको लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं सहित स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा सांसद और विधायक का नागरिक अभिनंदन किया जायेगा। इस दौरान ग्रामीणों के द्वारा सांसद और विधायक को क्षेत्र की समस्या से भी अवगत कराया जायेगा। बैठक में भाजपा कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के ग्रामीणों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। बैठक में मुख्य रूप से धनराज भोक्ता, अर्जुन गंझू, बीरबल गंझू, परमेश्वर गंझू, हरिनारायण गंझू, समाजसेवी रोहन गंझू, महेंद्र गंझू, प्रभात कुमार, सिकेंदर प्रजापति, गणेश भुईयां, जगदीश गंझू, राहुल केशरी, गोलू केशरी, बासुदेव गंझु सहित काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आरकेएमयू एनके एरिया के सदस्यों ने एनके महाप्रबंधक से की परिचयात्मक बैठक



**खलारी (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन एनके एरिया के द्वारा एनके महाप्रबंधक कार्यालय में गुरूवार को महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता से परिच्यात्मक बैठक की गयी। बैठक में यूनियन के सीसीएल सचिव ललन प्रसाद सिंह सहित यूनियन के अन्य सदस्यों के द्वारा एनके महाप्रबंधक को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान यूनियन की ओर से एनके क्षेत्र में प्रदूषण और पर्यावरण, विस्थापन, संडे ड्यूटी और उत्पादन जैसे मुद्दों को रखा गया। वहीं सभी मुद्दों पर महाप्रबंधक से साकरात्मक वार्ता हुई। साथ ही महाप्रबधंक ने कहा कि सभी के सहयोग से क्षेत्र की समस्याओं पर सकरात्मक पहल कर उन्हे दूर किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से एसओपी ज्योति कुमार के अलावा यूनियन की ओर से बैठक में यूनियन के सीसीएल सचिव ललन प्रसाद सिंह, देवपाल मुंडा, जगरनाथ महतो, मुबारक खान, रवींद्र कुमार सिंह, णीरज कुमार, प्रदीप प्रसाद, धीरेनद्र सिंह, अभिमन्यू कुमार, मनोज कुमार चैधरी, अयोध्या प्रसाद, आनंद कुमार सिंह, अमन टाना भगत, रूपेश प्रसाद केशरी, कृष्णा रॉय, संजय कुमार, अरूण कुमार सिंह, शैलेश कुमार सिंह, जगदीश सतनामी, देवनाथ, मो याकुब, वसीम आलम, जयपाल सिंह, पवन कुमार महतो, तेरेसा तिग्गा, संगीता देवी, करमी देवी, मधु देवी, सीता कुमारी, प्रमीला कुमतारी, नूतन कुमारी, सुनीता कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## आदर्श उच्च विद्यालय मैकलुस्कीगंज में स्मार्ट क्लास का सुरेंद्रनाथ पांडेय ने किया उद्घाटन



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** आदर्श उच्च विद्यालय मैक्लुस्कीगंज में स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समाजसेवी सुरेंद्रनाथ पांडेय ने फीता काटकर किया। सुरेन्द्रनाथ पांडेय ने कहा कि आज के आधुनिक युग में स्मार्ट क्लास से बच्चों को बेहतर शिक्षा हासिल करने में काफी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय के विकास में जितना भी संभव हो सकेगा वह किया जायेगा। क्योंकि इस विद्यालय की स्थापना ऐसे समय में की गयी थी, जब यहां के बच्चे आठवीं के बाद पढ़ाई नहीं कर पाते थे। खासकर लड़कियां आगे नहीं पढ़ पाती थी। इस समारोह में प्रधानाध्यापक आदित्य प्रसाद साहू ने कहा कि अब आदर्श उच्च विद्यालय में अंग्रेजी माध्यम से भी कक्षाएं नर्सरी से 12 तक चलाई जायेगी। साथ ही हिंदी माध्यम की भी कक्षाएं चलती रहेगी। इस मौके पर लखन प्रसाद साहू, गोपाल प्रसाद, जयप्रकाश यादव, राधा कुमारी, एडवर्ड मरांडी, अनिल कुमार, सुधीर पांडे, मनोज दुबे और मनोहर महतो की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# जनप्रतिनिधि अफीम की खेती की सूचना प्रशासन को दें : एसडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी ने गुरुवार को खूंटी प्रखंड कार्यालय के सभागार में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों के साथ बैठक कर अफीम की खेती और इससे होनेवाले दुष्प्रभावों के प्रति लागों को सचेत किया। बैठक के दौरान अफीम की खेती के सामाजिक, आर्थिक और कानूनी प्रभावों पर चर्चा की गयी। एसडीओ ने कहा कि अफीम की खेती न केवल अवैध है, बल्कि यह समाज के लिए भी अत्यंत हानिकारक है। स्थानीय नागरिकों से अपील की गई कि वे ऐसी गतिविधियों में शामिल न हों और अपने परिवार और समुदाय को इससे बचाने में सहयोग करें। अधिकारियों ने आम जनता से अनुरोध किया कि यदि किसी को अफीम की खेती या इस संबंध में कोई गतिविधि की जानकारी हो, तो वे तुरंत प्रशासन को सूचित करें। प्रशासन द्वारा ऐसे मामलों में गोपनीयता सुनिश्चित की जायेगी और सूचना देने वालों को प्रोत्साहित किया जायेगा। इस मुहिम के तहत प्रशासन ने अवैध अफीम की खेती को जड़ से खत्म करने और इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए कई रणनीतियां तैयार की हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों से मिलकर यह सुनिश्चित किया जायेगा कि क्षेत्र में कानून का पालन हो और अवैध गतिविधियों पर पूर्ण रूप से रोक लगाई जाये।

### तुनेल गांव में पांच पड़हा पूस जतरा का आयोजन

## जतरा आदिवासी और मूलवासियों की परंपरागत विरासत, इसे बचाये रखें : विधायक राम सूर्या मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता




**खूंटी।** खूंटी के विधायक राम सूर्या मुंडा ने कहा कि जतरा आदिवासी और मूलवासियों की परंपरागत विरासत है। ऐसे कार्यक्रम समाज को एकसूत्र में पिरोकर रखने के माध्यम हैं। विधायक गुरुवार को कर्रा प्रखंड के तुनेल गांव में पांच पड़हा पुस जतरा में उपस्थित लोगों को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। विधायक ने कहा कि जतरा, मेला जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम से न केवल मानसिंक शांति मिलती है, बल्कि सामाम में अपनत्व बढता है। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वे अपने पुरखों की परंपरा को हमेशा बचाये रखें।कार्यक्रम का आयोजन पांच पड़हा पूस जतरा समिति तुनेल द्वारा किया गया। पांच पड़हा पूस जतरा के अवसर पर हॉकी और फुटबॉल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। हॉकी के फाइनल मैच हॉकी क्लब तोरपा बनाम हॉकी क्लब रोन्हे के बीच खेला गया, जिसमें हॉकी क्लब तोरपा पेनाल्टी शूट ऑउट पर 3-4 से विजयी रही। फुटबॉल का फाइनल मैच फुटबॉल क्लब चलडांडू बनाम फुटबॉल क्लब साकेटोली के बीच खेला गया। जिसमें फुटबॉल क्लब साकेटोली दो गोल से विजयी रही। इसके पूर्व मुख्य अतिथि खूंटी के विधायक राम सूर्या मुंडा और तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया, विशिष्ठ अतिथि मेहा पंचायत मुखिया अजय खलखो, बमरजा पंचायत के मुखिया अनूप कुजूर मौजूद रहे। पांच पड़हा पूस जतरा में म्यूजिक लिटिल स्टार ग्रुप सिमडेगा का आर्केस्ट्रा आकर्षण का केंद्र रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन मुखिया अजय खलखो, मुखिया अनूप कुजूर, मुखिया सुखराम मुंडा और पूर्व मुखिया फागू धान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। जतरा हमारी सांस्कृतिक पहचान, इसे अक्षुणाबनाये रखें। सुदीप गुड़िया मौके पर विचार व्यक्त करते हुए तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि जतरा हमारी सांस्कृतिक पहचान और विरासत है। इसे बचकार रखना हम सबो की जिम्मेवारी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में बमरजा मुखिया अनूप कुजूर, कर्रा पंचायत मुखिया रश्मि लकड़ा, झामुमो सोशल मीडिया प्रभारी राहुल, समाजसेवी शिबू होरो, कुलेंद्र, प्रभाकर, अजय खलखो आदि ने योगदान दिया।

## अफीम की अवैध खेती के खिलाफ प्रशासन ने चलाया अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर जिले में अवैध अफीम की खेती के खिलाफ गुरुवार को व्यापक अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत खूंटी प्रखंड के चिकोर समेत अन्य क्षेत्रों में अफीम की अवैध खेती को नष्ट किया गया। जिला प्रशासन ने ट्रैक्टर और अन्य संसाधनों का उपयोग कर इन फसलों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। कार्रवाई में अंचल अधिकारी, पुलिस पदाधिकारी समेत अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। प्रशासन ने इस अभियान के माध्यम से अवैध खेती करने वालों को कड़ा संदेश दिया है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों को जिले में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। अफीम की अवैध खेती मामले में संलिप्त लोगों को चिह्नित कर एफआइआर समेत अन्य कार्रवाई का निर्देश दिया गया। साथ हीं उपायुक्त ने आम जनता से अपील की है कि वे अवैध गतिविधियों की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें, ताकि जिले को अपराधमुक्त बनाया जा सके। साथ हीं उन्होंने अवैध अफीम की खेती छोड़ कर ऐसे लोगों को वैकल्पिक खेती करने की बात कही।

## टर्बो गाड़ी की चपेट में आने से महिला की मौत

**बताया जा रहा है कि अगर महिला के बच्चे का सही तरीके से इलाज नहीं किया गया, तो वह भी दम तोड़ देगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** थाना क्षेत्र के कॉलेज मोड़ के समीप 21 दिसंबर की देर शाम एक टर्बो गाड़ी जेएच 01एन 7430 ने एक 30 वर्षीय विधवा महिला अंबिका देवी तथा उसके तीन वर्षीय पुत्र रौशन मुंडा को अपने चपेट में ले लिया था। जिसका रांची स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था बुधवार की सुबह महिला की मौत हो गयी। महिला को सिर हाथ तथा पैर में गंभीर चोट आई थी। दोनों घायलों को रांची के एक निजी अस्पताल भेजा गया है जहां आर्थिक मदद की आस में बैठे परिजनों को कुछ आर्थिक मदद की गयी परंतु परिजनों का कहना है कि ईलाज में लाखों रुपये खर्च हो चुका है। 21 दिसंबर को दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने टर्बो गाड़ी का पीछा कर गाड़ी को पकड़ा और गाड़ी और ड्राइवर को पुलिस को सौंप दिया था। हालांकि इस मामले में थाने में कोई लिखित नहीं मिलने पर गाड़ी छोड़ दिया गया है। स्थानीय व्यक्ति राधेश्याम महतो ने बताया था कि ड्राइवर नशे की हालत में गाड़ी चला रहा था, जिसके कारण यह घटना हुई है। महिला अपने परिवार में अकेले बच्चों का भरण पोषण कर रही थी। बताया जा रहा है कि अगर महिला के बच्चा का सही तरीके से ईलाज नहीं किया गया तो वह भी दम तोड़ देगा। मृतिका के परिजन ने सोशल मीडिया पर लोगों से मदद की अपील की है। बुंडू पुलिस इस मामले में अभी तक किसी प्रकार की अब तक कोई कार्यवाही नहीं कि है जिससे लोगों में रौश है।

# महात्मा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के सौ वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस ने निकाली सद्भावना यात्रा

### गांधीजी नहीं होते, तो आज भी हम अंग्रेजों के गुलाम होतेः रवि मिश्रा

आजाद सिपाही संवाददाता




**खूंटी।** कर्नाटक के बेलगाम में 1924 के हुए अधिवेशन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष चुने जाने के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के निर्देश पर गुरुवार को कांग्रेस के खूंटी जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा की अगुवाई में पार्टी कार्यकर्ताओं ने खूंटी से दतिया तक सद्भावना यात्रा निकाली। मौके पर कांग्रेस के जिला प्रभारी अमूल्य नीरज खलखो भी उपस्थित थे। सद्भावना यात्रा के बाद कार्यकताओं ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यर्पण कर उन्हे नमन किया और गांधीजी के बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। बाद में अस्पताल में मरीजां के बीच फलों का वितरण कर सद्भावना दिवस मनाया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि आज संपूर्ण कांग्रेस परिवार के लिए उत्साह और उल्लास का दिन है। गांधी जी के अध्यक्ष बनने के सौ वर्ष पूरे होने पर पूरे देश में शताब्दी समारोह मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आजादी और कार्यकर्ताओ को संगठित करने का जो गुण महात्मा गांधी जी में था, वह किसी में नहीं था। उनके अध्यक्ष बनने का हम शताब्दी समारोह बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि गांधी नहीं होते, तो हम आज भी गुलाम रहते। जिला प्रभाारी अमूल्य नीरज खलखो ने कहा कि महात्मा गांधी जी की अध्यक्षता में कांग्रेस कमेटी अपनी सर्वोच्च ऊंचाई पर थी। तब के कार्यकर्ताओं में जोश ओर उमंग की कमी नहीं थी। अभी भी नहीं है, पर उस समय की स्थिति भारत को आजादी दिलाने की थी। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने अध्यक्ष बनकर कार्यकर्ताओं में जोश भर दिया था जिसका परिणाम आजादी के रूप में आज हम देख पा रहे हैं। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष रामकृष्ण चौधरी,, प्रदेश सहकारिता के महासचिव नईमुदीन खां, आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष विलसन तोपनो, रविकांत मिश्रा, जेम्स तोपनो, जुलियस कंडुलना, पीटर मुंडू, हेरमन सोय, शांता खाखा, हेलेन होरो, इंदुअन्ना हस्सा, अनिता नाग, सुषमा भेंगरा, मगरीता खेस, जुनैद खान, फिरोज आलम, सुनीता गोप, बंधु गझूं, अजय गझूं, पौलूस पूर्ति, अनमोल होरो, सयूंम अंसारी, उस्मान खान, पॉल भेंगरा, तलहा खां, अजय गुप्ता, जोन कंडुलना, सुमन देवी, शशिकांत होरो, आदि उपस्थित थे।

## अफीम की खेती, अवैध बालू और ट्रैफिक वाहन चेकिंग को लेकर थानेदारों की बैठक



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू अनुमंडल कार्यालय के सभागार में अफीम की खेती, अवैध बालू, पत्थर अन्य खनन, पर लगाम लगाने और ट्रैफिक वाहनों की चेकिंग को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी किस्टो कुमार बेसरा ने अनुमंडल क्षेत्र के बुंडू अंचल पदाधिकारी हंस कुमार हेम्ब्रोम, बुंडू प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी, के अलावा तमाड़, सोनाहातु, राहे प्रखंड के अंचल पदाधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी खनन विभाग के अधिकारी, और सभी थाने के थानेदारों के साथ बैठक किया। जिसमें सरकार के निदेर्शानुसार अनुमंडल क्षेत्र में बढ़ते अफीम की खेती पर लगाम लगाने के लिए सभी थाना क्षेत्र में कार्रवाई करने, अवैध खनन पर रोक लगाने, और अनुमंडल क्षेत्र में ट्रैफिक नियमों का अनुपालन के लिए लगातार वाहनों का चेकिंग करने का आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ओमप्रकाश, भूमि सुधार उपसमाहर्ता छवि बरला, कार्यपालक दंडाधिकारी अंजली मेहता, बुंडू थाना के थानेदार रामकुमार वर्मा, बुंडू, तमाड,सोनाहातू, राहे थाने के थानेदार मौजूद थे।

## रैयत विस्थापित मोर्चा ने अशोका परियोजना पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**खलारी (आजाद सिपाही)।** रैयत विस्थापित मोर्चा रोहिणी करकट्टा ओसीपी शाखा ने अशोक परियोजना पदाधिकारी जे के सिंह को एक ज्ञापन सौंपा है। शाखा अध्यक्ष शिवनारायण लोहरा के नेतृत्व में नये परियोजना पदाधिकारी से मुलाकात की। उसके बाद पिपरवार राजधर साइडिंग रेल लाइन के विस्थापितो ग्रामीणो के रोजगार उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। साथ ही रेल लाइन से विस्थापित गांव नवाडीह, हेसालोंग, मायापुर और महुलिया आदि ग्रामीण क्षेत्रो में सीएसआर के तहत विकास कार्य करने का आग्रह किया गया। साथ ही गांव में विकास कार्य करने के लिए एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें गांव में पीसीसी पथ, डीप बोरिंग और स्ट्रीट लाइट सहित अन्य कई मांग शामिल है। परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह ने कहा कि उनका पूरा प्रयास रहेगा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य जो भी संभव होगा उसे किया जायेगा। इस मौके पर मोर्चा के जेपी महाराज, कुलदीप साहू, बिनोद मुंडा आदि शामिल थे।

## सीसीएल एनके क्षेत्र के महाप्रबंधक का ब्रह्माकुमारी भाई-बहनों ने किया स्वागत



**खलारी (आजाद सिपाही)।** सीसीएल एनके क्षेत्र के नये महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता का ब्रह्माकुमारी गीता पाठशाला डकरा सुभाष नगर के भाई-बहनों ने बुके देकर स्वागत किया। साथ ही कोयला उत्पादन, उत्पादकता को बेहतर करने के लिए शुभकामनाएं दी। बातचीत के दौरान ब्रह्माकुमारी प्रीति बहन ने व्यसन पर चर्चा किया। उन्होंने कहा कि व्यसन हमारे सबसे बड़े शत्रु हैं, जो न केवल हमारे घरों और परिवारों को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि समाज की शांति और समृद्धि को भी प्रभावित करते हैं। व्यसन का सेवन करना हमारे पतन का कारण बनता है, जबकि व्यसन मुक्त जीवन ही हमें भगवान की सुरक्षा का वरदान देता है। साथ ही बताया गया कि स्वस्थ और तनावमुक्त जीवन जीने के लिए योग और ध्यान का अभ्यास बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा की व्यसन मुक्त जीवन जीना हमारे जीवन को देव तुल्य बना देता है और हमारा परिवार सुरक्षित और खुशहाल रहता है। वहीं प्रीति बहन ने महाप्रबंधक को सुभाष नगर गीता पाठशाला में आने के लिए आमंत्रण किया।

## स्व. शिवराम साधु स्मृति मेला संपन्न



**मुरी (आजाद सिपाही)।** पाता नाच के खुबसूरत प्रस्तुती के साथ स्व शिव राम साधु स्मृति मेंला धुम धाम से सम्पन्न हुआ। मेला के मुख्य अतिथि सिल्ली के राजा पुष्पेन्द्र नाथ सिंह सभी लोगों को मेला की शुभकामनाएं दी। मेले में ग्रामीण परिवेश की सांस्कृतिक और विरासत का समन्वय देखा गया। कहीं चाट की दुकान तो कहीं बदाम, तो कहीं खिलौना की आकर्षक दुकान चारों तरफ लगी थी। मेला के मुख्य आयोजक गणेश करमाली ने बताया कि उरंगढा नदी मुरी-सिल्ली में काफी महत्व रखता है इसके तट पर बहुत सरा मेला समय समय पर आयोजन होता है यहां की जीवनी दायनी नदी है।

## मदहातू पंचायत में ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरण, खिलाड़ियों को किया गया प्रोत्साहित

**अड़की (आजाद सिपाही)।** अड़की प्रखंड के मदहातु पंचायत के चलकद, मुचिया, पेड़ाईडीह, और आनजिदबेड़ा ग्रामों में आज ठंड से बचाव हेतु कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक प्रतिनिधि मनोज मंडल के द्वारा सैकड़ों ग्रामीणों को कंबल प्रदान किए गये। साथ ही, युवाओं के उत्साहवर्धन के लिए खिलाड़ियों को फुटबॉल भेंट की गयी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान जॉन सोय, अबराम सोय, चंद्र सहाय सोय, रतन मुंडा, लुनकिन मुंडा, और पार्सल बोदरा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य ठंड के मौसम में जरूरतमंदों की मदद करना और क्षेत्र के युवाओं को खेलकूद के प्रति प्रोत्साहित करना था। स्थानीय जनता ने सराहना की और क्षेत्र में विकास कार्यों के प्रति विधायक की प्रतिबद्धता की प्रशंसा की।

## शहीद निर्मल महतो की जयंती केअवसर पर खस्सी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत लोटा स्कूल मैदान में शहीद निर्मल महतो जयंती के अवसर पर मिलन फुटबॉल क्लब लोटा की ओर से दो दिवसीय डबल खस्सी फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल गुरुवार को नंदु भुमि सपोटिंग एफसी तुलीन और जीएफसी हेरलाबेड़ा बाह्मणी गोड़ाडीह के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में दोनों टीमों की ओर से कइ बेहतर मुव बनाये गये लेकिन गोल में परिवर्तित नहीं कर पाये। 4-2 से हराकर नंदु भुमि सपोटिंग फुटबॉल क्लब प्रतियोगिता का चैंपियन बना। प्रतियोगिता मुख्य अतिथि सिल्ली विधायक अमित कुमार महतो ने संबोधित करते हुए कहा कि फुटबॉल हमारे देश में लोकप्रिय खेलों में से एक है, जो शहरी क्षेत्र के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्र में भी खेली जाती है। विजेता और उप विजेता टीम को विधायक अमित कुमार महतो, जिप सदस्य लक्ष्मी कुमारी, झामुमो के वरिय नेता अमित मुंडा उर्फ गाडाम, अखिल महतो आदि ने ट्रॉफी और खस्सी देकर सम्मानित किया।

## विजय ने सुखलाल के सिर पर ईंट से किया प्रहार

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। बाइक सट जाने के मामुली से विवाद में गुरूवार को गेतलसूद निवासी युवक विजय ठाकुर ने सिरका निवासी सुखलाल महतो (42) के सिर पर ईंट से प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बताया गया कि सुखलाल महतो बाइक पर सवार होकर गेतलसूद की तरफ जा रहा था। इसी दौरान बाइक विजय ठाकुर से सट गया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया और गुस्से में आकर विजय ठाकुर ने ईंट से प्रहार कर दिया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## बंगाल का लापता पर्यटक जोन्हा फॉल से मिला

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। जोन्हा फॉल से लापता हुए विष्णुपुर दक्षिण 24 परगना बंगाल के पर्यटक जयदेव पल्ले (60) को अनगड़ा पुलिस ने खोज निकाला और उसे परिजनों को सौंप दिया। बताया गया कि एक बस पर 60 पर्यटक बंगाल से जोन्हा फॉल घूमने आये थे। इसी दौरान अचानक जयदेव कहीं गायब हो गया था। पर्यटकों ने इस कार्य के लिए अनगड़ा पुलिस की काफी प्रशंसा की।

### सरस्वती विद्या मंदिर गेतलसूद में मनाया गया वीर बाल दिवस

# जोरावर और फतेह सिंह ने धर्म के लिए अपना बलिदान दिया : यदुनाथ

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** भाजपा रांची जिला ग्रामीण के तत्वाधान में गुरुवार को सरस्वती विद्या मंदिर गेतलसूद में वीर बाल दिवस मनाया गया। इसमें बाबा साहब देशपांडे व गुरू गोविंद सिंह के वीर अमर बलिदानी पुत्रों जोरावर सिंह व फतेह सिंह को याद किया गया। अमर बलिदानी भाइयों के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। मुख्य अतिथि हजारीबाग के पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय, विशिष्ट अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार थे। ज्ञात हो कि 9 जनवरी 2022 को प्रधानमंत्री ने 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाये जाने की घोषणा किये थे। जबकी बाला साहब देशपांडे ने 1962 में छत्तीसगढ़ के जशपुर में वनवासी



पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय के साथ भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार।

कल्याण केंद्र की नींव रखे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष विनय कुमार महतो उर्फ धीरज और संचालन जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी ने किया। यदुनाथ पांडेय ने कहा कि गुरू गोविंद सिंह के दोनों वीर पुत्रों जोरावर सिंह व फतेह सिंह ने धर्म के लिए अपना बलिदान दिया। मुगल शासनकाल में इस्लाम धर्म नहीं मानने वालों को यातना देकर मारा जाता था। हिंदू धर्म नहीं जीवन पद्धति है। जैलेंद्र कुमार ने कहा कि हिंदू समाज भीरू नहीं साहसी है। एक हजार वर्ष तक देश इस्लाम व ईसाई के अधीन रहा। इसके बावजूद हिंदू धर्म लगातार सुरक्षित रहा। वही यूनान, मिश्र, लेबनान, ईरान की अपनी सभ्यता नष्ट हो गयी। हमें एकजुट रहकर अपनी सांस्कृतिक विरासत को बचाये रखना है। इस अवसर पर भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुंडा, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, प्रमोद सिंह, मंडल अध्यक्ष सुनील महतो, जगेश्वर महतो, रामनाथ महतो, दुर्गा महतो, अजय भोगता, पंचम भोगता, सुरेश महतो सहित स्कूल के प्रधानाचार्य सेवाराम महतो, रामचंद्र महतो, वीरेंद्र कुमार, रंजीत महतो, शिवशंकर महतो, राधा महतो, सुखदेव महतो, मुकेश महतो, सुधा देवी, बेबी रानी, शांति देवी, यज्ञा कुमारी आदि उपस्थित थे।

# मोमेंटम झारखंड मामले में शिकायतकर्ता ने आरटीआइ के जरिये एसीबी से मांगा जवाब

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मोमेंटम झारखंड मामले की शिकायत भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) में दर्ज कराने वाले सोशल एक्टिविस्ट पंकज यादव ने सूचना का अधिकार (आरटीआइ) के माध्यम से गुरुवार को एसीबी से पूछा है कि अब तक इस मामले में क्या कार्रवाई हुई है?

दरअसल, पंकज कुमार यादव ने नौ जनवरी, 2020 को जनसभा नामक संस्था के बैनर तले मोमेंटम झारखंड के आयोजन में हुए 100 करोड़ के भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, राजबाला वर्मा, सुनील वर्णमाल, के रवि कुमार और अजय कुमार सहित अन्य लोगों पर जांच कर कार्रवाई की मांग की थी।

MOMENTUM JHARKHAND
The investment destination

पंकज का आरोप था कि तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने चेहरा चमकाने के लिए मोमेंटम झारखंड नाम से एक इवेंट का आयोजन किया था, जिसमें झारखंड की जनता के 100 करोड़ रुपये विदेशों में रोड शो करने में, फर्जी कंपनी से करोड़ों के एमओयू साइन करने में तथा चेहते को इवेंट का ठेके दिलाने में खर्च कर दिये। इस मोमेंटम झारखंड के आयोजन से न तो कोई कंपनी झारखंड में इन्वेस्ट करने आयी और ना ही झारखंडी युवकों को रोजगार मिल पाया।

पंकज यादव के इस आवेदन पर एसीबी ने पीइ दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। बाद में इस मामले को सीआइडी ने भी ले लिया था। अब पंकज यादव ने आरटीआइ में एसीबी से ये पूछा है कि अब तक मोमेंटम झारखंड मामले में क्या कार्रवाई हुई है। उन्होंने एसीबी से यह भी जानना चाहा है कि रघुवर दास और राजबाला वर्मा को नोटिस जारी हुआ है कि नहीं। साथ ही पंकज ने अब तक इस जांच प्रकरण में एसीबी के जरिये की गयी संपूर्ण जांच की रिपोर्ट भी मांगी है, ताकि वे इस मामले को झारखंड हाइकोर्ट के संज्ञान में ला सकें।

## रातू हाजी चौक में अश्विनी अमृतुल्य का उद्घाटन



रातू (आजाद सिपाही)। रातू कठिटांड में गुरुवार को अश्विनी अमृतुल्य चाय पॉइंट का उद्घाटन किया गया। झामुमो नेता और अलकमर एजुकेशनल वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष कमरूल हक व प्रखंड अंजुमन कमिटी के सदर अताउल्लाह अंसारी ने फीता काट कर इसका उद्घाटन किया। दुकान का संचालक गुलजार अंसारी ने बताया कि यहां कई किस्म के चाय लोगों को उपलब्ध होगा। सुबह 5 बजे से रात 8 बजे तक लोग यहां आकर कम कीमत पर अच्छी चाय का आंनद ले सकते है। कार्यक्रम में अजमुल हक शाकिर इस्लाही, जहीर मंसूरी, जमालुद्दीन, अतुल आदि लोग मौजूद थे।

## किक फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन साल्हन और सिरका पंचायत की टीम ने जीत दर्ज की



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। राम एकेडमी के तत्वावधान में लूपुंग स्टेडियम में चल रहे पंचायत स्तरीय किक फुटबॉल टूर्नामेंट के दुसरे दिन गुरूवार को साल्हन और सिरका पंचायत की टीम ने जीत हासिल किया। पहला मैच साल्हन एवं राजाडेरा के बीच खेला गया। जिसमें खेल के 36वें मिनट में साल्हन के खिलाड़ी जीतवाहन पाहन ने शानदार गोल कर अपनी टीम को जीत दिलायी। वहीं दुसरा मैच सिरका एवं बीसा पंचायत के बीच हुआ। मैच काफी संघर्षपूर्ण रहा तथा निर्धारित समय पर दोनों टीमें गोल करने में सफल नहीं हुए। बाद में हार- जीत का फैसला टाइब्रेकर से हुआ, जिसमें 7- 6 से सिरका ने विजय प्राप्त की। इससे पहले मुख्य अतिथि समाजसेवी मुकेश नायक, विशिष्ट अतिथि संदीप टाईगर एवं नागपुरी गायक मजबुल खान ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर मैच को शुरू कराया। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में राम एकेडमी के अध्यक्ष संजय नायक, संयोजक रामसाय मुंडा, सचिव जलेश महतो, राजेंद्र महतो, प्रवीन मुंडा, अरविंद, नीरज मुंडा, सूरज मुंडा, शिवा आदि अहम योगदान दे रहे हैं।

## बेड़ो का त्रिशुल एकेडमी बना विजेता



बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मैदान में त्रिशुल एकेडमी के तत्वावधान में छोटे बच्चों में क्रिकेट प्रतियोगिता हुआ। इस प्रतियोगिता में त्रिशुल एकेडमी बेड़ो और मिल्लत एकेडमी हाई स्कूल रांची के बीच खेला गया। इस मैच में त्रिशुल एकेडमी ने मिल्लत एकेडमी को छह विकेट से पराजित किया। मैन ऑफ द मैच बेड़ो त्रिशुल एकेडमी के गणेश बने। वहीं मिल्लत एकेडमी ने 163 रन पर ऑल आउट हो गयी। जिसमें सबसे अधिक कप्तान अकमल ने 63 रन और अरमान ने 17 रन बनाए। त्रिशुल एकेडमी की ओर से गणेश ने 4 व विपुल ने 2 विकेट लिए। वहीं त्रिशुल एकेडमी ने चार विकेट गंवाकर 163 रन बनाकर मैच जीत लिया। कोच संदीप सिंह और एसके साह ने कहा कि खेल के क्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, आज लोग काफी जागरूक हो गये हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे बच्चों ड्यूज बॉल से क्रिकेट खेल का आयोजन हो रहा है। बस जरूरत है तो इन खेलों के प्रोत्साहन की ताकि हमारे बच्चे इस तरफ आकर्षित हों।

# तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में स्कूटी सवार युवक की मौत, दो युवतियां घायल

**बताया जा रहा है कि युवक और युवतियां पिकनिक मनाने के बाद अपने घर लौट रहे थे। घटना के बाद हाइवा चालक मौके से फरार हो गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम ।** नामकुम थाना क्षेत्र के पलांडू के पास बुधवार शाम तेज रफ्तार हाइवा ने स्कूटी सवार तीन लोगों को टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में लालपुर करमटोली निवासी माही कौशल खलको (18) की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि दो युवतियां गंभीर रूप से घायल हो गयी।



जिन्हें पुलिस ने रांची स्थित रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया। चश्मदीदों के अनुसार हाइवा की रफ्तार अत्यधिक तेज थी और वह नियंत्रण से बाहर था। बताया जा रहा है कि युवक और युवतियां पिकनिक मनाने के बाद अपने घर लौट रहे थे। घटना के बाद हाइवा चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और घायल युवतियों को अस्पताल पहुंचाया। इस घटना ने इलाके में शोक की लहर पैदा कर दी है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से तेज रफ्तार वाहनों पर लगाम लगाने और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और फरार हाइवा चालक की तलाश जारी है।

# भाजपा के सदस्यता अभियान में लोवाडीह मंडल से सैकड़ों लोगों ने ली सदस्यता



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** भाजपा लोवाडीह मंडल के बूथ संख्या 345 और 343 में बुधवार को जोरदार सदस्यता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में दर्जनों महिलाओं और पुरुषों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नेताओं और कार्यकताओं ने लोगों को पार्टी की नीतियों और उद्देश्यों से अवगत कराया। वक्ताओं ने भाजपा के विकास कार्यों और जनसेवा के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया और भाजपा की सदस्यता लेने के बाद पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा जताई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाईक, बूथ अध्यक्ष प्रशांत कुमार, दीप्ति पॉल, जनक महतो, अरविंद प्रसाद, कलावती देवी, पूनम देवी, आशा देवी, रेखा प्रसाद, कमला देवी, प्रतिमा देवी सहित कई प्रमुख नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी सदस्यों ने पार्टी को और मजबूत बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। यह सदस्यता अभियान क्षेत्र में भाजपा की लोकप्रियता और जनाधार को बढ़ाने का एक बड़ा कदम साबित हो रहा है।

# 12 से 14 जनवरी तक मनाया जायेगा स्वर्णरेखा महोत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** नगडी स्थित सत्संग भवन नगड़ी में तीन दिवसीय स्वर्णरेखा महोत्सव के आयोजन को लेकर तपेश्वर केशरी की अध्यक्षता में नगड़ी सहित आस-पास गांव के जनप्रतिनिधि और शिक्षाविद समाजिक कार्यकर्ताओं की बैठक हुई, बैठक में सर्व सम्मिति से यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष स्वर्णरेखा के उद्गम स्थल में आगामी 12 से 14 जनवरी 2025 तीन दिवसीय स्वर्णरेखा महोत्सव धूम धाम से मनाया जायेगा। इस अवसर पर 12 जनवरी 2025 - स्वामी विवेकानंद जी का जयंती सह युवा दिवस के आयोजन में स्थानीय स्कूलों के छात्र-छात्रों के बीच (पर्यावरण स्वच्छता में युवाओ की भूमिका) विषयक भाषण



स्वर्णरेखा महोत्सव के विषय पर बैठक में शामिल समाजसेवी और ग्रामीण।

प्रतियोगिता होगी। 13 जनवरी 2025 - किसान मेला, कृषि प्रदशनी और किसान संगोष्ठी एवं पुरुस्कार वितरण तथा 14 जनवरी 2025 को - नदी पूजन, और भव्य मेला आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम की सफल आयोजन के लिए सर्वसम्मति से एक संचालन समिति का गठन किया गया, जिसमें मुख्य संरक्षक- सरयू राय (विधायक), लाल प्रेम प्रकाश नाथ शाहदेव मुख्य संयोजक - जिला परिषद सदस्य नगडी -पूनम देवी, संरक्षकः अंशुल शरण, दौलत राम केशरी, केशव कु० भगत, शशिभूषण, केदार, द्वारिका नाथ साहू, पंकज राज, प्रेम सागर महतो, विजय धान, शाकिर, उपेंद्र, विंध्याचल, धीरज, शंभू, मछिंदर महतो, रमेश महतो। 4. अध्यक्ष- तपेश्वर केशरी, कार्यकारी अध्यक्ष- बजरंता महतो, स्वागत अध्यक्ष- चूड़ामणि, महासत्री- हेमंत केशरी, कोषाध्यक्ष- दिलीप महतो, सह-कोषाध्यक्ष- राजमोहन महतो।

# लाखों की ठगी करनेवाला आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी।** इटकी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार एएसआई सुमित कुमार दास और विवेक कुमार दुबे की टीम वर्क ने कमाल करते हुए काफी दिनों से लाखों की ठगी करने वाले आरोपी को बुधवार को देर शाम गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्त मेराज अंसारी गुलाम टोली का निवासी है, उसके खिलाफ 40 लाख से अधिक की ठगी का मामला इटकी थाना में, कांड संख्या 6122 दर्ज है। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियुक्त मेराज अंसारी ने आइ पल्स इंडिया के नाम पर दर्जनों लोगों से अधिक को ठगा और फरार हो गया।



गिरफ्तार अभियुक्त मेराज अंसारी।

भुक्त भोगियों में अमीन अंसारी ने इटकी थाना में मामला 7/06/2022 को दर्ज कराया। अमीन अंसारी के रुपये को दोगुना करने का दावा कर मेराज ने ठगी किया। थाना प्रभारी के अनुसार केसर आलम उर्फ कैसू से 5 लाख, एजाज अहमद से 245000 हजार रुपये, शाहिद अख्तर उर्फ मंटू से 2 लाख रुपये, वसी से हैदर 11 लाख रुपये, महताब से 250000 रुपये, शाहिद अकरम से 6 लाख रुपये सहित कई अन्य लोगों से ठगी किया। कुछ दिनों बाद पैसे देने वालों के द्वारा पैसे का मांग करने पर उसने उसे बताया कि उसका अपहरण, व पैसे का लूट हो गया है, लेकिन उसने भूक्त भोगियों को चेक दे दिया, और कहा कि वह चेक बाद में बाउंस भी हो गया। अभियुक्त द्वारा अपहरण और लूट की मनगढ़ंत कहानी बनायी, जो काम नहीं आया। अभियुक्त ठगी कर फरार हो गया, लेकिन पुलिस की टीम ने अभियुक्त के घर पहुंचते ही अपने मिशन में मुस्तैद पुलिस टीम ने उसे घर पर धर दबोचा व रात्रि में ही उसे जेल भेज दिया।

# नये मेहमानों के साथ सैलानियों के स्वागत के लिए तैयार है बिरसा जैविक उद्यान चकला : जबार सिंह



दरियाई घोड़ा अपने नवजात संग, सफेद बाघ का शावक, सफेद हिरण अपने नवजात संग और नीलगाय अपने नवजात को स्तनपान कराते हुए।

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** झारखंड के पर्यटक स्थलों में सुप्रसिद्ध बिरसा जैविक उद्यान चकला ओरमांझी नव वर्ष के अवसर पर नन्हें मुनहे वन्य प्राणियों के साथ सैलानियों के स्वागत के लिए उत्सुक है। प्रकृति की गोद में बसा, वनों से आच्छादित, मुख्य मार्ग से सता, राजधानी रांची के करीब 91तरह के वन्य जीवों से सुसज्जित यह उद्यान सैलानियों को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित करता है। 2024 में दरियाई घोड़ा, लकड़ बग्घा, सांभर, चितल, कोट्रा, कृष्ण मृग, सफेद मृग, नीलगाय, लंगूर, बंदर, मोर, सिल्वर पिजेन गोल्डन पिजेन, बाजीगर तोता, शुतुरमुर्ग, घड़ियाल और कछुआ के नन्हें मुंहे बच्चे सैलानियों के स्वागत के लिए उत्सुक हैं। सफेद बाघ, काला तेंदुआ, सफेद हिरण, सफेद मोर और नन्हें मुंहे वन्य जीवों के बच्चे दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होगा। सैलानियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उद्यान प्रशासन के द्वारा शौचालय, शेड, पीने का पानी, मातृ शिशु गृह की विशेष व्यवस्था की गयी है, वहीं दिव्यांगों के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था की गयी है। 31 दिसंबर से दो जनवरी तक के लिए टिकट दर बड़ों के लिए सतर और तीन से बारह वर्ष के बच्चों के लिए तीस रुपये किया गया है। नव वर्ष को देखते हुए सोमवार 30 दिसंबर और 6 जनवरी को जैविक उद्यान रखने का निर्णय उद्यान निदेशक जबार सिंह के द्वारा लिया गया है। उद्यान में वन्य जीवों के देखभाल की जिम्मेवारी डॉ ओमप्रकाश साहु के कंधों पर है। जिसे वो बखुबी पूरी तन्मयता के साथ निभा रहे हैं।

# अनदेखी का दंश झेल रहा है स्वर्ण रेखा नदी का उद्गम स्थल रानी चुआं

**प्रदेश सरकार ने 2016-17 में पर्यटक स्थल के रूप में घोषित किया था**

**नगड़ी प्रखंड के पांडूनेश्वर धाम के समीप झारखंड की लाइफ लाइन नदी**

**स्वर्णरेखा नदी के उद्गम स्थल रानी चुआं का पवित्र जल 474 किलोमीटर दूरी तय कर बंगाल की खाड़ी में गिरती हैं : आशा केसरी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** झारखंड की राजधानी रांची से मात्र 20 किलोमीटर में नगड़ी प्रखंड़ के नगड़ी में मेला टिकरा में स्थित झारखंड की जीवनदयानी नदी स्वर्णरेखा नदी के उद्गम स्थल रानी चुआं अवस्थित है जिस नदी के किनारे आज सैकड़ों वर्षों तक कई



औद्योगिक नगर के साथ-साथ लाखों लाखों लोग जीवन बसर कर रहे हैं, जहां जमशेदपुर टाटा जैसा औद्योगिक नगर बसा हुआ है आज वहीं स्वर्णरेखा नदी के उद्गम स्थल रानी चुआं आज अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। इस उद्गम स्थल को झारखंड सरकार ने 2016-17 में पर्यटक स्थल के रूप में घोषित किया है, लेकिन पर्यटक स्थल के रूप में सरकार ने इसे कभी भी विकास करने की रुचि नहीं दिखायी, जिसका खामियाजा आज स्वर्ण रेखा उद्गम स्थल के रानी चुआं झेल रहा है। चारों ओर प्राकृतिक वातावरण और खेतों के हरियाली के बीच बसा है स्वर्णरेखा नदी के उद्गम स्थल के रानी चुआं। नगड़ी प्रखंड के मेला टिकरा पांडेश्वर धाम के किनारे रानी चुआं से शनै शनै निकल रहा पवित्र जल और इसके चारो ओर शांत वातावरण ही लोगों यही खुबसूरती पर्यटक को अपनी और खींच लाती है। स्वर्णरेखा नदी के उद्गम स्थल रानी चुआं झारखंड प्रदेश का सबसे लम्बी नदी है, जो 474 किलोमीटर रास्ते तय कर बंगाल की खाड़ी में गिरती हैं। यह पर्यटक स्थल रानी चुआं राजधानी रांची ही नहीं अपितु पूरे प्रदेश के लिए पवित्र जल कुंड में से एक है। इस उद्गम स्थल के किनारे जनवरी माह में मकर संक्रांति के दिन वर्षों से तीन दिवसीय मकर संक्रांति मेला का भी आयोजन किया जाता है, मकर संक्रांति मेला पूरे प्रदेश से लाखों लोग शामिल होते हैं। नगड़ी प्रखंड क्षेत्र के हजारों लोगों ने कहा कि प्रदेश सरकार से स्वर्णरेखा नदी के उद्गम स्थल रानी चुआं के चारों ओर पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करें, जिससे स्वर्णरेखा उद्गम स्थल रानी चुआं का अस्तित्व बचा रहे। इस पर्यटक स्थल को देखने के लिए कई राजनेता यहां पहुंचकर माथा टिके हैं, इनमें भारत सरकार में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विधायक सरजू राय, नवीन जायसवाल झारखंड सरकार के पूर्व मुख्य सचिव सजल चक्रवर्ती सहित कई राजनेता स्वर्णरेखा नदी के उद्गम स्थल रानी चुंआ का दर्शन करने पहुंचे हैं।

## नगर पालिका चुनाव : जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने ऑनलाइन बैठक की

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) शशि रंजन ने कहा कि नगर निकायों में पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण का निर्धारण किया जाना है। ऐसे में सभी संबंधित नगर निकाय पदाधिकारियों को अपने क्षेत्रा अंतर्गत प्रगणक, पर्यवेक्षक और अनुश्रवण समिति की प्रतिनियुक्ति का गठन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वे गुरुवार को वर्चुअल रूप से संबंधित पदाधिकारियों के साथ नगर निकायों में पिछड़े वर्गों को आरक्षण निर्धारण करने से संबंधित बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को वार्डवार विखंडन करने,इसके पश्चात डोर-टू-डोर सर्वे कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया। बैठक में सर्वे प्रपत्रों की आवश्यकतानुसार छपाई,मुद्रण का निर्देश दिया। पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि राज्य के नगर निकायों में पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिये जाने से संबंधित कार्यों को सुनिश्चित रूप से आयोग द्वारा निर्धारित तिथि तक पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में डीआरडीए के निदेशक, विभिन्न सीओ समेत सभी नगर निकाय से जुड़े कार्यपालक पदाधिकारी उपस्थित थे।

# विधायक संजय ने 86 लाख की दो योजनाओं का किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** जल संसाधन विभाग पलामू अंतर्गत हरिहरगंज प्रखंड के तूरी और कटैया पंचायत क्षेत्र में विधायक संजय सिंह यादव ने गुरुवार को 86 लाख रुपये के दो योजना का शीलान्यास किया। जिसमें तूरी पंचायत के बरवादोहरी गांव स्थित मतना नाला पर चेकडैम 45 लाख और कटैया पंचायत के कजरु खुर्द मौजे के अंतर्गत उटवा नाला पर 41 लाख रुपये का चेकडैम निर्माण होना शामिल है। इससे पहले विधायक ने जन उपयोगी योजना के स्थल का जायजा लिया। वहीं विधायक ने संबंधित विभाग के जेई और संवेदक को कार्य की गुणवता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। इस मौके पर राजद के प्रदेश सचिव रवि यादव, जिला अध्यक्ष धनंजय पासवान, प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष कुशवाहा संगीता, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अमित सिंह, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राघव सिंह, युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष कमलेश यादव, संजय कुमार यादव, अशोक यादव, राजेंद्र यादव, आनंद यदुवंशी, दीपक कुमार यादव, सुशील सिंह, विनय यादव, सत्येंद्र यादव, राजकुमार पासवान, विकास यादव, लखन यादव, उमा यादव, रामराज यादव, रामप्रवेश यादव, संजय यादव, महानंद यादव, वीरेंद्र यादव, शिवपूजन कुमार मेहता, प्रमोद सिंह, कनीय अभियंता अमित कुमार, संवेदक


चेकडैम निर्माण कार्य योजना का शिलान्यास और राइट कैनाल का जायजा लेते विधायक और उपस्थित अन्य लोग।

### किसानों के आग्रह पर विधायक ने किया कई मुख्य स्थलों का निरीक्षण

विधायक संजय सिंह यादव के शिलान्यास कार्यक्रम के बाद ग्रामीणों के आग्रह पर बटाने डैम के राइट कैनाल के साथ ही कई जन उपयोगी स्थलों का भी जायजा लिया। वहीं ग्रामीणों ने विधायक को अवगत कराया की दुआरा में जोड़ी महुआ के पास चिन्हित कर चेकडैम का निर्माण कराया दिया जाये, तो किसानों के सैकड़ों एकड़ भूमि सिंचित होगी। इस दौरान विधायक ने बटाने डैम के राइट कैनाल का हालात देखा और आनेवाले दिनों में सिंचाई और सड़क के साथ ही कई जरूरी योजनाओं का स्वीकृति दिलाने का भरोसा दिया। वहीं लौटने के दौरान विधायक ने लंगुराही गांव में दिवंगत प्रयाग यादव के परिजनों से मिलकर उनका हाल जाना और संतावना दिया।

# पीड़िता का पार्थिव शरीर पहुंचा पांकी अंत्येष्टि में शामिल हुए मंत्री और डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** गुजरात से पीड़िता के पार्थिक शरीर को एंबुलेंस से गुरुवार की शाम पांकी के ढुब गांव लाया गया। यहां पीड़िता के पार्थिक शरीर पर राज्य के वित्तीय, वाणिज्य-कर, योजना और विकास विभाग तथा संसदीय कार्य विभाग के मंत्री राधा कृष्ण किशोर, उपायुक्त शशि रंजन, पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम व स्थानीय विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने श्रद्धासुमन अर्पित करने के पश्चात अंत्येष्टि संस्कार कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान जिला प्रशासन के तरफ से पीड़िता के परिवारजनों को अंत्येष्टि कार्यक्रम हेतु माननीय मंत्री ने एक लाख रुपये सौंपा।

जिले के उपायुक्त श्री रंजन ने कहा कि पीड़िता के परिवारजनों संग पूरा जिला प्रशासन है। उन्होंने कहा कि परिवार को अबुआ आवास सहित सभी योजनाओं से जोड़ा जायेगा। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटना सभ्य समाज के लिए अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि प्रखंड प्रशासन को परिवार से सीधा संपर्क में रहने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को पुनर्वास की व्यवस्था की जा रही है। मौके पर उपरोक्त के अलावे उप निर्वाचन पदाधिकारी, बीडीओ-सीओ, स्थानीय जन प्रतिनिधि समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।



### दुख की इस कठिन घड़ी में सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है: मंत्री

इस अवसर पर मंत्री ने परिवारजनों को ढांढस देते हुए कहा कि दुख की इस कठिन घड़ी में सरकार पीड़ित परिवार के साथ है। उन्होंने पलामू डीसी को नियमानुसार सभी योजनाओं से परिवार के लोगों को लाभान्वित करने व संभव हो तो परिवार में से किसी एक को स्थायी या अस्थायी नौकरी देने की बात कही। उन्होंने कहा कि घटना के आरोपी को फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से सजा दिलाने को लेकर सरकार गुजरात प्रशासन से लगातार संपर्क में है। उन्होंने कहा कि परिवार की हर जरूरत व मदद के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

## सपा ने अमित शाह के विरुद्ध निकाला मशाल जुलूस



हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के विरोध में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का टिप्पणी से देश में दिन प्रतिदिन विपक्षी दलों में आक्रोश देखने को मिल रहा है। इस दौरान पलामू जिले के हरिहरगंज शहर में गुरुवार को समाजवादी पार्टी के नेता कमलेश यादव के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने अमित शाह के विरोध में मसाज जुलूस निकालते हुए मुर्दाबाद के नारे लगाये गये और अमित शाह को तत्काल गृह मंत्री पद से इस्तीफा की मांग की।

## आरसीआइटी में बहुविषयक विज्ञान वार्ता का आयोजन



विश्रामपुर (आजाद सिपाही)। बिश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित आरसीआईटी कॉलेज के सभागार में गुरुवार को बहुविषयक विज्ञान वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें फैकेल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के द्वारा विज्ञान व इंजिनियरिंग के कई प्रमुख विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। फैकेल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डिन डॉ अविनाश कुमार ने छात्र-छात्राओं को प्लास्टिक फ्यूल मोरिंगा के उपयोग और उसकी विशेषताओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने नैतिक तथा बौधिक विकास पर बोलते हुए छात्र छात्राओं को कई टिप्स दिया। कहा कि तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में नैतिक व बौद्धिक विकास बहुत ही अहम है। मौके पर उप निदेशक अनुराग चंद्रवंशी, ट्रेनिंग प्लेसमेंट प्रमुख मनीषा सिंह, इंजिनियरिंग कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ राम कुमार सिंहा सहित कई विभाग के विभागाध्यक्ष, व्याख्याता और छात्र - छात्रा मौजूद थे।

## आरपीएफ कार्यालय डाल्टनगंज में तस्करी और बाल मजदूरी रेस्क्यू के लिए एक बैठक आयोजित



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। अग्रगति के द्वारा आरपीएफ कार्यालय डाल्टनगंज में आरपीएफ के साथ बाल तस्करी और बाल मजदूरी रेस्क्यू के लिए एक बैठक आयोजित किया गया। पलामू जिला में भारी मात्रा में हो रहे बाल मजदूरी और बाल तस्करी को संयुक्त रूप से समाप्त करने के लिए अग्रगति संस्था लगातार प्रयास कर रही है। इस बैठक में मुख्य रूप से बाल मजदूरी और बाल तस्करी का रेस्क्यू करने में हो रही कठिनाइयों को लेकर चर्चा किया गया। इस मीटिंग मे चाइल्डलाइन के समन्वयक अमित कुमार, बिट्टू कुमार, मनीष, डॉ तबरेज, उमेश कुमार, मनोज, रंजीत मेहता, मुन्ना और अग्रगति टीम पलामू के सपोर्ट पर्सन निकु पाठक, शुभरा कुमारी और सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता राजू राम, मंजु, कांति देवी और पुष्पांजलि देवी इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण, डीसी और एसपी ने बच्चों को दिये कई टिप्स

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** पूनम तिवारी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित संत जोसेफ कान्वेंट स्कूल के बिश्रामपुर और पाटन शाखा के बच्चों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। इस शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन स्कूल प्रबंधन द्वारा किया गया था। शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य केंद्र गढ़वा जिला स्थित अन्नराज डैम व जिला उद्यान रहा। जहां बच्चों को कई ऐतिहासिक चीजों की जानकारी दी गयी। इस दौरान बच्चों ने वनभोज का भी लुफ्त उठाया। भ्रमण के क्रम में बच्चे गढ़वा कलेक्ट्रियट भी गये। बच्चों के आग्रह पर स्कूल प्रबंधन द्वारा उन्हें गढ़वा डीसी शेखर जमुवार व एसपी दीपक कुमार पांडेय से मुलाकात कराया गया। इस मुलाकात के दौरान दोनों आलाधिकारियों ने आईएएस व आईपीएस की तैयारी हेतु बच्चों को कई टिप्स दिया। एसपी दीपक पांडेय ने आईपीएस बनने का सपने रखने वाले बच्चों को अपने कुर्सी पर बैठाकर पद की जिम्मेवारी को समझाया। स्कूल के निदेशक एन के तिवारी ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों का सामान्य ज्ञान तो बढ़ता ही है साथ ही ऐतिहासिक चीजों की व्यापक जानकारी भी मिलती है। शैक्षणिक भ्रमण में छात्र छात्राओं के साथ प्राचार्य आर के सिंह,श्याम कुमार, चंदन कुमार, सोनू कुमार, पूजा कुमारी, काजल कुमारी, शानू कुमारी, स्वीटी कुमारी, वर्षा कुमारी, खुशबू कुमारी, प्रियंका कुमारी,मंजू कुमारी, कोमल कुमारी, दुर्गा कुमारी, अंशु कुमारी सहित कई शिक्षक शिक्षिका भी शामिल थे।


गढ़वा एसपी के साथ बच्चे।

# जिलास्तरीय रबी कर्मशाला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र चियांकि के सभागार में गुरुवार को जिला स्तरीय रबी कर्मशाला 2024 का आयोजन किया गया। जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा देवी, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद और जिला कृषि पदाधिकारी दीपक वर्मा ने दीप प्रज्वलन कर कर्मशाला का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष ने सभी किसानों से इस कर्मशाला में अधिकाधिक लाभ लेने की अपील की। उन्होंने कृषि से जुड़े पदाधिकारियों से लग्न के साथ कार्य करने की बात कही, ताकि किसानों की आय दुगुनी किया जा सके। वहीं उप विकास आयुक्त श्री अहमद ने कहा कि कृषि को बढ़ावा देने के लिए केंद्र और राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से प्रगतिशील किसान को कृषि के क्षेत्र में बहुत लाभ होता है। रबी फसल का उत्पादन कैसे बेहतर हो उसी को लेकर यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जहां किसानों को रबी फसल के बारे में विस्तृत जानकारी दी जायेगी।

वहीं कृषि पदाधिकारी दीपक वर्मा ने रबी मौसम में बीज की बुवाई से लेकर कटाई तक की तकनीकी जानकारी किसानों से साझा की। इसके अलावे कार्यशाला में उपस्थित कृषक मित्रों को रबि की मौसम में फसलों में लगने वाले कीट पतंगों के नियंत्रण और रोकथाम की विस्तृत जानकारी दी गयी। इसके अलावे आत्मा के द्वारा संचालित कृषि की योजनाओं जैसे मिट्टी नमूना संग्रह, केसीसी ऋण माफी योजना, टपक सिंचाई समेत अन्य विषयों से भी किसानों को अवगत कराया गया।



# ग्रासिम सीएसआर के तहत सड़क सुरक्षा और स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रेहला स्थित ग्रासिम इंडस्ट्रीज के पार्किंग यार्ड में ग्रासिम सीएसआर रेहला के द्वारा मोटर चालकों हेतु सड़क सुरक्षा जागरूकता और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सेफ्टी प्रमुख देश दीपक ने टैंकरों के माध्यम से कंपनी के द्वारा उत्पादित विभिन्न प्रकार के रासायनिक उत्पादों को कारखाना से गंतव्य स्थल तक ले जाने वाले ट्रक चालकों को रासायनिक उत्पादों के परिवहन एवं उन उत्पादों से संबंधित अपनाये जानेवाले सेफ्टी के विभिन्न आयामों के बारे में अवगत कराया। सुरक्षा विभाग के प्रमुख बिपिन दीक्षित ने सभी चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया और उन्हें बताया कि किस तरह से हम यातायात के छोटे-छोटे नियमों जैसे सीट बेल्ट लगाकर, मोबाइल का उपयोग नहीं करना, शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाना, निर्धारित गति मानकों के हिसाब से गाड़ी को चलाना, आदि छोटे-छोटे नियमों का पालन करके खुद के साथ-साथ दूसरों को भी दुर्घटना से बचा सकते हैं। डॉ प्रेम प्रकाश पांडे ने जरूरतमंद चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां प्रदान की तथा उनके पेशे में स्वास्थ्य से संबंधित सावधानियां और सुझाव के बारे में अवगत कराया। इस दौरान सभी उपस्थित चालकों के बीच प्राथमिक उपचार किट भी उपलब्ध कराये गये।




## सरस्वती विद्या मंदिर जपला में वीर बाल दिवस का आयोजन

# सनातन की रक्षा में गुरु गोविंद सिंह का अविस्मरणीय योगदान : कुशजी पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** केंद्र सरकार के दिशा निर्देशानुसार सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में वीर बाल दिवस श्रद्धा और भक्ति से मनाया गया। इसका शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, पलामू के जिला संघचालक दिनेश प्रसाद कश्यप, प्रधानाचार्य कुशजी पांडेय और प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा ने भारत माता और वीर बाल बलिदानियों के चित्र पर दीप प्रज्वलन और श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया। अतिथि परिचय प्रधानाचार्य ने कराया। इस अवसर पर भैया/बहनों के द्वारा शहीद वीर बालकों के शौर्य और पराक्रम का बखान किया गया।

मौके पर प्रधानाचार्य ने वीर बाल बलिदानियों के द्वारा राष्ट्र हित में किये गये बलिदानों का उल्लेख किया। गुरु गोविंद सिंहजी के परिवार का सनातन की रक्षा में योगदान अविस्मरणीय है। गुरु गोविंद सिंह के शहीद पुत्र अजीत सिंह और जोरावर सिंह के शहादत को स्मरण कराते हुए भैया/ बहनों को अपने धर्म की रक्षा के लिए सब कुछ न्यौछावर करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा कि वीर बाल दिवस खालसा के चार साहिबजादों के बलिदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। धन्यवाद ज्ञापन प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में राजकुमार सिंह, रणजीत मिश्रा, मृत्युंजय प्रसाद, धर्मेंद्र मेहता, संजय सिन्हा, हर्षदा उपाध्याय, छाया कुमारी, दीपक पांडेय, अरविंद यादव, अभिषेक पाठक, सुनील गुप्ता, राजेश्वर सिंह यादव सहित सभी आचार्य-दीदीजी का सराहनीय योगदान रहा।



# स्पोर्ट्स



बुमराह को टेस्ट में 4562 बॉल बाद सिक्स लगा : कोंस्टास ने बुमराह के ओवर में 18 रन मारकर उनके करियर का सबसे महंगा ओवर बनाया। मेलबर्न में बुमराह सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय बन गये हैं।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया चौथा टेस्ट, पहले दिन कंगारुओं का स्कोर 311/6

## स्टीव स्मिथ 68 रन बना कर नाबाद लौटे, बुमराह को मिला 3 विकेट

- टेस्ट में बुमराह को 4562 बॉल बाद सिक्स लगा
- बुमराह मेलबर्न में सबसे ज्यादा विकेट वाले भारतीय

एजेंसी

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट के पहले दिन भारत के खिलाफ 6 विकेट पर 311 रन बना लिए हैं। गुरुवार को स्टंप्स तक स्टीव स्मिथ 68 और कप्तान पैट कमिंस 8 रन पर नाबाद लौटे।

मेलबर्न के MCG पर ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का फैसला लिया। 19 साल के युवा ओपनर सैम कोंस्टास (60 रन) और उस्मान ख्वाजा (57 रन) ने कंगारू टीम को सधी शुरूआत दिलायी। दोनों ने 116 बॉल पर 89 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की।

मार्नस लाबुशेन ने 72 रन और विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने 31 रन का योगदान दिया। मिचेल मार्श 4 और ट्रैविस हेड शून्य के निजी स्कोर पर आउट हुए। दिन के पहले सेशन में ऑस्ट्रेलिया का दबदबा रहा, जबकि दूसरा सेशन मिलाजुला रहा। फिर इंडिया ने दिन के आखिरी सेशन में वापसी की।

फिलहाल, 5 मैचों की सीरीज 1-1 की बराबरी पर है। भारत ने पहला और ऑस्ट्रेलिया ने दूसरा टेस्ट जीता। तीसरा टेस्ट ड्रॉ रहा था।

**टेस्ट में बुमराह को 4562 बॉल बाद सिक्स लगा:** मेलबर्न टेस्ट के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया मजबूत स्थिति में पहुंच गया है। गुरुवार को रिकॉर्ड लिस्ट में बुमराह और सैम कोंस्टास का नाम चर्चा में रहा। बुमराह को टेस्ट में 4562 बॉल बाद सिक्स लगा। कोंस्टास ने बुमराह के ओवर में 18 रन मारकर उनके करियर का सबसे महंगा ओवर बनाया। मेलबर्न में बुमराह सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय बन गये हैं।




# कोहली पर लगा मैच फीस का 20% जुर्माना

- ऑस्ट्रेलियाई बैटर कोंस्टास को धक्का मारा था, दोनों के बीच बहस भी हुई थी

एजेंसी

**मेलबर्न।** मेलबर्न में खेले जा रहे चौथे टेस्ट में विराट कोहली और 19 साल के ऑस्ट्रेलियाई बैटर सैम कोंस्टास के बीच बहस हो गयी। आइसीसी ने भारतीय खिलाड़ी विराट कोहली पर जुर्माना लगाया है। मैच रेफरी एंडी पाएक्रॉफ्ट ने कोहली की 20% मैच फीस काटी है। साथ ही एक डी-मेरिट पॉइंट भी दिया है। कोहली पर यह जुर्माना मैदान पर खराब व्यवहार के लिए लगाया गया है। 37 साल के भारतीय बल्लेबाज ने डेब्यू मैच खेल रहे 19 साल के ऑस्ट्रेलियाई ओपनर सैम कोंस्टास को धक्का मारा और बहस भी की। यह वाकया ऑस्ट्रेलियाई पारी के 10वें और 11वें ओवर के बीच हुआ। कोहली ने रेफरी के सामने सुनवाई के दौरान अपनी गलती स्वीकार ली।

**एक डीमेरिट पॉइंट भी मिला :** कोहली को एक डी-मेरिट पॉइंट भी दिया गया है। डी-मेरिट पॉइंट एक पेनल्टी सिस्टम है, जो खिलाड़ियों को उनके खराब व्यवहार या कोई नियम तोड़ने के लिए दिया जाता है। दो से अधिक डी-मेरिट पॉइंट होने पर खिलाड़ियों को एक से ज्यादा टेस्ट, वनडे या टी-20 मैच के लिए बैन किया जा सकता है।

**क्या कहता है कोड ऑफ कंडक्ट का नियम :** आइसीसी कोड ऑफ कंडक्ट के मुताबिक, क्रिकेट में भले ही अनजाने में ही, लापरवाही से चलने या दौड़ने या किसी अन्य खिलाड़ी को टकराने के अलावा कंधे से कंधा मिलाकर चलने की अनुमति नहीं है। ऐसा करने पर आइसीसी लेवल-1 का उल्लंघन माना जाता है। वहीं, अंपायर के साथ ऐसा करने पर लेवल-3 का उल्लंघन होता है।



## शहीदी दिवस पर निकाली प्रभातफेरी



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** शहीद हुए चार साहिबजादे की याद में गुरुवार को धनबाद के जोड़ाफाटक रोड स्थित छोटा गुरुद्वारा से मटकुरिया गुरुद्वारे तक पांच प्यारे को सजा प्रभातफेरी निकाली गयी। गुरु गोविंद सिंह की माता गुजर कौर एवं चार साहिबजादों अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह और फतेह सिंह की अद्वितीय शहादत को याद किया गया। इस दौरान कीर्तन और रागी जत्थों द्वारा गुरुजन से श्रद्धालुओं को निहाल किया। वहीं साहिबजादों की शहीदी व जीवनी का विस्तारपूर्वक वर्णन करके संगतो को निहाल किया। इस प्रभातफेरी में विधायक राज सिन्हा, समाजसेवी दिलीप सिंह समेत जिले के कई प्रबुद्ध लोग शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि चार साहिबजादो की याद में यह प्रभातफेरी निकाली गयी है। इसे वीर बाल दिवस के रूप में भी मनाते हैं और उनके शहादत को याद किया गया। उन्होंने कहा ऐसे आयोजनों से उन बलिदानियों का जो इतिहास रहा उसका संदेश पुरे विश्व में जाता है। समाजसेवी दिलीप सिंह ने इस अवसर पर कहा कि गुरु गोविंद सिंह की माता गुजर कौर एवं चार साहिबजादों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। प्रभातफेरी मटकुरिया गुरुद्वारा पहुंचने के बाद वापस प्रभात फेरी बड़ा गुरुद्वारा पहुंची जहां सभी लंगर में शामिल हुए जिनके बीच लंगर वितरित किया गया। गुरु सिंह सभा के द्वारा नगर कीर्तन हुआ।

## क्विज प्रतियोगिता में गुरु नानक कॉलेज की टीम ने गोल्ड मेडल जीता



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** पांचवां अंतर्नाद 2024 महाविद्यालय महोत्सव गुरूनानक कालेज में पिछले दिनों आयोजित किया गया था, जिसमें ओवरऑल चैंपियन गुरुनानक कालेज प्रथम स्थान प्राप्त कर टॉपर रहा। प्रतियोगिता के क्वीज के द्वितीय राउंड में पांच कॉलेज बीएससी कॉलेज बोकारो, एसएसएलएनटी कॉलेज धनबाद, आरएसपी कॉलेज, और बीबी एमकेयू पीजी डिपार्मेंट चयनित हुए थे, जिसमें गुरूनानक कालेज ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। पांचों टीम से प्रत्येक राउंड में दो प्रश्न पुछे जा रहें थे उसके अनुसार मार्क्स दिये जा रहे थे। जिसमें गुरुनानक कांलेज क्विज टीम ने अधिकतर सही जबाब देकर स्वर्ण पदक विजेता हुए। गुरूनानक कालेज के विजेता टीम के मयंक तोमर, आसन हुसैन, रिया गुप्ता कार्यक्रम समाप्त होने उपरांत प्रिंसिपल संजय प्रसाद मिल कर आगे होने वाले 38वां इस्ट जोन युथ फेस्ट 24–25 कलकत्ता क्वीज में होने वाले क्वीज प्रतियोगिता की तैयारी पर चर्चा की एवं सफलता के लिए आशीष दिया। मयंक तोमर ने कहा गुरूनानक कालेज टीम अगले वर्ष 8 जनवरी 25 से 12 जनवरी 25 तक होने कव्वाली क्विज प्रतियोगिता में भी बेहतरीन प्रदर्शन करेगी।

## जिप अध्यक्ष शारदा सिंह ने बच्चों को दिया स्वेटर



**महुदा (आजाद सिपाही)।** ठंड और शितलहरी के प्रकोप को देखते हुए झारखंड सरकार ने जरूरतमंद बच्चों के लिए एक अहम कदम उठाया। राज्य सरकार की पहल पर, आंगनबाड़ी केंद्र राधानगर के भत्तुडीह में बच्चों के बीच स्वेटर वितरित किये गये। यह वितरण कार्यक्रम धनबाद जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह की उपस्थिति में आयोजित किया गया, जिनके हाथों बच्चों को स्वेटर वितरित किये गये। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की सरकार द्वारा बाल विकास परियोजना बाघमारा के माध्यम से यह कदम उठाया गया, जिससे बच्चों को कड़ी ठंड से बचाने में मदद मिल सके। इस अवसर पर स्थानीय समुदाय ने इस पहल की सराहना की और मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। धनबाद जिप अध्यक्ष शारदा सिंह ने इस अवसर पर कहा कि सरकार बच्चों और आम जनता की भलाई के लिए हमेशा तत्पर है। ठंड से बचाव के लिए बच्चों को स्वेटर मुहैया कराए जा रहे हैं ताकि वे सर्दी से सुरक्षित रहें और उनका स्वास्थ्य बेहतर रहे। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार द्वारा ऐसे उपायों को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि सभी बच्चों को जरूरी सुविधाएं मिल सकें, और उनका शारीरिक एवं मानसिक विकास अच्छे से हो सके। मौके पर सेविका रेणु गुप्ता, सहायिका पुनम देवी, श्रवण कुमार गुप्ता, राजिव कुमार सिंह, सहित पोषक क्षेत्र के अन्य महिला पुरूष उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने चंदनकियारी अंचल के हल्का 5 का किया निरीक्षण



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त विजया जाधव ने अंचल कार्यालय चंदनकियारी के हल्का 05 कार्यालय का निरीक्षण किया। मौके पर विधायक चंदनकियारी उमाकांत रजक, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय वर्मा, अंचलाधिकारी रवि आनंद, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। उपायुक्त ने हल्का कर्मचारी 5 के कार्यालय निरीक्षण क्रम में कर्मचारी लाल मोहन दास से नामांतरण वादों/ खारिज किये गये आवेदनों की जानकारी ली। इस दौरान सही ढ़ंग से रिकार्डों का संधारण नहीं होने, आवेदकों को नोटिस का तामिला सही से नहीं कराने आदि को लेकर नाराजगी व्यक्त की। इसको लेकर हल्का कर्मचारी लाल मोहन दास एवं अंचल कार्यालय के प्रधान सहायक महेश नायक का वेतन अगले आदेश तक स्थगित करने का निर्देश दिया। आगे उपायुक्त ने लंबित दाखिल-खारिज वाद/जीएम लैंड रजिस्टर/लैंड बैंक रजिस्टर/अतिक्रमण वाद/ फोर एच वाद आदि की क्रमवार समीक्षा की। इस दौरान अतिक्रमण वाद/फोर-एच वाद के मामलों पर नियमित सुनवाई नहीं करने, धीमा निष्पादन को लेकर भी नारजगी व्यक्त की। उन्होंने अंचलाधिकारी चंदनकियारी को इस बाबत स्पष्टीकरण पूछने का संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया। समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने अपर समाहर्ता को दाखिल-खारिज के आवेदन क्रम में प्रज्ञा केंद्रों द्वारा आवेदनकर्ता का मोबाइल नंबर जरूर अंकित करेंगे, इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत ग्रामीणों ने ओपी का किया घेराव

ग्रामीणों ने धनबाद-बोकारो मुख्यमार्ग को जाम कर दिया और मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** बांधडीह बस्ती में बीते दिनों एक सड़क हादसे में घायल हुए व्यक्ति की मौत के बाद, स्थानीय ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर कपुरिया ओपी का घेराव किया। जब प्रशासन से कोई समाधान नहीं निकला, तो उग्र ग्रामीणों ने धनबाद-बोकारो मुख्यमार्ग को जाम कर दिया और मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग को लेकर धरने पर बैठ गये। इस जाम की वजह से यातायात करीब दो घंटे तक पूरी तरह से बाधित रहा।

मामला 19 दिसंबर का है, जब कपुरिया ओपी क्षेत्र के बांधडीह निवासी अभिमन्यु महतो के 31 वर्षीय पुत्र गोरांगो महतो धनबाद-बोकारो मुख्यमार्ग पर अपने घर के पास सड़क किनारे खड़ा था। तभी तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसे जोरदार धक्का मार दिया, जिससे गोरांगो महतो गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय पुलिस और ग्रामीणों ने घायल को बोकारो स्थित बिजीएच अस्पताल पहुंचाया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। वहीं, इलाज के दौरान गुरुवार तड़के सुबह उसकी मौत हो गयी।

मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की, लेकिन जब प्रशासन ने उनकी मांग पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया, तो ग्रामीणों की उग्र भीड़ ने धनबाद-बोकारो मुख्यमार्ग को जाम कर दिया। इस दौरान कुछ असामाजिक तत्वों ने दोपहिया वाहनों के साथ विवाद करते मारपीट किया। खबर लिखे जाने तक सड़क जाम रहा और इस मामले में प्रखंड या जिले स्तर के कोई भी सक्षम अधिकारी वार्ता के लिए मौके पर नहीं पहुंचे।

# अस्पताल में गर्भवती महिला की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** शहर के सरायढेला थाना क्षेत्र अन्तर्गत गोल बिल्डिंग के समीप साधना हास्पिटल में गुरुवार की सुबह एक गर्भवती महीला मरीज की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। महिला के परिजन में अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि लटानी बरवाटॉड निवासी 24 वर्षीय साजिया खातून को डिलीवरी के लिए परिजन ने बुधवार की शाम साधना अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां बुधवार की देर शाम गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत हो गये। जिसके बाद डाक्टर द्वारा आपरेशन करने की बात कह कर पचास हजार रुपये जमा करवा लिया गया। आपरेशन के दौरान कार्डियक अटैक की वजह से महीला की मौत हो गयी। जिसके बाद परिजन उग्र हो गये और अस्पताल में तोड़फोड़ शुरू कर दिया। जबकि मृतक महिला के परिजन ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

## ग्रामीणों ने लगाया सड़क निर्माण में संवेदक पर गड़बड़ी करने का आरोप



**कसमार (आजाद सिपाही)।** कसमार प्रखंड के टांगटोना पंचायत के तेलियाडीह के ग्रामीणों ने पीसीसी सड़क निर्माण कार्य पर घटिया किस्म का मैट्रियल उपयोग में लाने का आरोप लगाया है। लोगों ने कहा कि तेलियाडीह बजरंगबली चौक से लेकर जरीडीह प्रखंड के गोपालपुर गांव के सीमाना तक ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल बोकारो की ओर से बनाये जा रहे सड़क में संवेदक द्वारा भारी अनियमितता होने की बात स्थानीय लोग द्वारा कही जा रही है। पीसीसी निर्माण कार्य में घटिया किस्म के गिट्टी, बालू और सीमेंट लगाया जा रहा है। इस संबंध में स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि प्रिया देवी ने जब संवेदक से बात की तो उनसे भी ऊंचे लहजे में बात करते हुए कुछ भी बिगाड़ नहीं पाने की बात कही गयी। ग्रामीण सड़क निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जांच के लिए आवेदन मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो व प्रमुख नियोती कुमारी को दिया गया है। मंत्री श्रीमहतो ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया है कि कोई भी घटिया किस्म का कार्य करने वाले संवेदक को बख्शा नहीं जायेगा। इधर विभाग के कनिय अभियंता समीर दास ने कहा कि जल्द ही कार्य का भौतिक निरीक्षण कर गड़बड़ी की जांच की जायेगी, अगर संवेदक द्वारा गड़बड़ी पायी जाती है तो उच्च अधिकारियों को सूचित करेंगे।

## वीर बाल दिवस पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**टुंडी (आजाद सिपाही)।** करमाटांड डिग्री कॉलेज के तत्वावधान में गुरुवार को बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय द्वारा संचालित टुंडी डिग्री कॉलेज के बिरसा मुंडा सभागार में अविनाश कुमार विभागाध्यक्ष इतिहास विभाग की सानिध्य में गुरु गोविन्द सिंह के साहिबजादों वीर जोरावर सिंह एवं वीर फतेह सिंह के याद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर उन सभी वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। वक्ता के रूप भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ प्रीतम कुमार के द्वारा साहिबजादों का संक्षिप्त में उनके जीवन परिचय प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों को उनके मार्गदर्शन पर चलने एवं प्रेरणा लेने की बात कही। समारोह में मुख्य रूप से वक्ता रसायन विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ राजेश रंजन सिन्हा ने वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में बच्चों को उनके आदर्श पर चलने पर प्रकाश डाला।


## कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, चतरा

### राजस्व जलकरों की खुली डाक से अति अल्पकालीन बन्दोबस्ती हेतु आम सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि चतरा जिला अन्तर्गत निम्नांकित जलकरों की अल्पकालीन बन्दोबस्ती विभागीय परिपत्र सं0 114, दिनांक 18.01.1992 के आलोक में वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक तीन वर्षों के लिए खुले डाक के माध्यम से किया जाना है। **जलकरों की अल्पकालीन बन्दोबस्ती दिनांक 31.12.2024 को 11:30 बजे पूर्वाह्न से अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में किया जायेगा।** बन्दोबस्ती के उपरांत बन्दोबस्त जलकरों का वर्श 2024–25 का वार्शिक राजस्व एक मुश्त कार्यालय में जमा करना होगा। **यदि समिति नीचे दिये गये जलकरों की बन्दोबस्ती लेना चाहती है, तो दिनांक 30.12.2024 तक अपनी अर्हत्ता पूर्ण करते हुए बन्दोबस्ती प्राप्त कर सकती है।**

अगर उक्त तिथि को अपरिहार्य कारणवश डाक नहीं होने पर माह जनवरी 2025 के प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को इसकी बन्दोबस्ती की जायेगी।

| क्र0 सं0 | तालाब का नाम | ग्राम | पंचायत | प्रखण्ड | खाता सं0 | खेसरा सं0 | रकवा (ए0में) | जलक्षेत्र (ए0में) | सु0जमा नि0 राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गुजरा आहर | बरीसाखी | नावाडीह | गिद्धौर | 150 | 2597 | 2.42 | 2.00 | 7000.00 |
| 2 | सिनुवारी कला | सिनुवारी | – | गिद्धौर | 79 | 364 | 10.75 | 5.00 | 3500.00 |
| 3 | सरहुल आहर | सरहुल | – | गिद्धौर | 117 | 371 | 1.49 | 0.90 | 5000.00 |
| 4 | रेहड़ गड़ा आहर | खलरी | पहरा | गिद्धौर | 09 | – | 0.50 | 0.25 | 1100.00 |
| 5 | गरी आहर | सिनवारी | झझगॉवा | गिद्धौर | 32 | 68 | 0.23 | 0.20 | 3150.00 |
| 6 | पेक्शा आहर | पेक्शा | बारीसाखी | गिद्धौर | 45 | 1125 | 3.16 | 2.50 | 3150.00 |
| 7 | कॉटी आहर | इचाक | बरियातु | गिद्धौर | 65 | 1059 | 5.50 | 3.30 | 1000.00 |
| | | | प्रखण्ड : हण्टरगंज | | | | | | |
| 1 | डटमी आहर | डटमी | बलोरी | हण्टरगंज | 34 | 187 | 2.75 | 1.65 | 2800.00 |
| 2 | सिलदाहा आहर | सिलदाहा | करमा | हण्टरगंज | 01 | 45 | 0.88 | 0.30 | 1000.00 |
| 3 | इरकी आहर | इरकी | डाटा | हण्टरगंज | 34 | 187 | 02.75 | 1.65 | 1800.00 |
| 4 | डकहवा आहर | पाण्डेयपुरा | पाण्डेयपुरा | हण्टरगंज | 25 | 440 | 1.50 | 0.90 | 1650.00 |
| 5 | पनियाही आहर | जबड़ा | जबड़ा | हण्टरगंज | 90 | 2 | 4.00 | 2.40 | 3300.00 |
| 6 | भागेवार आहर | भागेवार | मीरपुर | हण्टरगंज | 01 | 49 | 0.71 | 0.29 | 2800.00 |
| 7 | खिजुरिया आहर | खिजुरिया कला | नवाडीह पनारी | हण्टरगंज | – | 04 | 2.10 | 0.60 | 4000.00 |
| 8 | भांगदोहर आहर–I | चकला | सरदम | हण्टरगंज | 1 | 300,789, 801,798 | 3.35 | 1.60 | 1500.00 |
| 9 | केन्दुआ आहर | केन्दुआ | होसिल | हण्टरगंज | 12 | 45 | 0.60 | 0.30 | 1500.00 |
| 10 | बलवीर आहर | बलवी | डाटम | हण्टरगंज | 42 | 395 | 3.30 | 1.50 | 2000.00 |
| 11 | औरू आहर | औरू | औरूगेरूआ | हण्टरगंज | 127 | 384 | 0.48 | 0.25 | 1200.00 |
| | | | प्रखण्ड : ईटखोरी | | | | | | |
| 1 | सयदा आहर | परसौनी | परसौनी | ईटखोरी | 97 | 2910 | 2.03 | 1.00 | 2250.00 |
| 2 | बौली कैली आहर | एरकी | चुना | ईटखोरी | 8 | 19 | 0.23 | 0.50 | 1100.00 |
| 3 | गड्डी आहर | ईटखोरी | ईटखोरी | ईटखोरी | – | – | 1.00 | 0.50 | 2250.00 |
| 4 | नेमसागर आहर | लुकी | – | ईटखोरी | 08 | 425 | 2.56 | 0.50 | 1250.00 |
| 5 | मछली आहर | बरहाप | – | ईटखोरी | 47 | 368 | 5.84 | 2.60 | 1350.00 |
| 6 | अजानसुरिया आहर | बसरिया | – | ईटखोरी | 100 | 1510 | 2.20 | 1.00 | 1250.00 |
| 7 | डुमरिया आहर | कतरा | – | ईटखोरी | 43 | 2134 | 2.45 | 1.00 | 1350.00 |
| 8 | परोका आहर–I | परोकाकला | परोका | ईटखोरी | 65 | 412 / 881 | 1.56 | 1.00 | 1350.00 |
| 9 | परोका आहर–II | परोका | ईटखोरी | ईटखोरी | 65 | 364 | 1.23 | 0.50 | 1250.00 |
| 10 | हैदपटी आहर | परसौनी | परसौनी | ईटखोरी | 97 | 4232 | 5.50 | 2.50 | 1800.00 |
| 11 | सिसुआही आहर | बपलगुदर | मलकपुर | ईटखोरी | 18 | 224 | 1.80 | 0.70 | 1200.00 |
| 12 | बड़का आहर | बड़गॉव | मलकपुर | ईटखोरी | 17 | 431 | 1.85 | 0.90 | 1250.00 |
| 13 | मुचला उर्फ गोराही बहेरा आहर | सौनिया | धुना | ईटखोरी | 41 | 328 | 2.12 | 1.00 | 1350.00 |
| 14 | बड़का आहर | परसौनी | परसौनी | ईटखोरी | 73 | 952 | 7.80 | 3.00 | 1350.00 |
| 15 | गुही आहर | परसौनी | परसौनी | ईटखोरी | 97 | 2912 | 1.99 | 1.00 | 1800.00 |
| 16 | जमुनिया आहर | सतौर | पकडीया | ईटखोरी | 36 | 881 | 0.87 | 0.25 | 1100.00 |
| 17 | राजानाथा आहर | कनौदी | विशनापुर | ईटखोरी | 08 | 272 | 2.17 | 1.03 | 1200.00 |
| 18 | पथरिया हड़ाही पोखर | पथरिया | शहरजाम | ईटखोरी | 26 | 637, 638 | 1.94 | 0.60 | 1800.00 |
| 19 | नईकी आहर | चकरवार | टोनाटाड़ | ईटखोरी | 64 | 1166 | 5.45 | 3.00 | 1400.00 |
| 20 | करनी जोराही आहर | करनी | करनी | ईटखोरी | 91 | 2655 | 3.05 | 2.00 | 1800.00 |
| 21 | पितीज आहर–II | पितीज | पितीज | ईटखोरी | 155 | 2415 | 1.45 | 1.00 | 8000.00 |
| 22 | शहरजाम आहर | शहरजाम | विशनापुर | ईटखोरी | 96 | 4175,4176 | 3.94 | 2.00 | 3000.00 |
| 23 | करनी बहेरा आहर | करनी | शहरजाम | ईटखोरी | 99 | 602 | 3.66 | 2.00 | 2200.00 |
| 24 | पुरैनी आहर | कनौदी | – | ईटखोरी | 16 | 832 | 11.11 | 5.00 | 1700.00 |
| 25 | ओवा आहर | सरेद | विशनापुर | ईटखोरी | 34 | 338, 339 | 0.33 | 0.30 | 2200.00 |
| 26 | डुधाही आहर | पकरिया | पकरिया | ईटखोरी | 24 | 251 | 1.11 | 0.80 | 2300.00 |
| 27 | गुही आहर | पकरिया | पकरिया | ईटखोरी | 24 | 351 | 1.85 | 0.90 | 2200.00 |
| 28 | जड़डबरी आहर | करियातु | – | ईटखोरी | 106 | 1154 | 0.54 | 0.20 | 1500.00 |
| 29 | मरकपुर आहर–II | मरकपुर | – | ईटखोरी | – | – | – | – | 3700.00 |
| 30 | मोदी पोखर | ईटखोरी | ईटखोरी | ईटखोरी | 162 | 1054, 1055 | 1.69 | 0.50 | 6200.00 |
| 31 | कुशमाही आहर | मडवा | ईटखोरी | ईटखोरी | 43 | 112 | 1.37 | 1.00 | 3150.00 |
| 32 | मुरपा आहर | गणेशपुर | – | ईटखोरी | 10 | 872 | 2.80 | 1.50 | 2600.00 |
| 33 | नईकी आहर | करनी | करनी | ईटखोरी | 99 | 7033 | 4.55 | 2.50 | 2100.00 |
| 34 | बौली कैली आहर | एरकी | – | ईटखोरी | 8 | 19 | 0.23 | 0.20 | 1500.00 |
| 35 | मचला आहर | सौनिया | – | ईटखोरी | 41 | 32 | 2.12 | 1.00 | 3650.00 |
| 36 | पुरनी आहर | विशनापुर | विशनापुर | ईटखोरी | 17 | 523, 524 | 1.18 | 0.60 | 3150.00 |
| 37 | बलवा आहर | असढीया | शहरजाम | ईटखोरी | 85 | 35, 43 | 1.47 | 0.90 | 3700.00 |
| 38 | समटा आहर | परसौनी | – | ईटखोरी | 97 | 2910 | 2.03 | 1.00 | 2600.00 |
| 39 | राजपुर आहर–01 | राजपुर | – | ईटखोरी | 12 | 94 | 1.29 | 0.50 | 2100.00 |
| 40 | किता आहर | हुम्बी | – | ईटखोरी | 24,96 | 1, 2, 23 | 9.60 | 4.00 | 1600.00 |
| 41 | पितीज आहर–I | पितीज | पितीज | ईटखोरी | 155 | 324 | 5.77 | | 2700.00 |
| | | | प्रखण्ड : कान्हाचट्टी | | | | | | |
| 1 | भमौलीखुर्द आहर (सीरो आहर) | भमौलीखुर्द | बाराबागी | कान्हाचट्टी | 19 | 128 | 1.84 | 1.04 | 3000.00 |
| 2 | आरूगढ़ा आहर | आरूगढा | चारू | कान्हाचट्टी | 21 | 217 | 2.80 | 1.68 | 2550.00 |
| 3 | बकचुम्बा आहर | बकसचुम्बा | बकसचुम्बा | कान्हाचट्टी | 75 | 235 | 4.10 | 2.46 | 3000.00 |
| 4 | चौद आहर | चौद | चारू | कान्हाचट्टी | 41 | 01 | 5.00 | 3.00 | 5500.00 |
| 5 | चैनपुर आहर– II | चैनपुर | जमरीबकसपुरा | कान्हाचट्टी | 33,29 | 2241,483,225 1,484 | 1.40 | 1.00 | 3300.00 |
| 6 | नौकी आहर | बड़गॉव | कान्हाचट्टी | कान्हाचट्टी | 53 | 260 | 2.00 | 1.00 | 3900.00 |
| 7 | चारू आहर | चारू | चारू | कान्हाचट्टी | 01 | 374, 375 | 3.49 | 2.00 | 4100.00 |
| 8 | मिश्रडीह आहर | मिश्रडीह | कोल्हैया | कान्हाचट्टी | 41 | 20 | 0.74 | 0.30 | 1800.00 |
| 9 | रामपुर आहर | रामपुर | कोल्हैया | कान्हाचट्टी | 41 | 53 | 0.61 | 0.40 | 1500.00 |
| | | | प्रखण्ड : लावालौंग | | | | | | |
| 1 | भुताही आहर | – | – | लावालौंग | 30 | 204 | 1.20 | 0.40 | 2100.00 |
| 2 | बहेड़ाडीह आहर | बहेड़ाडीह | कोलकोल | लावालौंग | 16 | 158 | 2.50 | 2.00 | 2500.00 |
| 3 | मनातु आहर | मनातु | लावालौंग | लावालौंग | 06 | 42 | 0.82 | 0.40 | 1600.00 |
| 4 | बबुआ आहर | सोहावन | लावालौंग | लावालौंग | 42 | 531, 532 | 0.49 | 0.10 | 1050.00 |
| 5 | सोहावन आहर | सोहावन | लावालौंग | लावालौंग | 18 | 143,,147 | 10.95 | 5.00 | 15000.00 |
| | | | प्रखण्ड : मयुरहण्ड | | | | | | |
| 1 | डंगर गड्हा आहर | दीघी | कदगन्वाकला | मयुरहण्ड | 37 | 921 | 4.77 | 2.80 | 3500.00 |
| 2 | मखरौला आहर | मखरौला | नरचाही | मयुरहण्ड | 33 | 1685 | 7.22 | 4.00 | 3900.00 |
| 3 | कांटी आहर | अमझर | पंदनी | मयुरहण्ड | 127 | 97 | 1.71 | 1.00 | 1600.00 |
| 4 | बड़का आहर | पंदनी | अमझर | मयुरहण्ड | 26 | 2234, 2253 | 5.50 | 4.00 | 9000.00 |
| 5 | छोटा आहर | पंदनी | अमझर | मयुरहण्ड | 26 | 20 | 0.50 | 0.25 | 2000.00 |
| 6 | मोना आहर | मोना | पंदनी | मयुरहण्ड | 11 | 407 | 1.00 | 0.50 | 2000.00 |
| 7 | पुरैनी बॉध | पुरैनी | हुसिया | मयुरहण्ड | 25 | 189 | 1.00 | 0.40 | 2000.00 |
| 8 | पुरैनी बॉध | पुरैनी | करनी | मयुरहण्ड | 25 | 1781,1782 | 3.21 | 2.00 | 2500.00 |
| 9 | धनेश्वर पोखर | फुलांग | फुलांग | मयुरहण्ड | 77 | 3631 | 12.80 | 5.00 | 1700.00 |
| 10 | परोकर पोखर | फुलांग | फुलांग | मयुरहण्ड | 77 | 3007 | 2.46 | 1.00 | 1300.00 |
| 11 | धोबिनिया आहर | सदाफर | पेटाडीरी | मयुरहण्ड | 40 | 736 | 2.04 | 1.50 | 1350.00 |
| 12 | मंधनिया धोबिया आहर | मंधनिया | मझगॉवा | मयुरहण्ड | 40 | 2206 | 5.03 | 2.50 | 3350.00 |
| 13 | केन्दुआ आहर | बमनडीहा | कदगन्चाकला | मयुरहण्ड | 20 | 475, 476 | 2.36 | 1.00 | 1350.00 |
| 14 | बेला भोराही आहर | बेला | मयुरहण्ड | मयुरहण्ड | 06 | 101 | 3.06 | 1.50 | 1300.00 |
| 15 | चेरी पोखर | चेरी | सोकी | मयुरहण्ड | 76 | 413 | 1.18 | 0.90 | 1300.00 |
| 16 | तिलैया आहर | पिपरा | पंदनी | मयुरहण्ड | 28 | 444, 445 | 3.05 | 1.50 | 1650.00 |
| 17 | मयुरहण्ड टाल आहर | मयुरहण्ड | मयुरहण्ड | मयुरहण्ड | 180 | 5980 | 31.86 | 19.11 | 18500.00 |
| | | | प्रखण्ड : चतरा | | | | | | |
| 1 | टुडाग आहर–I | टुडाग | आरा | चतरा | 69 | 215 | 0.63 | 0.40 | 3000.00 |
| 2 | कामत आहर | कामत | हफुआ | चतरा | 04 | 04 | 3.13 | 1.87 | 3000.00 |
| 3 | दारियातु– II | दारियातु | लोवागढ़ा | चतरा | 68 | 1454, 1455 | 3.66 | 1.50 | 2100.00 |
| 4 | सेल आहर | सेल | पकरिया | चतरा | 36 | 208 | 0.33 | 0.13 | 1550.00 |
| 5 | देवरिया आहर– II | देवरिया | टिकर | चतरा | 128 | 478 | 0.76 | 0.20 | 450.00 |
| 6 | देवरिया आहर– I | देवरिया | टीकर | चतरा | 45 | 474,475 | 2.56 | 1.00 | 1600.00 |
| 7 | खरीक आहर– III | खरीक | लेवागढा | चतरा | 103 | 906,907 | 0.67 | 0.30 | 1000.00 |
| 8 | सिंघपुर आहर | सिंघपुर | लेम्हे | चतरा | 15 | 243 | 0.63 | 0.24 | 1700.00 |
| 9 | धनहा आहर | उँटा | लोवागढ़ा | चतरा | 42 | 42, 43 | 0.97 | 0.40 | 1200.00 |
| 10 | टुडाग आहर–II | टुडाग | आरा | चतरा | 69 | 215 | 0.63 | 0.40 | 1700.00 |
| 11 | मोकतमा आहर–II | मोकतमा | मोकतमा | चतरा | 61 | 278, 279 | 1.40 | 0.60 | 2200.00 |
| 12 | लेम्हे आहर | लेम्हे | लेम्हे | चतरा | 105 | 720 | 1.25 | 0.90 | 2100.00 |
| 13 | माईल आहर | माईल | बरैनी | चतरा | 34 | 196, 197 | 0.81 | 0.60 | 3500.00 |
| 14 | लुपंगा आहर | लुपंगा | लेम्हे | चतरा | 47 | 135,122 | 3.60 | 2.00 | 2400.00 |
| 15 | मायापुर आहर | मायापुर | लेम्हे | चतरा | 95 | 1166, 1167 | 2.06 | 1.50 | 7000.00 |
| 16 | तरोग आहर | तरोग | मोकतमा | चतरा | 12 | 143 | 1.00 | 0.50 | 2400.00 |
| 17 | टिकुलिया आहर | टिकुलिया | हफुआ | चतरा | 06 | 104 | 0.50 | 0.20 | 1800.00 |
| 18 | गेरूआ आहर | – | हफुआ | चतरा | – | – | – | – | 1800.00 |
| 19 | बरतपुर आहर | बरतपुर | आरा | चतरा | 02 | 16, 17 | 0.30 | 0.20 | 1600.00 |
| 20 | छठा आहर | डमडोईया | टीकर | चतरा | 79 | 1228 | 2.31 | 1.00 | 2200.00 |
| 21 | भोज्या आहर–I | भोज्या | लेम्हे | चतरा | 128 | 899 | 9.75 | 6.50 | 63000.00 |
| 22 | भोज्या आहर–II | भोज्या | लेम्हे | चतरा | 103 | 395 | 0.92 | 0.40 | 3150.00 |
| 23 | खरीक आहर–II | खरीक | लोवागढा | चतरा | 103 | 300 | 3.07 | 2.00 | 2200.00 |
| 24 | गलगलवा आहर | कच्चा | मोकतमा | चतरा | 37 | 43 | 2.00 | 1.50 | 4700.00 |
| | | | प्रखण्ड : कुन्दा | | | | | | |
| 1 | कोरहास आहर | कोरहास | बनियाडीह | कुन्दा | – | – | 1.00 | 0.50 | 1100.00 |
| 2 | बेसरा आहर | बेसरा | कुन्दा | कुन्दा | 01 | 24 | 3.50 | 2.50 | 1100.00 |
| 3 | बरमा आहर | बरमा | कुन्दा | कुन्दा | 01 | 63 | 3.50 | 2.75 | 1100.00 |
| 4 | माझीपारा आहर | माझीपारा | कुन्दा | कुन्दा | 49 | 668 | 1.50 | 1.00 | 1100.00 |
| 5 | बोधाडीह आहर | बोधाडीह | कुन्दा | कुन्दा | 03 | 288 | 4.00 | 3.00 | 1600.00 |
| 6 | काषिलौंग आहर | काषिलौंग | कुन्दा | कुन्दा | 01 | 172 | 4.00 | 3.00 | 1800.00 |
| 7 | बन्दा आहर | बन्दा | कुन्दा | कुन्दा | 01 | 75 | 4.00 | 3.00 | 1800.00 |
| 8 | मुन्नी दोहर आहर | – | कुन्दा | कुन्दा | 01 | 335 | 2.25 | 1.75 | 1800.00 |
| 9 | पोटमदोहर आहर | पोटम | कुटील | कुन्दा | 05 | 175 | 3.00 | 2.5 | 1600.00 |
| 10 | बधौता आहर | बधौता | कुटील | कुन्दा | 01 | 08 | 1.25 | 0.80 | 1100.00 |
| 11 | विषनापुर आहर | विषनापुर | कुन्दा | कुन्दा | 02 | 11 | 0.89 | 0.45 | 1100.00 |
| 12 | षिव सागर ठैंक | कुन्दा | कुन्दा | कुन्दा | 111 | 683 | 1.80 | 1.00 | 2100.00 |
| 13 | खुटेर बॉध आहर | कुन्दा | कुन्दा | कुन्दा | 01 | 544 | 6.75 | 4.50 | 1100.00 |
| 14 | कुसुम्भा आहर | कुन्दा | कुन्दा | कुन्दा | 01 | 71,73 | 1.50 | 1.00 | 3000.00 |
| 15 | लोटवा आहर | लोटवा | सिकीद | कुन्दा | 01 | 270 | 1.50 | 1.00 | 3200.00 |
| 16 | पचम्बा आहर | पचम्बा | – | कुन्दा | 13 | 69 | 1.35 | 0.80 | 2600.00 |
| 17 | हिन्दीया आहर | हिन्दीया | – | कुन्दा | 01 | 34, 35 | 2.50 | 1.50 | 3150.00 |
| | | | प्रखण्ड : सिमरिया | | | | | | |
| 1 | गांगी जमुनी आहर | बगरा | – | सिमरिया | 131 | 08 | 0.25 | 0.10 | 1550.00 |
| 2 | कुटी रेगनिया आहर | कुटी | जबड़ा | सिमरिया | 01 | 1072 | 1.73 | 0.90 | 1700.00 |
| 3 | गुरी आहर | जबड़ा | जबड़ा | सिमरिया | 34 | 430 | 1.56 | 1.00 | 1200.00 |
| 4 | लाल सिंगरा आहर | जबड़ा | जबड़ा | सिमरिया | – | – | 1.00 | 0.40 | 1100.00 |
| 5 | देवी मण्डप पोखर | सिकरी | पुण्डरा | सिमरिया | 1,2 | 245,483 | 0.50 | 0.10 | 2100.00 |
| 6 | कटिया आहर | कटिया | डाडी | सिमरिया | 1,2 | 245,483 | 0.50 | 0.20 | 1800.00 |
| 7 | हर्षनाथपुर आहर | हर्षनाथपुर | बन्हें | सिमरिया | 60 | 169 | 56.50 | 12.00 | 7000.00 |
| 8 | सवानों टैंक | स्वानो | स्वानो | सिमरिया | 80 | 753 | 0.80 | 0.60 | 3150.00 |
| 9 | डंबकलवा आहर | डाडी | डाडी | सिमरिया | 117 | 419 | 1.02 | 1.00 | 6200.00 |
| 10 | नारा पोखर | बारा | सिमरिया | सिमरिया | 114 | 149 | 2.55 | 1.53 | 28000.00 |
| | | | प्रखण्ड : टण्डवा | | | | | | |
| 1 | चेपाटैंक–1I | तेसर | धनगढा | टण्डवा | 86 | 46 | 3.24 | 1.94 | 3000.00 |
| 2 | झझरीया आहर | गाड़ीलौंग | टण्डवा | टण्डवा | 161 | 362 | 0.72 | 0.35 | 2550.00 |
| 3 | रेकड़ा बौलिया आहर | ढेकहा | मिश्रौल | टण्डवा | 95 | 160 | 0.25 | 0.20 | 2100.00 |
| 4 | नवादा आहर | डहु | बड़गॉव | टण्डवा | 116 | 467,468 | 1.10 | 0.50 | 2600.00 |
| 5 | मासीलौंगा आहर | मासीलौंग | लरंगा | टण्डवा | 1 | 61 | 1.60 | 1.00 | 2100.00 |
| 6 | राजघर आहर | राजघर | बहेरा | टण्डवा | 29 | 101,98,22 | 0.60 | 0.50 | 2100.00 |
| 7 | रालतरी आहर | माडर | लरंगा | टण्डवा | 02 | 613 | 1.00 | 0.75 | 3150.00 |
| 8 | परसा आहर | कुटकी | बैती | टण्डवा | 281 | 345 | 1.20 | 0.60 | 1800.00 |
| 9 | तोरहद आहर | तोरहद | हेजदा | टण्डवा | 25 | 163,162 | 1.50 | 1.00 | 2100.00 |
| 10 | सिदालु आहर | सिदालु | बहेरा | टण्डवा | 07 | 17,18 | 1.00 | 1.00 | 2100.00 |
| 11 | सलैया आहर | कल्याणपुर | बहेरा | टण्डवा | 181 | 576,577 | 1.00 | 0.80 | 2100.00 |
| 12 | विजैन आहर | बिड़ान | बहेरा | टण्डवा | 31 | 316,317 | 1.25 | 1.00 | 2650.00 |
| 13 | पुरनी आहर | – | – | टण्डवा | 282 | – | 10.25 | 8.00 | 2100.00 |
| 14 | बेलवा आहर | बीर–बीर | धनगड्डा | टण्डवा | 49 | 316.317 | 1.19 | 0.50 | 1800.00 |
| 15 | नई सराय आहर–1 | नई पारम | टण्डवा | टण्डवा | 134 | 1659 | 1.00 | 0.80 | 2100.00 |
| 16 | अरिहारा आहर | दारीदाग | धनगड्डा | टण्डवा | 42 | 221,220, | 1.56 | 1.00 | 2100.00 |
| 17 | झरीमान आहर | सिदालु | बहेरा | टण्डवा | 11 | 103 | 2.32 | 2.00 | 3150.00 |
| 18 | फुलवरिया तालाब | फुलवरिया | मिश्रौल | टण्डवा | 107 | 262,270 | 1.66 | 0.60 | 3150.00 |
| 19 | खैरा आहर | कल्याणपुर | ब्हेरा | टण्डवा | 37 | 177,179 | 3.00 | 2.50 | 3150.00 |
| 20 | प्रखण्ड मुख्यालय आहर | टण्डवा | टण्डवा | टण्डवा | 1810 | 1242,1248 | 1.00 | 0.45 | 2100.00 |
| 21 | मासीलौंग आहर | टण्डवा | लरंग | टण्डवा | 01 | 229 | 0.80 | 0.40 | 2650.00 |
| 22 | मोहर बॉध आहर | वेती | वेती | टण्डवा | 45 | 911 | 0.50 | 0.20 | 1650.00 |
| 23 | पुसा मुड़वार आहर | – | – | टण्डवा | 1610 | 142,1290 | 3.00 | 2.50 | 4700.00 |
| 24 | विजु आहर | – | – | टण्डवा | 282 | 709, 708 | 0.60 | 0.20 | 1100.00 |
| 25 | नई पारम आहर –2 | नई पारम | टण्डवा | टण्डवा | 134 | 1353 | 0.60 | – | 1100.00 |
| 26 | मुरूआ आहर | धनगड्डा | धनगड्डा | टण्डवा | – | 405 | 4.05 | 2.00 | 3150.00 |
| 27 | राहम आहर | राहम | लरंग | टण्डवा | 84 | 1488 | 1.55 | 0.80 | 2650.00 |
| 28 | हेचाबौलिया आहर | – | – | टण्डवा | 38 | 214 | 1.20 | 0.50 | 3150.00 |
| 29 | बुच्चीजाति आहर | कामता | सराढु | टण्डवा | 104 | 235 | 1.20 | 0.75 | 1600.00 |

**डाक के आवश्यक शर्त्ते निम्नांकित है :–**

1. डाक में भाग लेने वाले व्यक्तियों को सुरक्षित जमा राशि का 10 प्रतिशत अग्रधन के रूप में डाक बोलने के पूर्व जमा करना होगी। डाक की समाप्ति के बाद उच्चतम डाक वक्ता के अग्रधन राशि को बन्दोबस्ती राशि में समायोजित कर ली जाएगी, शेष अन्य डाक वक्ताओं के अग्रधन राशि को लौटा दी जाएगी।
2. उच्चतम डाक वक्ता को डाक समाप्ति के तुरन्त बाद डाक की पूर्ण राशि जमा करनी होगी, अन्यथा अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी तथा डाक में व्यवधान पैदा करने के आरोप में उनके विरूद्व आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
3. अद्योहस्ताक्षरी को किसी भी डाक को रद्द अथवा सम्पूर्ण डाक को स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
4. मत्स्य पालन एवं शिकारमाही का प्रवाना सक्षम पदाधिकारी से बन्दोबस्ती की स्वीकृति एवं एकरारनामा सम्पन्न होने के बाद निर्गत किया जाएगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, चतरा

PR 342904 Fish(24-25)#D

# प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से 17 बच्चे सम्मानित किये गये

## राष्ट्रपति ने दिया पुरस्कार, भारत मंडप में बच्चों से मिले प्रधानमंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में 17 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया। इस बार 14 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 17 बच्चों को इस पुरस्कार के लिए चुना गया था। इनमें 7 लड़के और 10 लड़कियां शामिल हैं। बाल पुरस्कार सात कैटेगरी में दिये गये हैं। जिसमें कला और संस्कृति, बहादुरी, नवाचार (इनोवेशन), सामाजिक सेवा, विज्ञान प्रौद्योगिकी, खेल शामिल है। खेल कैटेगरी से चर्चित नाम तीन साल के अनीश सरकार का है। जो फिडे (वर्ल्ड चेस फेडरेशन) रैंकिंग हासिल करने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के शतरंज प्लेयर हैं। उधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित वीर बाल दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में मोदी ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार विजेताओं से मुलाकात की। मोदी ने कहा कि वीर बाल दिवस हमें प्रेरणाओं से भरता है। नये संकल्पों के लिए प्रेरित करता है। मैंने लाल किले से भी कहा था कि अब बेस्ट ही हमारा स्टैंडर्ड होना चाहिए। हमारे युवा जिस सेक्टर में हों वहां बेस्ट का प्रयास करें। इतिहास से वर्तमान तक, भारत की प्रगति में हमेशा युवा ऊर्जा की बड़ी भूमिका रही है। आजादी की लड़ाई से लेकर 21वीं सदी के जनांदोलनों तक, भारत के युवा ने हर क्रांति में अपना योगदान दिया है।






### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2024

| नाम | राज्य | वर्ग |
|---|---|---|
| आदित्य विजय ब्रम्हणे | महाराष्ट्र | वीरता |
| अनुष्का पाठक | उत्तर प्रदेश | कला एवं संस्कृति |
| अरिजीत बनर्जी | पश्चिम बंगाल | कला एवं संस्कृति |
| अरमान उबरानी | छत्तीसगढ़ | कला एवं संस्कृति |
| हेतवी कांतिभाई खिमसूरिया | गुजरात | कला एवं संस्कृति |
| इशफाक हामिद | जम्मू एवं कश्मीर | कला एवं संस्कृति |
| एमडी हुसैन | बिहार | कला एवं संस्कृति |
| पेंड्याला लक्ष्मी प्रिया | तेलंगाना | कला एवं संस्कृति |
| सुहानी चौहान | दिल्ली | नवाचार |
| आर्यन सिंह | राजस्थान | विज्ञान प्रौद्योगिकी |
| अवनीश तिवारी | मध्य प्रदेश | सामाजिक सेवा |
| गरिमा | हरियाणा | सामाजिक सेवा |
| ज्योत्सना अख्तर | त्रिपुरा | सामाजिक सेवा |
| संयम मजूमदार | असम | सामाजिक सेवा |
| आदित्य यादव | उत्तर प्रदेश | खेल |
| चार्वी ए | कर्नाटक | खेल |
| जेसिका नेयी सरिंग | अरुणाचल प्रदेश | खेल |
| लिन्थोई चनांबम | मणिपुर | खेल |
| आर सूर्य प्रसाद | आंध्र प्रदेश | खेल |

## सुम अस्पताल में पहली एंडोस्कोप-सहायता प्राप्त एडेनोटॉन्सिलेक्टॉमी की गयी




आजाद सिपाही संवाददाता

**बरहामपुर।** एक अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल करते हुए, सीतालपल्ली के सुम अस्पताल ने एक पांच वर्षीय लड़के पर कोब्लेशन और डेब्राइडर का उपयोग करके एंडोस्कोप-सहायता प्राप्त एडेनोटॉन्सिलेक्टॉमी सफलतापूर्वक की है, जो जन्म से ही सांस लेने में संघर्ष कर रहा था। इस क्षेत्र में पहली बार की गयी अभिनव प्रक्रिया को अस्पताल के इएनटी विभाग के प्रमुख डॉ प्रियजीत पाणिग्रही ने अंजाम दिया। युवा रोगी, मुंह खोलकर सांस लेने के लिए मजबूर था और गंभीर श्वसन संकट के लक्षणों के साथ, उसे अस्पताल के इएनटी बाह्य रोगी विभाग में लाया गया था। मूल्यांकन करने पर उसे ग्रेड 4 टॉन्सिल और ग्रेड 3 एडेनोइड का निदान किया गया, जिससे वायुमार्ग में लगभग पूर्ण रुकावट आ गयी थी। डॉ पाणिग्रही ने सामान्य एनेस्थीसिया के तहत हार्मोनिक टॉन्सिलेक्टॉमी के साथ संयुक्त एंडोस्कोप-सहायता प्राप्त पावर्ड एडेनोइडेक्टॉमी की सिफारिश की। यह उन्नत सर्जिकल दृष्टिकोण सटीक एंडोस्कोपिक मार्गदर्शन के तहत एडेनोइड ऊतक को पूरी तरह से हटाने को सुनिश्चित करता है, जो पारंपरिक तकनीकों की तुलना में पुनरावृत्ति के जोखिम को काफी कम करता है। उन्होंने बताया कि डेब्राइडर और एंडोस्कोपिक विजन का उपयोग करने से पूर्ण निष्कासन सुनिश्चित हुआ और रोगी के लिए जीवन की गुणवत्ता में सुधार हुआ। अस्पताल के निदेशक देबा प्रसाद दाश ने सर्जरी को सफल बताया और कहा कि रोगी अब बिना किसी श्वसन संकट के स्वतंत्र रूप से सांस लेने में सक्षम है। दाश ने कहा, यह मामला न्यूरोसर्जरी से लेकर ऑन्कोलॉजी और अब उन्नत इएनटी प्रक्रियाओं तक के विभागों में जटिल मामलों को संभालने की हमारी क्षमता को दर्शाता है।

## ओड़िशा कमिश्नरेट पुलिस ने नये साल और जीरो नाइट समारोह के लिए यातायात सलाह जारी की



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कमिश्नरेट पुलिस ने शून्य रात्रि समारोह और नववर्ष 2025 से पहले कटक और भुवनेश्वर शहरों में यातायात सलाह जारी की। नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण चेक पोस्टों पर चेकिंग और नाकाबंदी की जायेगी। पुलिस विशेष रूप से नशे में गाड़ी चलाने और छेड़छाड़ पर ध्यान केंद्रित करेगी। नशे में गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। अगर नशे में वाहन चलाने वाले लोग नियमित यातायात की स्थिति को बाधित करते पाए गए तो उन्हें हिरासत में लिया जायेगा। कमिश्नरेट पुलिस ने आगे कहा कि सार्वजनिक स्थान पर जीरो नाइट पार्टी करने के लिए पुलिस की अनुमति आवश्यक है। सीसीटीवी से जुड़वां शहरों की निगरानी की जायेगी। सभी थाना प्रभारियों को सख्त चेतावनी दी गयी है। जुड़वां शहरों में सुरक्षा बल तैनात किए जायेंगे, ऐसा पुलिस आयुक्त एस देव दत्ता सिंह ने बताया।

# ओड़िशा के तैराकों ने दक्षिण अफ्रीका में कई पदक जीते



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा की तैराक सृष्टि उपाध्याय और मन्नत मिश्रा ने हाल ही में दक्षिण अफ्रीका में क्वाजुलू-नताल (केजेडएन) शॉर्ट कोर्स तैराकी चैंपियनशिप में हलचल मचा दी, जहां उन्होंने क्रमशः महिलाओं की 100 मीटर बटरफ्लाई और 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक श्रेणियों में नया सर्वश्रेष्ठ भारतीय प्रदर्शन किया। सृष्टि उपाध्याय ने 1:02.53 समय लेकर दिव्या सतीजा के 1:02.78 के मौजूदा रिकार्ड को बेहतर बनाया, जबकि मन्नत मिश्रा ने 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में 1:12.90 समय लेकर चाहत अरोड़ा के 1:13.13 के रिकार्ड को बेहतर बनाकर सर्वश्रेष्ठ भारतीय प्रदर्शन दर्ज किया। प्रिटोरिया में दक्षिण अफ्रीका के टक्सस्पोर्ट हाई परफॉरमेंस सेंटर में आयोजित दो सप्ताह के एक्सपोजर कैंप के लिए ओड़िशा आईआईएस तैराकी हाई परफॉरमेंस सेंटर से चुने गये 11 तैराकों सहित 14 सदस्यीय टीम का हिस्सा, ओड़िशा के तैराकों ने प्रांतीय चैंपियनशिप में अपना दबदबा कायम करते हुए नौ स्वर्ण पदकों सहित कुल 31 पदक जीते। ओडिशा आईआईएस तैराकी उच्च प्रदर्शन केंद्र (एचपीसी) में एशियाई खेलों के पदक विजेता और अर्जुन पुरस्कार विजेता संदीप सेजवाल के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण लेते हुए तैराकों ने लगातार प्रगति की है और इस तरह के प्रदर्शन कार्यक्रमों से उन्हें और अधिक लाभ मिलेगा। सेजवाल बताते हैं, चैंपियन बनाने के लिए हमें चैंपियन के लिए माहौल बनाने की जरूरत है और इसीलिए एचपीसी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस आयोजन में हमने ओड़िशा के तैराकों के लिए पहला राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी हासिल किया, हमें उम्मीद है कि इसका ओड़िशा के बाकी तैराकी समुदाय पर बहुत बड़ा और सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा क्योंकि तैराक खुद पर विश्वास करना शुरू कर देंगे कि वे भी सृष्टि और मन्नता की तरह राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय चैंपियन बन सकते हैं। सृष्टि और मन्नता के अलावा, भुवनेश्वर की 11 वर्षीय श्रेयसी दास ने छह स्पर्धाओं में से पांच पदक जीते, जिसमें तीन स्वर्ण पदक शामिल हैं। यह उसकी पहली अंतरराष्ट्रीय यात्रा और प्रतियोगिता थी और यह उपलब्धि इस युवा खिलाड़ी के लिए आत्मविश्वास बढ़ाने वाली है। वह केवल सात साल की थी जब उसने भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में समर कैंप के लिए दाखिला लिया। बहुत कम समय में श्रेयसी ने स्टेट एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में सात पदक और इस साल की शुरूआत में सब-जूनियर नेशनल एक्वेटिक्स चैंपियनशिप के 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक इवेंट में रजत पदक जीतकर अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। उसकी प्रगति के बारे में बात करते हुए, उसकी मां स्मिता दास ने कहा, पिछले आठ महीनों से, ओड़िशा आईआईएस तैराकी उच्च प्रदर्शन केंद्र उसका प्रशिक्षण मैदान रहा है और देखिए कि यह कैसे आगे बढ़ रहा है। उसे प्रशिक्षण के लिए अंतरराष्ट्रीय अनुभव (दक्षिण अफ्रीका में) मिला है, और वह मुख्य दल में है और उसने जिन छह स्पर्धाओं में भाग लिया है, उनमें से पांच में पदक जीते हैं। एचपीसी अपने दृष्टिकोण में बहुत पेशेवर है, वे एक फिजियो और अन्य सहायक कर्मचारी सदस्य प्रदान करते हैं। वे तैराकों की प्रगति और भलाई की निगरानी के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच भी करते हैं। ओड़िशा आईआईएस तैराकी एचपीसी में प्रशिक्षण के लिए चुने जाने से पहले ही श्रेयशी कलिंगा स्टेडियम के एक्वेटिक सेंटर में प्रशिक्षण ले रही हैं और अपने कौशल को निखार रही हैं। उनकी मां के अनुसार, 2025 के लिए उनका लक्ष्य अपने समय को बेहतर बनाना और भारतीय राष्ट्रीय टीम की नियमित सदस्य बनना और अधिक अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में भाग लेना है।

# टीपीडब्ल्यूडीएल ने जंगली जानवरों के अवैध शिकार को रोकने के लिए कई कदम उठाये



आजाद सिपाही संवाददाता

**बुर्ला।** टीपी वेस्टर्न ओड़िशा डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टीपीडब्ल्यूडीएल) ने पश्चिमी ओड़िशा के 47,000 वर्ग किलोमीटर के भौगोलिक क्षेत्र में बिजली वितरण के लिए बुनियादी ढांचा तैयार किया है। इस विद्युत वितरण के लिए उपयोग की जाने वाली विद्युत आपूर्ति लाइन कई स्थानों पर जंगल के माध्यम से एक छोर से दूसरे छोर तक खींची गयी है। इसका फायदा उठाकर कुछ बेईमान लोग घने जंगल में बिजली लाइन में हुक लटकाकर और तार बिछाकर अवैध रूप से जंगली जानवरों का शिकार कर रहे हैं। इसलिए पश्चिमी ओड़िशा विद्युत वितरण कंपनी ने बिजली के माध्यम से जंगली जानवरों के अवैध शिकार को रोकने के लिए कई उपाय किये हैं। कंपनी पश्चिमी ओड़िशा के विभिन्न हिस्सों में पोस्टर और बैनर लगा रही है, पत्रक वितरित कर रही है, लाउड स्पीकर घोषणा के माध्यम से लोगों को सूचित कर रही है, आदि। राज्य वन विभाग के कर्मचारियों और हमारी कंपनी के फील्ड कर्मचारियों के समन्वय से हाथियों की आवाजाही पर नजर रखी जा रही है। निगरानी की जा रही है और अलग-अलग समय पर बिजली आपूर्ति भी काट दी गयी है। इस वर्ष ऐसे 500 नुक्कड़ नाटकों की योजना तैयार की गयी है। जिसमें से पिछले दो महीनों में कंपनी पश्चिमी ओड़िशा के 200 अलग-अलग स्थानों पर इन नुक्कड़ नाटकों का आयोजन कर चुकी है। इसके माध्यम से संबलपुर, कालाहांडी, नुआपाड़ा जिलों के लगभग हजारों लोगों में जंगली जानवरों के अवैध शिकार को रोकने के लिए जन जागरूकता पैदा की गयी है। इसी तरह, पिछले साल भी कंपनी ने विभिन्न गांवों में नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया था, जहां वन्य जीव जानवरों का अवैध शिकार हुआ था। समाज के व्यापक हित में, ये नुक्कड़ नाटक पश्चिमी ओड़िशा के संवेदनशील क्षेत्रों में बिजली के माध्यम से जंगली जानवरों के अवैध शिकार को रोकने के विषय पर आधारित हैं। एक बिजली वितरण कंपनी के रूप में जनता और वंयजीवों की सुरक्षा भी हमारा प्राथमिक उद्देश्य है। टीपी वेस्टर्न ओड़िशा डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रवीण वर्मा ने कहा, हम सुरक्षा में उत्कृष्टता की यात्रा पर हैं और अपने कार्यस्थल और समाज में एक मजबूत सुरक्षा संस्कृति विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह ओड़िशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास का स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व आइजी सह भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने गुरुवार को रांची एयरपोर्ट पर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह ओड़िशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास से मुलाकात कर उनका स्वागत किया। लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि झारखंड के सक्रिय राजनीति में उनका पुनः आगमन झारखंड के लिए एक बेहद ही शुभ समाचार है। उनके आगमन से संपूर्ण भाजपा में उत्साह का माहौल है। उनके आने से पार्टी को निश्चित एक नयी ऊर्जा मिली है।


## भुवनेश्वर में अवैध बेदखली के खिलाफ बीएमसी कार्यालय के पास विक्रेताओं ने किया प्रदर्शन



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। भुवनेश्वर के नाल्को चौराहे पर हजारों की संख्या में अस्थायी दुकानदारों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने यहां नंदनकानन-जयदेव विहार मार्ग को जाम कर दिया और प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे शहर में यातायात बाधित हो गया है। उन्होंने अपनी अस्थायी दुकानों को अवैध रूप से हटाये जाने के विरोध में बीएमसी उत्तरी क्षेत्र कार्यालय के पास हड़ताल का आह्वान किया है। अस्थायी विक्रेताओं ने नौ गुना मांग रखते हुए भुवनेश्वर नगर निगम (बीएमसी) कार्यालय का घेराव किया। पुलिस मौके पर पहुंची और प्रदर्शनकारी विक्रेताओं को मनाने की कोशिश कर रही है। जानकारी के अनुसार, 24 दिसंबर को मेयर सुलोचना दास ने कहा कि 55 मार्गों से अपंजीकृत अस्थायी विक्रेताओं को हटाया जायेगा। बार-बार चेतावनी के बावजूद वे सड़क किनारे अपनी दुकानें खोल रहे हैं। शहर को सुंदर बनाने के प्रयास में विक्रेताओं को सड़क किनारे से हटाया जा रहा है।


















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**